अखबार नहीं आंदोलन

# प्रभात खबर

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

कोलकाता, शुक्रवार
12.12.2025
पौष कृष्ण 08 संवत 2082
पृष्ठ 12, मूल्य : ₹ 5
नगर संस्करण
वर्ष : 26, अंक : 338
रजिस्ट्रेशन : WBHIN/2000/2711
prabhatkhabar.com





स्पोर्ट्स | 11
जूनियर एशिया कप आज से वैभव सूर्यवंशी आकर्षण का केंद्र





देश-विदेश | 10
सेरेनर्जी : नमक से बनेगी ऊर्जा की नयी दुनिया





विशेष | 08
जहां रचनाएं फिर जन्म लेती हैं, शब्द लेते हैं सांस


### राज्य में चार नवंबर से शुरू हुआ था गणना फॉर्म वितरण और संग्रह का काम

# बंगाल में एसआइआर की अवधि नहीं बढ़ी, 16 को जारी होगी ड्राफ्ट लिस्ट

- पांच राज्यों और एक यूटी में एसआइआर की समयसीमा बढ़ी

**संवाददाता, कोलकाता/नयी दिल्ली**

**राज्य** में चार नवंबर से शुरू हुई मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रकिया गुरुवार को संपन्न हो गयी. चुनाव आयोग ने राज्य में एसआइआर के लिए समय सीमा में बढ़ोतरी नहीं की है. आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य में शत-प्रतिशत गणना फॉर्म बांटे गये हैं. इसमें से 99.96 फीसदी फॉर्म का डिजिटाइजेशन अब तक हो गया है. तय समय के अनुसार 16 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जायेगी. इस दिन मतदाताओं को पता चल जायेगा कि सूची में उनके नाम हैं कि नहीं. ऑनलाइन भी यह सुविधा उपलब्ध रहेगी.

साथ ही सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को ड्राफ्ट लिस्ट की कॉपी दी जायेगी. ऑनलाइन से जानकारी पाने के लिए मतदाता को इलेक्टोरल रोल में डीइओ सीइओ की वेबसाइट पर जाना होगा. सूत्रों के मुताबिक, जिन लोगों के नाम छूट रहे हैं, उनकी जानकारी 16 दिसंबर के बाद पॉलिटिकल पार्टियों को दी जायेगी. **बाकी पेज 10 पर**



अधिकारियों के साथ बैठक करते सीइओ मनोज कुमार अग्रवाल.

### सीइओ ने चुनाव के लिए समन्वय बैठक की

**कोलकाता.** राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीइओ) मनोज अग्रवाल ने अपने कार्यालय में गुरुवार को राज्य और केंद्र के अलग-अलग 25 प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. इस बैठक में राज्य पुलिस के डीजीपी राजीव कुमार, पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा से लेकर इडी, बीएसएफ, एसएसबी, सीआइएसएफ, आरपीएफ, आयकर, इनकम टैक्स, एनफोर्समेंट ब्रांच, कस्टम कमिश्नर, रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, कोस्ट गार्ड, एयरपोर्ट, वन और डाक विभाग के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी शामिल थे. बताया जा रहा है कि यह बैठक विधानसभा चुनाव से पहले तैयारियों को लेकर बुलायी गयी थी. आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, यह एक नियमित बैठक थी. इस बैठक सभी विभाग के अधिकारियों से चुनाव से पहले अलग-अलग इलाकों के हालात की जानकारी ली गयी.

## मतदाता सूची से कट सकते हैं 58 लाख से अधिक नाम

**संवाददाता, कोलकाता**

**राज्य** की मतदाता सूची से 58 लाख आठ हजार 202 लोग बाहर हो सकते हैं.चुनाव आयोग के मुताबिक, अब तक राज्य में मृतक वोटरों की संख्या 24 लाख 18 हजार 699 है. इसके अलावा 12 लाख एक हजार 462 लोगों का पता नहीं चल पाया है. अगर संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर किसी वोटर के घर उसकी तलाश में तीन या उससे ज्यादा बार जाता है, लेकिन उसके बाद भी वोटर नहीं मिलता है, तो उसे लापता लिस्ट में रखा जाता है. राज्य में कुल 19 लाख 93 हजार 87 मतदाताओं ने अपना पता बदल लिया है. उनके नाम एक से ज्यादा जगहों की वोटर लिस्ट में थे. उनके नाम एक ही जगह पर रखकर बाकी जगहों से हटा दिया जायेगा. आयोग ने अब तक राज्य में कुल एक लाख 37 हजार 575 फर्जी मतदाताओं की पहचान की है. उनके नाम भी ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं होंगे. इसके अलावा 57 हजार 509 लोगों को अन्य सूची में रखा गया है, इनका नाम भी बाहर कर दिया जायेगा.

16 दिसंबर को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट प्रकाशित की जायेगी. अगर लिस्ट में कोई शिकायत या गलती है, तो आयोग को इसकी सूचना दी जा सकती है. उसी आधार पर सुनवाई होगी. कमीशन सबूतों को वेरिफाई करने के बाद फाइनल लिस्ट तैयार करेगा. इसका प्रकाशन 14 फरवरी को होगा. सूत्रों के अनुसार आयोग ने वोटरों को तीन लिस्ट में बांटा है. इसमें स्वतः मैपिंग, प्रजिनी मैपिंग और नॉन-मैपिंग हैं. जिनके नाम 2002 की वोटर लिस्ट में थे (राज्य में आखिरी एसआइआर 2002 में हुआ था) उन्हें स्वतः मैपिंग लिस्ट में शामिल किया गया है.

**बाकी पेज 10 पर, देखें पेज 02 भी**

## अमित शाह 1.5 करोड़ मतदाताओं के नाम काटने के लिए दे रहे हैं निर्देश : मुख्यमंत्री

- ममता ने शाह को कहा 'खतरनाक', केंद्रीय गृह मंत्री को लेकर दिया विवादित बयान
- सीएम बोलीं : एक भी पात्र मतदाता का नाम हटाया गया तो अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जायेंगी

**संवाददाता, कोलकाता**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर हमला तेज करते हुए उन्हें 'खतरनाक' करार दिया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का इस्तेमाल 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले बंगाल के लाखों पात्र मतदाताओं के नाम गैरकानूनी तरीके से हटाने के लिए कर रहे हैं.

नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए सुश्री बनर्जी ने आरोप लगाया कि शाह मतदाता सूचियों से 'डेढ़ करोड़ नाम' हटाने की कोशिशों को सीधे तौर पर निर्देशित कर रहे हैं. मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि अगर मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के दौरान एक भी पात्र मतदाता का नाम हटाया गया, तो वह अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जायेंगी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का गृहमंत्री खतरनाक है. उनकी आंखों में यह साफ दिखता है. इसके साथ ही उन्होंने गृह मंत्री को लेकर विवादित बयान दिया. सुश्री बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2026 के विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले एसआइआर का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि वे वोटों के लिए इतने भूखे हैं कि उन्होंने एसआइआर शुरू कर दिया है. अगर किसी पात्र व्यक्ति का नाम कट जाता है तो मैं तब तक धरना दूंगी, जब तक नाम जुड़ नहीं जाता. पश्चिम बंगाल में कोई निरुद्ध केंद्र नहीं बनेगा. सुश्री बनर्जी ने दावा किया कि एसआइआर के दौरान जिलाधिकारियों पर डेढ़ करोड़ नाम काटे जाने का दबाव बनाया जा रहा है. उन्होंने कहाः बिहार में आपने ऐसा कर लिया होगा, लेकिन बंगाल में नहीं कर सकते.

**देखें पेज 02 भी**



कृष्णानगर में रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा.

### भाजपा के आइटी प्रकोष्ठ के कहने पर तैयार की जा रही है मतदाता सूची : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मसौदा मतदाता सूचियां भाजपा के आइटी प्रकोष्ठ के कहने पर तैयार की जा रही हैं. मुख्यमंत्री ने उन खबरों का हवाला दिया कि लोगों ने अपने दस्तावेजों के तौर पर दादा-दादी के नाम दिये थे, उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जायेगा और उनका नाम सूची से हटाया जा सकता है. उन्होंने कहा : अब हम सुन रहे हैं कि जिन्होंने अपने दादा-दादी के नाम दिये हैं, उन्हें बुलाया जायेगा और योजना यह है कि इन सुनवाइयों से सीधे नाम हटा दिये जायें. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए भाजपा से जुड़े अधिकारियों को तैनात कर रहा है. जिला प्रशासन को प्रभावित करने और एसआइआर की सुनवाइयों पर नजर रखने के लिए दिल्ली से ऐसे लोग भेजे जा रहे हैं. उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में स्थिति पर नजर रखने के लिए दिल्ली से भाजपा समर्थित कुछ लोगों को भेजा जा रहा है.

## क्विक बाइट्स

### दो कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बालाघाट.** मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले में सीआरपीएफ के कोरका शिविर में दो कुख्यात नक्सलियों दीपक और रोहित ने गुरुवार को आत्मसमर्पण किया. दीपक पर 29 लाख और रोहित पर 14 लाख रुपये का इनाम घोषित था. पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के अनुसार, दोनों लंबे समय से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थे और मुख्यधारा में लौटने की इच्छा जताई है. उ

### आर्किटेक्ट्स ऑफ एआइ चुना गया टाइम पर्सन ऑफ द इयर

**न्यूयॉर्क.** टाइम पत्रिका ने गुरुवार को आर्किटेक्ट्स ऑफ एआइ को 2025 के लिए पर्सन ऑफ द इयर नामित किया. पत्रिका ने 2025 को वह वर्ष बताया जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमता तेजी से सामने आयी और अब पीछे मुड़ने का सवाल ही नहीं है. टाइम पत्रिका ने गुरुवार को आर्किटेक्ट्स आफ एआइ को 2025 के लिए पर्सन आफ द ईयर नामित किया. पत्रिका ने जानबूझ कर तकनीक के बजाय उन व्यक्तियों को चुना, जिन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कल्पना की, उसे डिजाइन किया और विकसित किया. मुख्य संपादक सैम जैकब्स ने चयन को लेकर कहा कि हमने न केवल व्यक्तियों बल्कि समूहों का भी नाम लिया है.

### गोवा नाइट क्लब अग्निकांड

## लूथरा बंधु फुकेट में पकड़े गये भारत लाने की प्रक्रिया शुरू

**एजेंसियां, पणजी**

**गोवा** के अरपोरा स्थित नाइट क्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' में छह दिसंबर को लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के मामले में फरार क्लब के मालिकों सौरभ और गौरव लूथरा को थाइलैंड पुलिस ने फुकेट में हिरासत में लिया है. भारत सरकार के अनुरोध पर दोनों को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. दोनों के खिलाफ इंटरपोल ने पहले ही 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' जारी किया था. वहीं, दिल्ली की अदालत ने गुरुवार को लूथरा बंधुओं की ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है.

आग लगने के लगभग एक घंटे के भीतर लूथरा बंधु ने फुकेट के लिए टिकट बुक कर भारत छोड़ने की योजना बनायी थी. गिरफ्तारी की खबर आते ही हथकड़ी पहने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गयीं. इस बीच क्लब के सह-मालिक अजय गुप्ता को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है. गुप्ता का कहना है कि क्लब संचालन में उनकी कोई भूमिका नहीं थी और वे जांच में पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं.

**इंटरपोल ने जारी किया था ब्लू कॉर्नर नोटिस :** गोवा पुलिस ने घटना के तुरंत बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) से संपर्क कर सौरभ और गौरव लूथरा के खिलाफ इंटरपोल का ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करवाया.



पुलिस की हिरासत में लूथरा बंधु.

### लूथरा बंधु की ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका खारिज

दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को सौरभ और गौरव लूथरा की ट्रांजिट अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. बुधवार को आरोपियों ने थाइलैंड से दिल्ली लौटने के तुरंत बाद गिरफ्तारी से बचने के लिए चार सप्ताह की अग्रिम जमानत का अनुरोध किया था. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वंदना ने लूथरा बंधुओं की याचिका खारिज कर दी. सुनवाई के दौरान, गोवा के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा, 'वे भाग गये, छिप गये, और अब नरमी की गुहार लगा रहे हैं.' उन्होंने कहा कि लूथरा बंधुओं ने आग लगने की घटना के तुरंत बाद गोवा छोड़ दिया था और वे 'कानूनी प्रक्रिया से बच रहे हैं.'

## राज्यपाल ने खुद को बंगाल का दत्तक पुत्र बताया, राज्य का मतदाता बनेंगे

**संवाददाता, कोलकाता**

**राज्यपाल** सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को कहा कि वह बंगाल के साथ एक 'भावनात्मक जुड़ाव' साझा करते हैं और चाहते हैं कि उन्हें राज्य का 'दत्तक पुत्र' माना जाये क्योंकि उन्होंने अपने मतदाता पंजीकरण को राज्य में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की है.

राज्यपाल अपना मतदाता पहचान पत्र केरल से बंगाल स्थानांतरित करेंगे. चुनाव आयोग के सूत्रों के मुताबिक बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर ने गुरुवार को उन्हें इसके लिए जरूरी फॉर्म-8 सौंपा. राज्यपाल द्वारा दस्तावेज जमा करने के बाद उनका नाम इस राज्य की मतदाता सूची से जुड़ जायेगा. राज्यपाल केरल के कोट्टम के रहनेवाले हैं. वर्ष 2022 में वह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बनाये गये. किसी राज्य के राज्यपाल होने के नाते वह वहां के पहले नागरिक माने जाते हैं. इसलिए वह चाहें तो संबंधित राज्य के वोटर बन सकते हैं. चूंकि वह इस राज्य के मतदाता नहीं हैं, इसलिए उनके नाम पर कोई गणना फॉर्म नहीं था. सूत्रों के मुताबिक, एसआइआर के दौरान राजभवन से संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने इस राज्य का मतदाता बनने से इंकार कर दिया था.

**बाकी पेज 10 पर**



मतदाता पंजीकरण स्थानांतरित करने के लिए दस्तखत करते राज्यपाल.

### सीएम ने कहा- मैंने अभी तक नहीं भरा गणना प्रपत्र

**कृष्णानगर.** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली में कहा कि उन्होंने खुद अभी तक अपना गणना प्रपत्र नहीं भरा है. उन्होंने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा, 'क्या अब मुझे दंगाइयों की पार्टी को अपनी नागरिकता साबित करने की जरूरत है?' मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उन्होंने अपना एसआइआर गणना-प्रपत्र नहीं भरा है. उन्होंने घोषणा की कि वह ऐसा तभी करेंगी जब हर आम नागरिक का फॉर्म स्वीकार कर लिया जायेगा. उन्होंने कहा : एक बीएलओ मेरे आवास स्थित कार्यालय आये. लेकिन मैंने खुद कोई फॉर्म नहीं लिया है. क्या अब मुझे दंगा करने वालों की पार्टी के सामने अपनी नागरिकता साबित करनी होगी? गौरतलब है कि चुनाव आयोग के अधिकारी पहले ही साफ कर चुके हैं कि मौजूदा मुख्यमंत्री होने के नाते बनर्जी पहले से ही 'चिह्नित मतदाता' के तौर पर पंजीकृत हैं, जिस श्रेणी में प्रधानमंत्री, सभी मुख्यमंत्री और अन्य संवैधानिक पद पर बैठे लोग शामिल हैं, और कानूनी तौर पर उन्हें गणना-प्रपत्र जमा करने की जरूरत नहीं है.

### बांग्लादेश में 12 फरवरी को होगा आम चुनाव

**ढाका.** बांग्लादेश में 12 फरवरी, 2026 को आम चुनाव कराये जाएंगे. अगस्त 2024 में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन के बाद शेख हसीना की अवामी लीग सरकार सत्ता से बेदखल हुई थी.

मुख्य निर्वाचन आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने मतदान का समय सुबह 7:30 से शाम 4:30 तक बताया. नामांकन 29 दिसंबर तक, नामांकन जांच 30 दिसंबर से चार जनवरी तक होगी. चुनाव प्रचार 22 जनवरी से 10 फरवरी तक चलेगा.

**विस्तृत देश-विदेश पर**

## इंडिगो यात्रियों को देगी मुआवजा व ₹10,000 के ट्रैवल वाउचर

- 3 से 5 दिसंबर के दौरान घंटों तक फंसे यात्रियों के लिए की घोषणा
- डिपार्चर से 24 घंटे के भीतर रद्द उड़ानों पर अलग से 5,000-10,000 रुपये का भुगतान होगा

**एजेंसियां, नयी दिल्ली**

**इंडिगो** ने हालिया ऑपरेशनल संकट पर दिल्ली हाइकोर्ट के निर्देश के बाद यात्रियों को मुआवजे का एलान किया है. एयरलाइन ने गुरुवार को एक्स पर जारी बयान में कहा कि कैंसिल हुई उड़ानों के लिए सभी आवश्यक रिफंड प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है और अधिकांश यात्रियों के खाते में राशि भी पहुंच गयी है. शेष रिफंड जल्द जारी हो जायेगा. ट्रैवल एजेंटों के माध्यम से बुकिंग कराने वालों के लिए भी रिफंड प्रक्रिया चालू है. गुरुवार को इंडिगो ने स्वीकार किया कि 3, 4 और 5 दिसंबर को कई यात्रियों को हवाई अड्डों पर भारी भीड़ और तकनीकी व्यवधान के चलते घंटों इंतजार करना पड़ा. ऐसे गंभीर रूप से प्रभावित यात्रियों को एयरलाइन 10,000 रुपये मूल्य के ट्रैवल वाउचर प्रदान करेगी, जिनका उपयोग अगले 12 महीनों राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय किसी भी इंडिगो उड़ान में किया जा सकेगा.

### यात्रियों को पांच से 10 हजार का मुआवजा भी

एयरलाइन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह वाउचर सरकारी दिशानिर्देशों के तहत मिलने वाले अनिवार्य मुआवजे के अतिरिक्त है. वहीं, सरकारी नियमों के अनुसार, डिपार्चर से 24 घंटे के भीतर रद्द की गई उड़ानों के यात्रियों को पांच से 10 हजार रुपये तक का भुगतान किया जाएगा, जो उड़ान के ब्लॉक टाइम पर निर्भर करेगा. इंडिगो ने कहा कि वह यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और विश्वसनीय यात्रा अनुभव लौटाने के प्रति प्रतिबद्ध है.

### डीजीसीए ने संचालन की निगरानी शुरू की

इंडिगो में बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द होने के बाद डीजीसीए ने गुरुवार से एयरलाइन के मुख्यालय में अधिकारियों को तैनात कर परिचालन, रिफंड और क्रू तैनाती की निगरानी शुरू कर दी है. अधिकारियों को दैनिक रिपोर्ट देने के निर्देश मिले हैं. डीजीसीए के निर्देश पर इंडिगो के सीइओ पीटर एल्बर्स विस्तृत स्थिति रिपोर्ट के साथ गुरुवार को डीजीसीए अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत भी हुए. निगरानी के लिए आठ सदस्यीय समिति बनायी गयी है.

### सॉल्टलेक स्टेडियम में आयोजित स्वागत समारोह में मौजूद रहेंगे अभिनेता शाहरुख खान

# कोलकाता से भारत का दौरा शुरू करेंगे मेसी

**संवाददाता, कोलकाता**

**फुटबॉल** जगत के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी के भारत दौरे की शुरुआत कोलकाता से होगी. मेसी करीब 14 साल पहले भारत आये थे. अब वह 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम टूर (जीओएटी) ऑफ इंडिया-2025' के लिए 13 दिसंबर को सीधे कोलकाता पहुंचेंगे. इसे लेकर यहां पर फैंस का साफतौर पर जुनून देखने को मिल रहा है. खास बात यह भी है कि इससे एक नाम किंग खान यानी शाहरुख खान का भी जुड़ गया है. उनके यहां सॉल्टलेक स्टेडियम में मेसी के स्वागत समारोह में मौजूद रहने की बात है.

लियोनल मेसी तीन दिन के लिए भारत में रहेंगे, जिसमें वह शनिवार को सीधे कोलकाता पहुंचेंगे. इसके बाद वह हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली जायेंगे. शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में इस बात की पुष्टि की है कि वह 13 दिसंबर को कोलकाता के सॉल्टलेक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे. उन्होंने लिखा कि इस बार कोलकाता में नाइट राइडर्स के मूड में नहीं रहूंगा. मैं उम्मीद करता हूं कि यह पूरा दिन मेसी के नाम हो. मैं आप सभी से 13 दिसंबर को सॉल्टलेक स्टेडियम में मिलूंगा.

सॉल्टलेक स्टेडियम में जीओएटी कप और एक बड़े कंसर्ट का आयोजन होगा. उसी दिन मेसी की 25 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण भी होगा. इस इवेंट में भारत के पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली, बाइचुंग भुटिया जैसे दिग्गज भी शामिल होंगे. कार्यक्रम को लेकर टिकट बिक्री भी शुरू हो गयी है. कोलकाता पहुंचने के बाद उसी दिन मेसी हैदराबाद के लिए रवाना हो जायेंगे, जिसके बाद 15 दिसंबर को वह मुंबई में एक सेलिब्रिटी फुटबॉल मैच भी खेलेंगे. वह 15 दिसंबर को ही दिल्ली में होंगे. वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे.





### साल 2011 में भी भारत आये थे मेसी

इससे पहले लियोनल मेसी साल 2011 में भारत आये थे, जो उनका पहला दौरा था. उस समय अर्जेंटीना की टीम ने सॉल्टलेक स्टेडियम में वेनेजुएला के खिलाफ एक मुकाबला खेला था, जिसमें उन्होंने 1-0 से जीत हासिल की थी.

## प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की फोन पर बातचीत, द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा

**एजेंसियां, नयी दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गुरुवार को फोन पर बातचीत हुई. इस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के प्रयासों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया. अधिकारियों ने बताया कि नेताओं ने व्यापार, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया. दोनों नेताओं ने साझा चुनौतियों का समाधान करने और साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई. पीएम मोदी और ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की भी समीक्षा की. दोनों नेताओं ने सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लगातार मजबूत होने पर संतोष व्यक्त किया. पीएम मोदी और ट्रंप ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के साझा प्रयासों में गति बनाये रखने के महत्व पर जोर दिया.



फाइल फोटो

**ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश :** अधिकारियों ने बताया कि दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा तथा अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जो 21वीं सदी के लिए भारत-अमेरिका 'कॉम्पैक्ट' (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना) के कार्यान्वयन के लिए महत्वपूर्ण हैं.

## इस्लामिक स्टेट से जुड़े कट्टरपंथ मामले में बंगाल समेत चार राज्यों में छापेमारी

**इडी की कार्रवाई**

**संवाददाता, कोलकाता**

प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आइएसआइएस) के एक 'घोर कट्टरपंथी' मॉड्यूल के खिलाफ आतंकवाद वित्तपोषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत गुरुवार को पश्चिम बंगाल समेत चार राज्यों में छापे मारे. इस दिन सुबह से शुरू हुई छापेमारी में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना व कोलकाता, महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र के गांवों, रत्नागिरी जिले, नयी दिल्ली और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली गयी. आतंकी समूह आइएसआइएस का यह अड्डा ठाणे के पाडघा गांव में था.

इडी अधिकारियों द्वारा चलाये गये अभियान के दौरान सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) के जवान साथ रहे. इधर, महाराष्ट्र में तलाशी के दौरान इडी की टीमों को राज्य के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) द्वारा सुरक्षा दी गयी. केंद्रीय एजेंसी ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है. उसने यह कार्रवाई राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) के नवंबर 2023 के उस आरोप-पत्र के आधार पर की है, जिसमें आरोप था कि कुछ व्यक्ति एक 'घोर कट्टरपंथी' इस्लामिक स्टेट से जुड़े मॉड्यूल का हिस्सा थे. साथ ही इस संगठन के लिए भर्ती, प्रशिक्षण, हथियार और विस्फोटक जुटाने और अपनी गतिविधियों को जारी रखने के लिए धन एकत्र करने में लगे थे. एनआइए ने इस मामले में कमजोर युवाओं को आइएसआइएस की विचारधारा में शामिल करने और उन्हें कट्टरपंथी बनाने की साजिश रचने तथा आइइडी बनाने के आरोप में 21 लोगों को आरोप-पत्र में सूचीबद्ध किया है. एनआइए के अनुसार, आरोपियों ने ग्रामीण ठाणे के पडघा गांव को 'अल शाम' नाम से एक 'मुक्त क्षेत्र' घोषित किया था. वे आसानी से प्रभावित होने वाले मुस्लिम युवाओं को अपने निवास स्थान से पडघा में स्थानांतरित होने के लिए प्रेरित कर रहे थे, ताकि वे अपने गुट को मजबूत कर सकें.

## तृणमूल के सांसदों ने नयी दिल्ली में किया विरोध प्रदर्शन




- केंद्रीय फंड पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग की

**एजेंसियां, कोलकाता/नयी दिल्ली**

तृणमूल सांसदों ने गुरुवार को नयी दिल्ली में पुराने संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. सांसदों की मांग है कि केंद्र सरकार मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पश्चिम बंगाल को मिले फंड का श्वेतपत्र जारी करे. विरोध में लोकसभा और राज्यसभा के कई सांसद हाथों में प्लेकार्ड लेकर खड़े हुए और नारेबाजी की. तृणमूल का आरोप है कि केंद्र सरकार जानबूझकर राज्य को मिलने वाले फंड में देरी कर रही है या उसे रोके हुए है. राज्यसभा की सदस्य सुष्मिता देव ने कहा कि यह मांग नयी नहीं है. मार्च 2024 में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को खुली बहस की चुनौती देते हुए केंद्र द्वारा बंगाल को दिये गये फंड पर श्वेतपत्र जारी करने को कहा था.

## प्रभा खेतान फाउंडेशन के कार्यक्रम में बहनों के साथ पहुंचे डॉ शशि थरूर

**संवाददाता, कोलकाता**

प्रभा खेतान फाउंडेशन द्वारा आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में सांसद डॉ शशि थरूर अपनी बहनें शोभा और स्मिता के साथ शामिल हुए. गुरुवार को प्रभा खेतान फाउंडेशन द्वारा जीडी बिरला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में निष्ठा गौतम से डॉ थरूर ने खुल कर अपनी पारिवारिक कहानियों को शेयर किया. इस दौरान उन्होंने अपनी बहनों के साथ खट्टी-मिठ्ठी यादों के साथ माता-पिता के साथ बिताये. प्रेरणादायी बातों से भी अवगत कराया, जो उन्हें प्रेरित करते रहे हैं. उन्होंने कहा कि हम एक साधारण परिवार के असाधारण मां की संतान हैं. उनके द्वारा दी गयी सीख हम भाई-बहनों को हर पल अन्याय के खिलाफ लड़ने की शक्ति प्रदान करती है.


कार्यक्रम में बहनों के साथ कांग्रेस सांसद शशि थरूर.

शशि थरूर इस बात पर गर्व करते हैं कि उनकी बहन शोभा पहली अमूल बेबी बनी थी. इसके बाद उनकी छोटी बहन स्मिता पहली रंगीन अमूल बच्ची बनी. संसद सदस्य शशि थरूर ने एक दिलचस्प लेख में एक दूध ब्रांड के साथ अपने परिवार के व्यक्तिगत जुड़ाव को भी साझा किया.

कार्यक्रम की होस्ट निष्ठा गौतम ने डॉ थरूर की बहन लेखिका शोभा थरूर श्रीनिवासन ने भी अपने और अपने भाई के साथ अपने द्वारा लिखे गये किताबों की जानकारी दी. उन्होंने भारत और अमेरिका में लीडिंग पब्लिशिंग हाउसेज के लिए कई किताबें लिखी हैं. इस कार्यक्रम में 68 वर्षीय श्री थरूर ने खूब सुर्खियां बटोरी.

### डीइओ-इआरओ को फटकार. 31 दिसंबर तक सर्वे कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश

# बहुमंजिली इमारतों में मतदान केंद्र के प्रस्ताव नहीं मिलने पर आयोग नाराज

**संवाददाता, कोलकाता**

विधानसभा चुनाव से पहले बहुमंजिली इमारतों के भीतर मतदान केंद्र बनाने के प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया न मिलने पर चुनाव आयोग ने डीइओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) और इआरओ (नामांकन पंजीकरण अधिकारी) के प्रति कड़ा रुख अपनाया है. आयोग ने साफ कहा है कि अब तक एक भी प्रस्ताव न भेजा जाना अत्यंत गंभीर चूक है. सीइओ कार्यालय को भेजे गये नोटिस में आयोग ने स्पष्ट किया है कि पर्याप्त संख्या में मतदान केंद्र उपलब्ध कराना जिला अधिकारियों की जिम्मेदारी है.

पश्चिम बंगाल से अब तक कोई प्रस्ताव नहीं भेजा जाना इस जिम्मेदारी के उल्लंघन के बराबर माना गया है. आयोग ने निर्देश दिया है कि मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के बाद यानी 16 दिसंबर से सभी जिलाधिकारी बहुमंजिली इमारतों, समूह आवास परिसरों, आवास संघों और बस्ती क्षेत्रों का तत्काल सर्वे करें. जिन परिसरों में कम से कम 250 घर या 500 मतदाता हैं, वहां ग्राउंड फ्लोर पर उपलब्ध कमरों का विवरण जुटाकर मतदान केंद्र के लिए स्थान चिह्नित करना अनिवार्य होगा. साथ ही बस्ती इलाकों में अतिरिक्त मतदान केंद्रों की आवश्यकता का भी आकलन करने को कहा गया है. सभी प्रस्ताव 31 दिसंबर तक आयोग को भेजने होंगे.

उधर, तृणमूल कांग्रेस पहले ही इस विचार का विरोध जता चुकी है. बीते महीने मुख्यमंत्री ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर कहा था कि निजी परिसरों में मतदान केंद्र बनाना निष्पक्षता और परंपरागत मानकों के खिलाफ है. उनका कहना था कि मतदान केंद्र हमेशा सरकारी या अर्द्ध-सरकारी संस्थानों में ही बने.

उल्लेखनीय है कि हाल ही में भाजपा नेता शिशिर बाजोरिया के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल सीइओ मनोज अग्रवाल से मिलकर आवासीय भवनों में पोलिंग बूथ बनाने को लेकर चर्चा कर चुका है.




बंगाल की खबरों से रू-ब-रू होने के लिए इस QR Code को स्कैन करें और प्रभात खबर की वेबसाइट पर आकर पढ़ें विस्तार से.

### एसआइआर संबंधी दावों व आपत्तियों की सुनवाई केवल जिलाधिकारी कार्यालयों में : चुनाव आयोग

**कोलकाता.** निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को निर्देश दिया है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) में दावों और आपत्तियों की सुनवाई केवल संबंधित जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में ही करायी जाये. आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी परिस्थिति में बीडीओ या पंचायत कार्यालयों में ऐसी सुनवाई नहीं होगी. आयोग ने यह भी अनिवार्य कर दिया है कि सभी सुनवाई की वेबकास्टिंग हो और उसका पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाये. आयोग के कड़े निर्देशों के बाद सभी जिलाधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भेजे गये हैं. राज्य के लिए विशेष रूप से नियुक्त रोल ऑब्जर्वरों को भी सतर्क रहने को कहा गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुनवाई नियमानुसार जिलाधीश कार्यालयों में ही हो.

### एसआइआर के अंतिम दिन बीएलओ के ऐप में जुड़ा नया ऑप्शन

**कोलकाता.** एसआइआर प्रकिया के अंतिम दिन बीएलओ के एक समूह ग्रुप ने आरोप लगाया है कि बीएलओ के ऐप में एक नया 'ऑप्शन' जोड़ा गया है, जिसका नाम 'री-वेरिफाई लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' है. वहीं, इस ऐप को लेकर सीइओ कार्यालय से बताया गया कि ऐप पर फैसला चुनाव आयोग लेता है. बताया जा रहा है कि अगर किसी बीएलओ को मतदाता द्वारा दिये गये दस्तावेज को लेकर कोई शक है, तो उस वोटर की जानकारी को फिर से वेरिफाई करने करने के लिए नये ऑप्शन पर क्लिक करना होगा. बीएलओ अधिकार संयुक्त मंच के महासचिव स्वपन मंडल ने कहा कि आखिरी मिनट में ये सब क्यों किया जा रहा है? इससे साफ हो रहा है कि आयोग की तैयारी में कमी थी.

## बीएलओ को बैठक में थप्पड़ मारने का आरोप, बढ़ा विवाद

**चांपदानी**

- कार्यभार और मानसिक दबाव को लेकर राज्यभर में बढ़ा असंतोष

**प्रतिनिधि, हुगली**

चांपदानी विधानसभा क्षेत्र से बीएलओ पर कार्य दबाव और कथित दुर्व्यवहार का गंभीर मामला सामने आया है. 111 नंबर बूथ के बीएलओ लालू मियां, जो बैद्यवाटी कल्पना बसु बॉयेज एकेडमी के शिक्षक भी हैं, ने आरोप लगाया है कि श्रीरामपुर एसडीओ कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान एआईआरओ अभिजीत दास ने उन्हें सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारा.

**मतदाता सूची से जुड़ी रिपोर्ट को लेकर विवाद :** प्राथमिक जानकारी के अनुसार, बीएलओ ने एसआइआर कार्य के दौरान कुछ मतदाताओं को अनुपस्थित पाया था. चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत उन्होंने गुमशुदा मतदाताओं की सूची क्षेत्र में नोटिस के रूप में चस्पा की और अपना मोबाइल नंबर भी दर्ज किया, ताकि संबंधित मतदाता संपर्क कर सकें. यह रिपोर्ट मीडिया में प्रकाशित होते ही संबंधित अधिकारी के नाराज होने की बात सामने आयी है.

**बीएलओ समिति का समर्थन, जांच की मांग :** घटना की जानकारी मिलते ही बीएलओ अधिकार रक्षा समिति के सदस्य शिक्षकों ने लालू मियां से मुलाकात कर उन्हें समर्थन का आश्वासन दिया. समिति पहले से ही बीएलओ पर अत्यधिक दबाव और मानसिक उत्पीड़न के विरोध में आंदोलन कर रही है. शिक्षक नेता शुभेंदु गड़ाई ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि साधारण रिपोर्ट प्रकाशित होने पर अधिकारी का इस तरह व्यवहार करना अनुचित है. उनके अनुसार, संबंधित शिक्षक को डराया-धमकाया जा रहा है और त्रुटि मिलने पर एफआईआर की धमकी भी दी जा रही है.

### जिला प्रशासन ने दिया जांच का आश्वासन

हुगली के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (सामान्य) तरुण कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि वह पूरे मामले की जानकारी लेकर उचित जांच करायेंगे. वहीं समिति ने बताया कि वह जल्द ही चुनाव आयोग को विस्तृत शिकायत देगी और आवश्यकता होने पर घेराव तथा धरना भी किया जायेगा.

## आयोग के विशेष पर्यवेक्षक को तृणमूल समर्थकों ने घेरा

**कोलकाता.** दक्षिण 24 परगना जिले के फलता में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की जांच के दौरान गुरुवार को चुनाव आयोग के विशेष पर्यवेक्षक सी मुरुगन को स्थानीय तृणमूल कांग्रेस की महिला समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा. महिलाओं ने आयोग की टीम को घेरकर आवास योजना के अधूरे घर और मनरेगा के तहत 100 दिन की मजदूरी की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पहले केंद्र सरकार लंबित काम पूरा करे, तभी एसआइआर प्रक्रिया आगे बढ़ेगी. मुरुगन के नेतृत्व में आयोग का दल गुरुवार को फलता पहुंचा था. उनका उद्देश्य था यह निरीक्षण करना कि बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं, मृत मतदाताओं के नाम कितने दर्ज हैं और उम्रदराज मतदाताओं की स्थिति क्या है? पर्यवेक्षक कुछ मतदाताओं के घर जाकर भी स्थिति की जांच कर रहे थे. इसी दौरान तृणमूल समर्थक महिलाओं का समूह अचानक वहां पहुंचा और एसआइआर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी. उन्होंने भाजपा विरोधी नारे लगाते हुए आवास योजना के घर और 100 दिन के काम की मजदूरी के भुगतान की मांग की. भीड़ बढ़ने पर निरीक्षण कार्य बाधित हो गया. विशेष पर्यवेक्षक मुरुगन इस विरोध से नाराज नजर आये.

## शीतकालीन सत्र पर सस्पेंस राज्य सरकार से प्रस्ताव नहीं

**एसआइआर प्रक्रिया बनी अड़चन**

**संवाददाता, कोलकाता**

वर्ष के समाप्त होने में अब केवल तीन सप्ताह शेष हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल विधानसभा का शीतकालीन सत्र अब तक शुरू नहीं हुआ है. ऐसे में विधानसभा के भीतर यह सवाल गूंज रहा है कि क्या इस बार शीतकालीन अधिवेशन आयोजित होगा भी या नहीं. सामान्यतः यह सत्र नवंबर के अंतिम सप्ताह से दिसंबर के दूसरे सप्ताह के बीच होता है, लेकिन इस बार दिसंबर का दूसरा सप्ताह समाप्ति पर है और विधानसभा सचिवालय की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गयी है.

विधानसभा के कुछ अधिकारियों का कहना है कि राज्य सरकार एसआइआर प्रक्रिया में व्यस्त होने के कारण सत्र पर निर्णय नहीं ले पा रही है. विपक्ष भी इस स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है. विधानसभा सूत्रों के अनुसार सत्र बुलाने का निर्णय पूरी तरह सरकार पर निर्भर करता है. यदि सरकार के पास कोई बिल, प्रस्ताव या अन्य कार्यवाही हो, तो उसकी जानकारी स्पीकर को दी जाती है. इसके बाद स्पीकर राजभवन के साथ समन्वय कर सत्र बुलाते हैं. फिलहाल नवान्न से शीतकालीन सत्र के संबंध में कोई संदेश स्पीकर बिमान बनर्जी तक नहीं पहुंचा है. ऐसे में अधिकारियों का कहना है कि सरकार की ओर से आधिकारिक सूचना मिलने तक टिप्पणी संभव नहीं है. हालांकि, कुछ सूत्रों का अनुमान है कि अगले सप्ताह सत्र को लेकर घोषणा हो सकती है.

तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने बताया कि शीतकालीन सत्र की तैयारी शुरू करने के लिए उन्हें अब तक कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है.

इधर सत्ता पक्ष के एक सूत्र ने कहा कि हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सभी विधायकों को एसआइआर प्रक्रिया पर नजर रखने का निर्देश दिया है. इसी निर्देश के चलते तृणमूल विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में एसआइआर के कार्यों पर अधिक ध्यान दे रहे हैं.

## हैदराबादी बाउंसर निकले कोलकाता के हुमायूं बोले–साजिश

**कोलकाता.** तृणमूल कांग्रेस से निलंबित मुर्शिदाबाद के भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गये हैं. उनकी सुरक्षा के लिए बताये गये हैदराबाद के बाउंसरों की सच्चाई सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में नयी हलचल मच गयी है. खुलासा हुआ है कि जिन आठ बाउंसरों को कबीर के लिए हैदराबाद से भेजा गया बताया गया था, वे वास्तव में कोलकाता के निवासी हैं. बुधवार देर रात यह जानकारी सामने आते ही हुमायूं कबीर भड़क उठे. उन्होंने कहा कि उन्हें गुमराह किया गया है और उनके खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से साजिश रची जा रही है. तृणमूल से निलंबन के बाद से ही कबीर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित रहे हैं. हाल ही में उन्होंने दावा किया था कि तीन महीने तक हवाई मार्ग से आवागमन के लिए उन्होंने हेलीकॉप्टर किराये पर लिया है और एक उद्योगपति उनकी सुरक्षा के लिए हैदराबाद से आठ प्रशिक्षित बाउंसर भेज रहे हैं. इसके बाद से विभिन्न कार्यक्रमों में उनके साथ बाउंसरों की मौजूदगी देखी जा रही थी.

## ममता के शासन में राज्य बदहाल : शुभेंदु

**हाइकोर्ट से अनुमति के बाद आमता में की सभा**

**संवाददाता, हावड़ा**

आमता के फुटबॉल मैदान में गुरुवार को भाजपा द्वारा आयोजित सभा को हाइकोर्ट से अनुमति मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मंच से हुंकार भरते हुए कहा कि अब राज्य में असली बदलाव का समय आ गया है, क्योंकि ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य की हालत बदतर हो गयी है. यहां राष्ट्रवाद खतरे में है. इसलिए बंगाल में बदलाव लाना ही होगा. भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि यह राज्य अब उनके हाथों में चला गया है, जो भारत के नहीं हैं और बांग्लादेश से आये हैं. ममता बनर्जी बांग्लादेश की संस्कृति को बंगाल ले आयी हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में रेलवे से जुड़ी कई योजनाओं का काम राज्य सरकार के कारण अधर में लटका हुआ है. सरकार योजनाओं के लिए जमीन नहीं दे रही है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 91 हजार करोड़ रुपये देना चाहते हैं. बेरोजगारी का हवाला देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि आमता, उदयनारायणपुर में कोई नौकरी नहीं है. युवा अपना घर छोड़कर दूसरे राज्यों में चले गये हैं. उद्योग की हालत खराब है. एक के बाद एक जूट मिलें बंद हो रही हैं. बंगाल में अगर भाजपा की सरकार बनती है, तो यहां माफिया, सिंडिकेट का राज नहीं रहेगा.


आमता में आयोजित सभा में शुभेंदु को स्मृति चिह्न भेंट करता एक भाजपा कार्यकर्ता.

### 2021 में नंदीग्राम ने रास्ता दिखाया 2026 में पूरा बंगाल उसी पर चलेगा

**हल्दिया.** नंदीग्राम के विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि 2021 में नंदीग्राम ने जो राह दिखाई थी, 2026 के विधानसभा चुनाव में पूरा बंगाल उसी मार्ग पर चलेगा. गुरुवार को नंदीग्राम ब्लॉक-1 की पंचायत समिति की आम सभा से पहले भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पंचायत समिति सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रधानों और सदस्य प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद उन्होंने यह टिप्पणी की. ज्ञात हो कि 2021 के विधानसभा चुनाव में शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम सीट पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पराजित किया था. उसी पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, "सत्तारूढ़ दल के इशारे पर प्रशासन विपक्ष को सरकारी अनुदानों से वंचित कर रहा है. इससे कुछ होने वाला नहीं है. मैं लोगों के दिलों में हूं, घर-घर में हूं. लोग एकजुट हैं. मेरा विश्वास है कि 2021 में नंदीग्राम ने जो मार्ग दिखाया था, वही रास्ता अब 2026 में पूरा बंगाल अपनाएगा.

## मुस्लिम भाजपा को समझते तो हर घर से कलाम निकलते

**बोले सुकांत मजूमदार**

- भाजपा किसी को अल्पसंख्यक या बहुसंख्यक नजरिये से नहीं देखती
- अगले विस चुनाव में 160 से 180 सीटें जीतने का दावा



**संवाददाता, कोलकाता**

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुकांत मजूमदार ने मुस्लिम समुदाय द्वारा भाजपा को वोट नहीं दिये जाने के संबंध में कहा कि अगर मुसलमान भाजपा को समझ जाते तो यहां हर घर से कलाम निकलते, अल-फलाह वाले नहीं. उन्होंने राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी धार्मिक ध्रुवीकरण की वजह से जीत रही हैं. राज्य में करीब 30 प्रतिशत मुस्लिम वोट धार्मिक कारणों से ममता बनर्जी के पास जा रहा है. जबकि सच्चाई यह है कि बंगाल में मुसलमानों का कोई विकास नहीं हुआ है. उन्होंने कहा कि बंगाल में मुस्लिम वोट एकतरफा ममता बनर्जी की पार्टी को जा रहा है. अल्पसंख्यकों को डराया जाता है कि भाजपा आयेगी तो ये हो जायेगा, वो हो जायेगा. भाजपा किसी को अल्पसंख्यक, बहुसंख्यक के नजरिये से नहीं देखती. उन्होंने कहा कि हमारी कोई योजना धर्म के नाम पर नहीं बनी है. केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को बराबर मिलता है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री बंगाल की डेमोग्राफी में बदलाव करना चाहती हैं. इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि बंगाल की वर्तमान सरकार राष्ट्रवादी नहीं है. उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार बंगाल में सरकार बनाने के लिए पूरी कोशिश कर रही है. उन्होंने आगे कहा कि आगामी चुनाव में हम 160 से 180 सीटें जीत कर सत्ता हासिल करेंगे.

### 20 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे, रानी रासमणि रोड पर संविधान पाठ के लिए जुटेंगे कांग्रेसी

# 20 को अब कांग्रेस करेगी संविधान पाठ : शुभंकर

**संवाददाता, कोलकाता**

प्रदेश कांग्रेस ने संविधान पाठ प्रोग्राम का ऐलान किया है. गुरुवार को विधान भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने इसकी घोषणा की. शुभंकर सरकार ने गुरुवार को घोषणा करते हुए कहा कि 20 दिसंबर को धर्मतला इलाके में रानी रासमणि रोड पर संविधान का 'सार्वजनिक पाठ' किया जायेगा. उन्होंने कहा कि 'सहस्त्र कंठे संविधान पाठ' (सैकड़ों स्वरों में संविधान का पाठ) पहल का मकसद नागरिकों में संवैधानिक अधिकारों के बारे में जन-जागरूकता बढ़ाना है. श्री सरकार ने कहा कि 20 दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे, रानी रासमणि रोड पर सैकड़ों लोग संविधान पढ़ेंगे. इस कार्यक्रम में सभी समुदायों, धर्मों, जातियों और पंथों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे. उन्होंने कहा संविधान हर नागरिक को उसके मौलिक अधिकार देता है. सरकार ने यह भी कहा कि 'सार्वजनिक पाठ' संवैधानिक सुरक्षा उपायों को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों का एक प्रतीकात्मक दावा है.


वक्फ कानून के विरोध में निकाली गयी रैली में कांग्रेस के अधीर चौधरी व अन्य.

उल्लेखनीय है कि 7 दिसंबर रविवार को एक सनातनी संगठन की पहल पर पांच लाख लोगों ने एक साथ गीता पाठ किया. इस कार्यक्रम में भाजपा की टॉप लीडरशिप भी मौजूद थी. माना जा रहा है कि इसी के जवाब में कांग्रेस का यह कार्यक्रम है. श्री सरकार ने कहा कि प्रोग्राम में चिकन पैटिस बेचने वाले को परेशान किया गया, कांग्रेस ऐसी सभी घटनाओं के खिलाफ है. उन्होंने आरोप लगाया कि देश भर में भाषा, खान-पान, पहनावा और धर्म के आधार पर बांटने की पॉलिटिक्स खतरनाक लेवल पर पहुंच गयी है. डॉ बीआर अंबेडकर के बनाये संविधान को राज्य की ताकत के तहत रौंदा जा रहा है.

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बंगाल के चैतन्य, राजा राममोहन राय, विद्यासागर, डेरोजियो, विवेकानंद, रवींद्रनाथ, नजरुल और रामकृष्ण परमहंस की मानवतावादी और बहुलवादी भावना को आज कुचला जा रहा है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने गीता पढ़ने के एक कार्यक्रम में चिकन पैटिस बेचने वाले को परेशान करने के विरोध में पैटिस बेचकर विरोध किया.

### वक्फ संपत्तियों की लूट नहीं होने देंगे : अधीर चौधरी

**कोलकाता.** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार एक सुनियोजित रणनीति के तहत वक्फ की संपत्तियों को हड़पने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी. गुरुवार को प्रदेश युवा कांग्रेस की अध्यक्ष शाहीना जावेद के नेतृत्व में बंगाल युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित राजभवन अभियान के दौरान अधीर रंजन ने यह टिप्पणी की. उनके नेतृत्व में कांग्रेस की पांच सदस्यीय टीम ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की और वक्फ संपत्तियों के मुद्दे से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा. राजभवन अभियान से पहले गणेश चंद्र एवेन्यू स्थित पश्चिम बंगाल वक्फ बोर्ड कार्यालय के सामने आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि राज्य में एसआइआर की प्रक्रिया ममता बनर्जी सरकार के समर्थन से शुरू हुई है.

## दक्षिण बंगाल में तापमान 10 डिग्री तक पहुंचा, बढ़ी कंपकंपी

- अगले सात दिन मौसम में बदलाव की संभावना नहीं, कोहरा भी देगा दस्तक

**संवाददाता, कोलकाता**

पिछले कुछ दिनों से कोलकाता में न्यूनतम तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है, जबकि दक्षिण बंगाल के कई जिलों में पारा गिरकर 10-11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है. उत्तर बंगाल में भी ठंड का असर साफ दिख रहा है. दार्जिलिंग के पहाड़ी क्षेत्रों में तापमान घटकर चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार, अगले सात दिनों तक मौसम का यही रुख रहने की संभावना है. उत्तरी हवाओं के चलते ठंडक का एहसास बना रहेगा. विभाग ने बताया कि दक्षिणी बांग्लादेश और उसके आसपास के इलाकों में एक चक्रवात सक्रिय है, जबकि जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में भी एक साइक्लोन सिस्टम बना हुआ है. इसके अलावा शनिवार को एक नये पश्चिमी चक्रवात के आने की संभावना जतायी गयी है. इसके बावजूद राज्य में फिलहाल उत्तरी हवाएं बिना किसी बाधा के बह रही हैं और ठंड में कमी की कोई संभावना नहीं है. मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर और दक्षिण बंगाल के कुछ जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया रह सकता है. गुरुवार सुबह कोलकाता का न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है. दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भी तापमान सामान्य से नीचे रहा.

# कोलकाता से मुंबई की उड़ान रद्द, यात्री हुए परेशान

□ कई यात्री टिकट कैंसिल कर दूसरे एयरलाइंस से हुए रवाना

**कोलकाता.** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से बुधवार को इंडिगो और एयर फ्रांस इन दो एयरलाइन की टाइअप में कोलकाता से मुंबई की एक फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी हुई. यहां तक की कई यात्रियों को तत्काल दूसरे एयरलाइन्स का टिकट लेकर रवाना होना पड़ा, तो कई ने टिकट कैंसिल कर दिया. इस दौरान उस फ्लाइट के जरिये एयर फ्रांस की कनेक्टिंग फ्लाइट से कनाडा जानेवाले कई यात्रियों को भी भारी परेशानी हुई.

जानकारी के मुताबिक, कई यात्रियों ने कोलकाता से कनाडा के लिए एयर फ्रांस एयरलाइन की टिकट बुक किये थे. सीधे फ्लाइट नहीं होने के कारण कोलकाता से मुंबई की फ्लाइट को इंडिगो के साथ एयर फ्रांस का टाइअप होने के कारण कोलकाता से मुंबई की उस फ्लाइट को इंडिगो ऑपरेट करता है और उसके बाद यात्री एयर फ्रांस की फ्लाइट से मुंबई से पेरिस और फिर पेरिस से कनाडा के टोरोंटो तक जाते हैं. बुधवार रात साढ़े नौ बजे कोलकाता से मुंबई की एयर फ्रांस की फ्लाइट एएफ6478, जिसे इंडिगो ऑपरेट करती है, रद्द कर दी गयी. यात्री के टिकट में भी साफ लिखा हुआ है कि फ्लाइट ऑपरेटेड बाइ इंडिगो, इसके बावजूद यात्री को कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो की ओर से कोई मदद नहीं मिली.

पीड़ित यात्री का नाम आर्यमन विक्रम सिंह है. यात्री कनाडा जाने वाले थे. उन्होंने दिल्ली साइबर जेट टूर एंड ट्रेवल एजेंसी से टिकट बनवाया था, जो कनेक्टिंग फ्लाइट थी. यात्री का दावा है कि ना ही उन्हें फ्लाइट रद्द होने की इंडिगो की ओर से कोई अग्रिम सूचना मिली और ना ही एयर फ्रांस से कोई सूचना मिली. ऐसे में यात्री को एयरपोर्ट पहुंचने पर वहां पता चला कि उनकी कोलकाता से मुंबई की फ्लाइट रद्द है, इसके बाद इंडिगो से कोई विकल्प के लिए कहने पर भी किसी तरह की मदद नहीं मिली. अंत में यात्री को पूरी टिकट ही कैंसिल कर कतर एयरवेज की उड़ान का टिकट 68 हजार रुपये में लेकर कतर एयरवेज की उड़ान से कोलकाता से दोहा और दोहा से टोरोंटो के लिए रवाना होना पड़ा.

दिल्ली साइबरजेट टूर एंड ट्रेवल एजेंसी के प्रभारी सचिन गुप्ता ने बताया कि इंडिगो की इस स्थिति में यात्रियों की मदद करनी चाहिए था लेकिन इंडिगो की ओर से साफ तौर पर यह कहकर पल्ला झाड़ा दिया कि यात्री एयर फ्रांस से संपर्क करें. हालांकि एक यात्री का नहीं, बल्कि ऐसे कई यात्रियों को एयरपोर्ट पर परेशानी झेलनी पड़ी. कई और भी यात्री थे, जिन्हें कनाडा जाने के लिए इंडिगो द्वारा ऑपरेटेड उस फ्लाइट से जाना था. लेकिन इस स्थिति में कई यात्रियों को दूसरे एयरलाइंस की टिकट लेकर जाना पड़ा और एयर फ्रांस की उस टिकट को भी रद्द करना पड़ा. गुप्ता ने बताया कि जरूरी होने के कारण कइयों को अन्य एयरलाइंस से 15 से 16 हजार महंगे टिकट लेकर रवाना होना पड़ा. मालूम हो कि विगत तीन दिनों से इंडिगो का संकट पटरी पर लौटने के बावजूद इस तरह की समस्या से लोगों को और परेशानी हो रही है.

**यात्रियों की मदद को जारी नंबर भी संपर्क से दूर**

इंडिगो संकट के बीच जारी कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट्स से जुड़ी किसी भी मदद के लिए यात्री इन एक्टिव इंडिगो सपोर्ट नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं, ये नंबर 0124-4973939 और 033-2569 1167 हैं. लेकिन कई यात्रियों की शिकायत है कि इन नंबरों पर भी संपर्क नहीं हो रहा हैं. इन नंबरों पर कॉल नहीं लग रहे हैं. मजबूरन किसी भी जानकारी के लिए कोलकाता एयरपोर्ट के इंडिगो के काउंटर तक दौड़ना पड़ रहा है. ये हेल्पलाइन नंबर यात्रियों को फ्लाइट से जुड़े सवालों और मदद के लिए उपलब्ध हैं. लेकिन इन नंबरों से मदद तो दूर कॉल भी घंटों कोशिश करने पर नहीं लग रहे हैं.

## टिकट कैंसिल कर दूसरे एयरलाइंस से रवाना हुए कई यात्री


फाइल फोटो

**मदद को जारी नंबर भी संपर्क से दूर :** कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट्स से जुड़ी किसी भी मदद के लिए यात्री इन एक्टिव इंडिगो सपोर्ट नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं, ये नंबर 0124-4973939 और 033-2569 1167 हैं. लेकिन कई यात्रियों की शिकायत है कि ये नंबर संपर्क से दूर हैं.

## सोने की चूड़ी चुराने के आरोप में एक पकड़ाया

**कोलकाता.** विधाननगर पूर्व थाने की पुलिस ने बर्थ डे पार्टी में एक बच्चे के हाथ से सोने की चूड़ी चुराने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है. उसका नाम मोहम्मद शहीद (39) है. वह हावड़ा के शिवपुर का निवासी है. पुलिस के मुताबिक, गत 25 नवंबर को शिकायत दर्ज हुई थी. फूलबागान निवासी पीड़ित परिवार के सदस्य सौरभ हिरावत ने शिकायत की थी कि गत 22 नवंबर को एक कैफे से जन्मदिन की पार्टी के दौरान सोने की चूड़ी चोरी हुई थी.


प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन
प्रभात खबर लेकर आया है देश दुनिया, आपके राज्य व शहर की ताजातरीन खबरें.
क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपडेट रहें.
www.prabhatkhabar.com
प्रभात खबर की वेबसाइट पर जाएं और यूट्यूब चैनल youtube.com/@PrabhatKhabartv सब्सक्राइब करें.


## डॉ अनिकेत महतो की पोस्टिंग आरजी कर में ही : सुप्रीम कोर्ट

□ सुप्रीम कोर्ट में भी ऱाज्य सरकार को नहीं मिली राहत, हाइकोर्ट का फैसला ही रह गया बरकरार

**संवाददाता, कोलकाता**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक छात्रा के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले के दौरान राज्य भर में शुरू हुए आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले डॉ अनिकेत महतो की पोस्टिंग अब आरजी कर अस्पताल में ही होगी. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस संबंध में हाइकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा. राज्य सरकार ने डॉ महतो को आरजी कर से उत्तर दिनाजपुर के रायगंज मेडिकल कॉलेज में स्थानांतरित किया था, जिसके खिलाफ डॉक्टर ने हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी. कलकत्ता हाइकोर्ट की सिंगल बेंच ने यह कहा था कि डॉ महतो की पोस्टिंग आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ही होगी. बाद में हाइकोर्ट की डिविजन बेंच ने भी इस फैसले को पुष्टि दी. राज्य सरकार ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, लेकिन न्यायाधीश जेके माहेश्वरी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हाइकोर्ट के निर्णय को सही ठहराते हुए कहा कि डॉ महतो की पोस्टिंग आरजी कर अस्पताल में ही होगी.

इस साल मई में स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि आंदोलन के दौरान प्रमुख भूमिका निभाने वाले डॉ महतो की पोस्टिंग रायगंज मेडिकल कॉलेज में कर दी गयी थी. डॉक्टर का आरोप है कि उन्हें निशाना बनाकर दूसरी जगह भेजा गया. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब उनकी पोस्टिंग मूल स्थान आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ही कायम रहेगी.

## सिटी बाइट्स



### बाघाजतिन स्टेट जनरल हॉस्पिटल के पास मां कैंटीन

**कोलकाता.** बाघाजतिन स्टेट जनरल हॉस्पिटल के पास कोलकाता नगर निगम द्वारा मां कैंटीन का उद्घाटन गुरुवार को किया गया. जादवपुर के विधायक और निगम के ठोस कचरा प्रबंधन विभाग के मेयर परिषद के सदस्य देवव्रत मजूमदार ने इस मां कैंटीन का उद्घाटन किया. निगम के सोशल सेक्टर विभाग की ओर से मां कैंटीन का उद्घाटन किया गया है. इस अवसर पर विभाग की मेयर परिषद की सदस्य मिताली बनर्जी सह विभाग के अन्य अधिकारी गण मौजूद थे. श्रीमती बनर्जी ने बताया कि सीएम ने हमें कोलकाता के विभिन्न सरकारी अस्पतालों के सामने मां कैंटीन खोलने का निर्देश दिया है. उनके निर्देश पर एसएसकेएम (पीजी) सह विभिन्न अस्पतालों के बाहर मां कैंटीन चलायी जा रही है. उन्होंने बताया कि इससे पहले विजयगढ़ इलाके में मां कैंटीन खोली गयी थी. अब बाघाजतिन स्टेट जनरल हॉस्पिटल के पास कैंटीन खोली गयी है. उन्होंने बताया कि पांच रुपये में चावल, दाल, सब्जी के साथ एक उबला अंडा भी दिया जायेगा. उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे वाले लोग कई बार पैसे के अभाव में भोजन नहीं कर पाते हैं. ऐसे में इस कैंटीन से जरूरत मंद लोग भर पेट भोजन कर सकेंगे.

### रुपये के विवाद में घर में आग लगाने वाला अरेस्ट

**कोलकाता.** दक्षिण कोलकाता के चारू मार्केट इलाके में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के दौरान एक व्यक्ति के घर में आग लगाने के आरोप में पुलिस ने खोकन कर्माकर नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है. पुलिस के अनुसार, खोकन कर्माकर का एक व्यक्ति के साथ पुराना लेनदेन विवाद था. आरोप है कि गुस्से में आकर खोकन ने उस व्यक्ति के घर में आग लगा दी. घटना के बाद पीड़ित ने चारू मार्केट थाने में शिकायत दर्ज करायी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और गुरुवार को उसे अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया. अदालत ने खोकन को 18 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया.

### सॉल्टलेक में राम मंदिर निर्माण के लगे पोस्टर

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में तृणमूल से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद की आधारशिला रखे जाने के बाद विधाननगर नगर निगम इलाके समेत कई जगहों पर राम मंदिर निर्माण के पोस्टर लगाये गये हैं. रामनवमी के मौके पर 26 मार्च से निर्माण कार्य शुरू होगा. मंदिर निर्माण के संयोजक संजय पायरा ने ऐसा ही दावा किया है. गुरुवार को सॉल्टलेक के करुणामयी, सिटी सेंटर समेत कई जगहों पर राम मंदिर निर्माण के बैनर लगाये गये हैं.संजय पायरा मंदिर निर्माण के कन्वेनर हैं. उन्होंने मीडिया से रूबरू होकर कहा कि तारीख और समय की घोषणा भी जल्द ही की जायेगी.

### 80,500 रुपये की ज्वेलरी लेकर फर्जी पेमेंट कर भाग गया ग्राहक, पोस्ता थाने में दर्ज करायी गयी शिकायत

**कोलकाता.** बड़ाबाजार के पोस्ता इलाके में एक ज्वेलरी शोरूम से 80,500 रुपये की ज्वेलरी लेकर बारकोड के जरिए फर्जी पेमेंट कर शातिर व्यक्ति फरार हो गया. घटना की जानकारी मिलने पर ज्वेलरी शोरूम के मालिक राजेश कुल्थिया ने पोस्ता थाने में इसकी शिकायत दर्ज करायी है. पुलिस को शिकायत में पीड़ित ने बताया कि पोस्ता थानाक्षेत्र के सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट में उनका ज्वेलरी शोरूम है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि गत 21 नवंबर की रात लगभग 8.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति पहुंचा. शोरूम से उसने 80,500 रुपये की ज्वेलरी खरीदी. इसके बाद बारकोड के जरिए पेमेंट करने का दिखावा किया. पेमेंट का स्क्रीन शॉट भी उसने दिखाया. शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब उसके बेटे के बैंक अकाउंट में बैलेंस चेक किया तो 80,500 रुपये का कोई पेमेंट नहीं होने की जानकारी मिली. तभी उन्होंने बैंक स्टेटमेंट की जांच की. वहां भी कोई पेमेंट होने की जानकारी नहीं थी. तब पता चला कि आरोपी ने उसके साथ धोखाधड़ी की है. इसके बाद उसके खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी.

**मामला.** गीतापाठ के वक्त मांसाहारी सामग्री बेचने पर बवाल, तीन पर केस

# ब्रिगेड में हॉकर की पिटाई के तीन आरोपी गिरफ्तार, मिली बेल भी

□ पीड़ित ने मैदान थाने में दर्ज करायी थी शिकायत

**संवाददाता, कोलकाता**

बिग्रेड परेड ग्राउंड में गीता पाठ के दौरान चिकेन पैटिस बेच रहे हॉकर की कुछ युवकों द्वारा पिटाई करने के आरोप में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गये आरोपियों में सौमिक गोलदार (23), तरुण भट्टाचार्य (51) और स्वर्णेंदु चक्रवर्ती (32) शामिल हैं. सौमिक उत्तर 24 परगना के गोबरडांगा, तरुण हुगली के उत्तरपाड़ा का एवं स्वर्णेंदु चक्रवर्ती उत्तर 24 परगना के अशोक नगर का निवासी है. गुरुवार को तीनों आरोपियों को मैदान थाने की पुलिस की तरफ से बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया था. अदालत ने सुनवाई के दौरान तीनों युवकों को जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है.

**क्या था मामला :** आरोप है कि रविवार को मैदान में कुछ युवकों ने गीता पाठ कार्यक्रम के दौरान मैदान में चिकन पैटिस बेच रहे हॉकर शेख रियाजुल और मोहम्मद सलाउद्दीन को परेशान किया. कथित तौर पर आरोप है कि उन फेरीवालों की सभी पैटिस भी फेंक दी गयीं, जिससे दोनों को लगभग 3 हजार रुपये का नुकसान हुआ. इसकी शिकायत मैदान थाने में दर्ज होने के बाद पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरों की मदद ली. जिसके बाद तीनों आरोपियों को विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार कर लिया गया.

**सरकारी वकील ने पुलिस हिरासत तो बचाव पक्ष ने की जमानत की मांग**

बुधवार को बैंकशाल अदालत में तीनों आरोपियों को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अतनु मंडल की अदालत में पेश किया गया. सुनवाई के दौरान सरकारी वकील अभिजीत चटर्जी ने गिरफ्तार लोगों की पुलिस हिरासत में भेजने का आवेदन किया. सरकारी वकील की तरफ से कहा कि हर व्यक्ति की धार्मिक भावनाएं होती हैं. इस मामले में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है. आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजा जाये. इधर, बचाव पक्ष के वकील संदीप घोष और देबजीत सरकार समेत कई वकीलों ने गिरफ्तार लोगों की ओर से तीनों के लिए जमानत की याचिका दायर की गयी. इस दौरान कहा गया है कि जानबूझ कर कोई पिटाई नहीं की गयी. पीड़ित को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है. अदालत ने दोनों पक्ष की दलीलों को सुनकर तीनों आरोपियों को व्यक्तिगत बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया.

## विक्रेताओं पर हमले की सीएम ने की निंदा, कहा- यह बंगाल है, यूपी नहीं


कृष्णानगर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों के बीच उपस्थित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी.

**कोलकाता.** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हाल ही में कोलकाता में आयोजित गीता पाठ कार्यक्रम के दौरान दो खाद्य विक्रेताओं पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है. गुरुवार को नदिया जिले के कृष्णानगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में इस तरह की धमकाने वाली हरकतों को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा. मुख्यमंत्री ने बताया कि हमले के सभी आरोपियों को बुधवार रात ही गिरफ्तार कर लिया गया. उन्होंने कहा, "यह पश्चिम बंगाल है, उत्तर प्रदेश नहीं. उन्होंने पैटीज बेचने वालों की पिटाई की थी. सभी आरोपी अब गिरफ्तार हैं." सीएम ने भाजपा पर राज्य में सांप्रदायिक विभाजन की संस्कृति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा, "मैं सांप्रदायिक विभाजन में विश्वास नहीं करती. मैं सभी धर्मों के साथ चलना चाहती हूं. गीता पाठ के लिए सार्वजनिक सभा आयोजित करने की क्या जरूरत है? जो लोग ईश्वर से प्रार्थना करते हैं या अल्लाह से दुआ मांगते हैं, वे अपने हृदय से ऐसा करते हैं." धार्मिक ग्रंथों के राजनीतिक इस्तेमाल पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, "जो लोग लगातार 'गीता, गीता' जपते रहते हैं, उनसे मैं पूछना चाहती हूं कि श्रीकृष्ण ने धर्म के बारे में क्या कहा है? धर्म का अर्थ है जोड़ना, बांटना नहीं. वे पश्चिम बंगाल को बर्बाद करना चाहते हैं. हम सभी गीता पढ़ते हैं, इसके लिए सभा आयोजित करने की क्या आवश्यकता है?"

## परेशान किये जा रहे अभया आंदोलन से जुड़े चिकित्सक

**चिकित्सक संघ का आरोप**

**संवाददाता, कोलकाता**

अभया आंदोलन से जुड़े चिकित्सकों और आम लोगों को परेशान किया जा रहा है. आम जनता के कर के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है. कोर्ट में कानूनी लड़ाई को करने में जनता के पैसों से महंगे और प्रसिद्ध वकीलों को नियुक्ति किया जा रहा है. जिससे सरकारी खजाने खाली हो रहे हैं. दूसरी ओर कई मामलों में हाइकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक सरकार को हार का सामना करना पड़ा है. फिर भी सरकार अभया आंदोलन से जुड़े चिकित्सकों को परेशान कर रही है. चिकित्सकों के संगठन ज्वाइंट प्लेटफॉर्म ऑफ डॉक्टर्स की ओर से इस संबंध में प्रेस वार्ता जारी की गयी है. इस प्रेस वार्ता में कहा गया है कि राज्य सरकार अभय आंदोलन के प्रमुख चेहरों में से एक डॉ अनिकेत महतो जान बूझ कर परेशान कर रही है. कई मामलों में राज्य सरकार को उच्च न्यायालय की एकल पीठ, खंडपीठ और देश की सर्वोच्च अदालत में लगातार झटके लगे हैं फिर भी, जनता के कर के पैसे का दुरुपयोग करते हुए और लोकतांत्रिक संवैधानिक कार्यकर्ताओं को डरा-धमकाते हुए प्रशासन इस एक कार्य में अथक प्रयास कर रहा है. अनिकेत को न्याय मिल गया है. संगठन की ओर से बताया गया है कि, गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से सरकार को करारा झटका लगा है. बताया कि गया है कि इसी तरह का एक अन्य मामला हाइकोर्ट में लंबित हैं, जो डॉ देवाशीष हालदार और डॉ अशफाकुल्ला नाइया से जुड़ा हुआ है. उन्हें भी जल्द ही न्याय मिलेगा यह भी निश्चित है.

# सोना व्यवसायी हत्याकांड के आरोपी बीडीओ पर नियुक्ति भ्रष्टाचार का आरोप

**संवाददाता, कोलकाता**

महानगर के दत्ताबाद में रहनेवाले सोना व्यवसायी हत्याकांड के आरोपी बीडीओ प्रशांत बर्मन के खिलाफ अब नियुक्ति में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है. आरोप है कि डब्ल्यूबीसीएस परीक्षा में शून्य अंक पाने के बाद भी प्रशांत बर्मन का नाम उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की सूची में ऊपर की ओर था. गुरुवार को कलकत्ता हाइकोर्ट में इस जुड़े मामले की सुनवाई शुरू हुई, लेकिन कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रशांत बर्मन के खिलाफ और भी मामले दर्ज हैं और उन मामलों के साथ ही इस मामले की भी सुनवाई होगी.

उल्लेखनीय है कि इससे पहले सॉल्टलेक के दत्ताबाद में स्वर्ण व्यवसायी की हत्या के मामले में राजगंज के आरोपी बीडीओ प्रशांत बर्मन की अग्रिम जमानत को कलकत्ता हाइकोर्ट में चुनौती दी गयी है. विधाननगर पुलिस ने बारासात अदालत द्वारा बीडीओ प्रशांत बर्मन को अग्रिम जमानत दिये जाने के फैसले को रद्द करने की मांग की है. स्वर्ण व्यवसायी स्वपन कामिल्या की हत्या के मामले में उनके परिवार ने बीडीओ प्रशांत बर्मन के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी. हालांकि, बीडीओ ने सभी आरोपों से इनकार किया है और बारासात अदालत में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया. अब पुलिस ने बीडीओ की अग्रिम जमानत के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि बीडीओ के वकील ने बारासात अदालत में बताया था कि घटना के दिन प्रशांत बर्मन न्यूटाउन के आवास में नहीं थे, जो कि गलत जानकारी है. घटना के समय प्रशांत बर्मन वहां मौजूद थे. पुलिस का दावा है कि स्वर्ण व्यवसायी को उठाकर ले जाया गया और बीडीओ के न्यूटाउन के फ्लैट में रखा गया था. घटना के दिन वह वहां मौजूद थे, लेकिन अदालत में झूठ बोला गया है, इसलिए उनकी जमानत रद्द होनी चाहिए. हालांकि, गुरुवार को याचिकाकर्ता ने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग की, लेकिन अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई जनवरी में होगी.

# विदेश में नौकरी के नाम पर 26 लाख की ठगी का आरोपी गुजरात से अरेस्ट

□ नकली वेबसाइट बनाकर वीजा और पासपोर्ट फीस के नाम पर वसूले पैसे

**संवाददाता, कोलकाता**

विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 26 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में लालबाजार साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अभिषेक यादव नामक आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार किया है. गुरुवार को उसे बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 24 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी ने सोशल मीडिया पर विदेश में नौकरी उपलब्ध कराने की जानकारी साझा कर लोगों को फंसाया. इसके बाद पासपोर्ट, वीजा और विभिन्न फीस के नाम पर 26 लाख रुपये वसूल लिये. ठगी को अंजाम देने के लिए उसने एक विदेशी संस्था के नाम पर नकली वेबसाइट भी बनायी थी, जिसके जरिये कई लोगों से पैसे ऐंठे गये.

पीड़ितों द्वारा शिकायत दर्ज कराये जाने पर लालबाजार साइबर क्राइम थाने ने जांच शुरू की. तकनीकी निगरानी के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपी गुजरात में छिपा हुआ है. इसके बाद कोलकाता पुलिस की एक विशेष टीम गुजरात रवाना हुई और वहां एक गुप्त ठिकाने से आरोपी को पकड़ लिया. आरोपी को कोलकाता लाने के बाद उसे बैंकशाल कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने 24 दिसंबर तक पुलिस हिरासत का आदेश दिया.

## 27 करोड़ की ठगी के आरोपी को मुंबई से दबोचा

□ कंपनी अधिकारी को हाई-रिटर्न स्कीम में फंसा कर हड़पी थी रकम

**कोलकाता.** बेहद कम समय में निवेश की गयी राशि पर कई गुना रिटर्न देने का झांसा देकर 27 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में लालबाजार के स्पेशल सेल की टीम ने विजय तुलसी राम कोले नामक आरोपी को मुंबई से गिरफ्तार किया है. अदालत में सरकारी वकील सोमनाथ सान्याल ने बताया कि 30 जुलाई से 13 अगस्त के बीच पीड़ित व्यक्ति की निजी कंपनी ने आरोपी की दूसरी निजी कंपनी में भारी मुनाफे के प्रलोभन में 27 करोड़ रुपये का निवेश कर दिया. आरोपी की ओर से आश्वासन दिया गया था कि 45 दिनों के भीतर पूरी राशि कई गुना बढ़ाकर लौटा दी जायेगी. लेकिन तय समय बीत जाने के बाद भी कोई भुगतान नहीं किया गया, जिसके बाद शिकायतकर्ता को धोखाधड़ी का संदेह हुआ. पीड़ित ने बहूबाजार थाने में शिकायत दर्ज करायी. मामले की जांच लालबाजार की स्पेशल सेल को सौंपी गयी. जांच के दौरान तकनीकी और बैंकिंग ट्रेल के आधार पर पुलिस को आरोपी के मुंबई में होने की जानकारी मिली. इसके बाद एक टीम मुंबई रवाना हुई और वहां से कोले को गिरफ्तार कर कोलकाता लाया गया. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और ठगी में शामिल अन्य संभावित लोगों की भी तलाश में है.



**राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने दीपावली को लेकर यूनेस्को के निर्णय पर जतायी प्रसन्नता**

# कल्चरल हेरिटेज लिस्ट में दिवाली का आना गर्व की बात

**संवाददाता, कोलकाता**

राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार को बंगाल को 'वादा किया हुआ देश' बताया और कहा कि वह हर तरह से बंगाली बनना पसंद करेंगे. लोक भवन, कोलकाता में चार बजे एक खास प्रोग्राम आयोजित किया गया. यह प्रोग्राम दीपावली को यूनेस्को की इंसानियत की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की रिप्रेजेंटेटिव लिस्ट में शामिल करने का जश्न मनाया गया. इस मौके पर पत्रकारों के सवाल के जवाब में राज्यपाल ने कहा कि बंगाल से उनका बहुत जुड़ाव है और बंगला भाषा भी उनको पसंद है. एसआइआर का समर्थन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह पारदर्शिता लायेगा. एसआइआर बिना किसी रुकावट के चलता रहेगा. उन्होंने यूनेस्को की इनटैन्जिबल कल्चरल हेरिटेज लिस्ट में दिवाली को शामिल करने पर बात की. बोस ने कहा कि यह पूरे देश, खासकर बंगाल के लिए दिवाली मनाने का मौका है, जो भारत की सबसे अच्छी चीजों का निचोड़ है, जिसे यूनेस्को ने इनटैन्जिबल हेरिटेज के तौर पर लिस्ट किया है. यह हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे पर्व को यूनेस्को में मान्यता मिली है. नयी पीढ़ी को इससे फायदा होगा क्योंकि भारत का भविष्य उसके अतीत में है. यह हमारी संस्कृति की गरिमा बढ़ायेगा.



यूनेस्को द्वारा दिवाली को इसकी हेरिटेज सूची में शामिल किये जाने पर लोकभवन से निकले ज्योति मार्च में अन्य लोगों के साथ शामिल हुए राज्यपाल भी.

## आज रद्द रहेगा टॉक टू मेयर कार्यक्रम

**कोलकाता.** हर सप्ताह शुक्रवार को शाम 4-5 बजे के बीच होने वाले टॉक टू मेयर कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है. कोलकाता नगर निगम की ओर से बताया गया कि किसी जरूरी कारणों से टॉक टू मेयर कार्यक्रम को रद्द किया गया है. यह भी बताया गया कि अगले सप्ताह यह कार्यक्रम होगा.


**सूचना**

**यूको बैंक के सम्मानित ग्राहक**

प्रिय ग्राहकों,
आरबीआई की दिशा निर्देशों के अनुसार, सभी ग्राहकों के लिए केवाईसी अपडेट करना अनिवार्य है। यदि दिनांक 30.11.2025 तक आपके खाते में केवाईसी पुनःसत्यापन की आवश्यकता है, तो आपसे अनुरोध है कि जल्द से जल्द एसएमएस/यूको एमबैंकिंग प्लस/एटीएम/वॉट्सएप/उदय चैटबॉट/ई-मेल/डाक के माध्यम से या किसी भी नज़दीकी शाखा में जाकर अपना केवाईसी अपडेट कर लें। खाते में केवाईसी अपडेट न होने पर आपके खाते में अस्थायी तौर पर लेन देन रुक सकता है।

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of India Undertaking)
प्रधान कार्यालय : 10, बी.टी.एम. सरणी, कोलकाता-700 001
सम्मान आपके विश्वास का | Honours Your Trust

## सात साल से एचएमसी का चुनाव नहीं, आमलोग हो रहे परेशान

# हावड़ा में नहीं मिल रहीं बुनियादी सुविधाएं भी

हावड़ा देश का एक ऐसा शहर है, जहां निगम चुनाव सात वर्षों से लंबित है. 2013 में पिछला चुनाव हुआ था. यह शहर कोलकाता से भी पुराना है. राजधानी से सटे होने के कारण 500 साल पुराने इस हावड़ा शहर को जुड़वां शहर भी कहा जाता है. बावजूद इसके इस शहर के लोग पिछले सात वर्षों से निगम की बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं. निगम का कामकाज संभालने के लिए सरकार द्वारा प्रशासक नियुक्त कर स्थिति संभालने की कोशिश की गयी. हर छह महीने पर प्रशासक बदले गये. 2021 में प्रशासनिक बोर्ड का गठन हुआ. डॉ सुजय चक्रवर्ती के नेतृत्व में एक टीम बनी और निगम की जिम्मेवारी सौंपी गयी. पांच साल तक उनकी टीम कामकाज करती रही, लेकिन इस वर्ष छठ के पहले डॉ चक्रवर्ती और उनके साथी वाइस चेयरमैन ने भी इस्तीफा दे दिया. बताया जाता है कि राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक शीर्ष नेता के कहने पर दोनों ने इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद रहा-सहा प्रशासनिक बोर्ड भी भंग हो गया. इसी तरह पिछले सात वर्षों से हावड़ा नगर निगम भगवान भरोसे है. पेश है कुंदन झा की विशेष रिपोर्ट...




## कब होगा चुनाव, किसी को मालूम नहीं

### 10 दिसंबर, 2018 को हावड़ा निगम में बोर्ड की मियाद हुई थी खत्म

10 दिसंबर, 2018 को हावड़ा नगर निगम में बोर्ड की मियाद खत्म हुई. उम्मीद थी कि 2019 के अप्रैल महीने तक निगम चुनाव सरकार करा देगी. पूरा साल बीत गया, लेकिन चुनाव नहीं हुआ. सरकार की ओर निगम आयुक्त बिजन कृष्णा को प्रशासक बनाया गया. वर्ष 2020 में चुनाव होने का संभावना बनी ही थी कि कोविड-19 ने देश में दस्तक दे दी और साल 2020 भी नगर निगम का चुनाव कराये बिना ही बीत गया. 2021 में विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गयी. विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस विजयी हुई और राज्य में तीसरी बार पार्टी की सरकार बनी. राज्य में फिर से तृणमूल के सत्तारूढ़ पर लगा कि अब हावड़ा नगर निगम का भी चुनाव हो जायेगा, पर ऐसा हुआ नहीं. जैसे-तैसे चुनाव टलता ही रहा. इस तरह एक-एक साल कर सात वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक हावड़ा नगर निगम का चुनाव नहीं हो सका. होगा भी कब, यह किसी को पता नहीं.



### 29 वर्षों बाद हावड़ा नगर निगम में ढहा था वामपंथियों का लाल दुर्ग

1984 में तत्कालीन वाममोर्चा सरकार ने हावड़ा नगरपालिका को नगर निगम बनाया था. कुल 50 वार्डों को लेकर हावड़ा नगर निगम का सफर शुरू हुआ. आलोक दत्ता दास निगम के पहले मेयर बने. पांच साल बाद बोर्ड का कार्यकाल पूरा हुआ और 1989 में हुए निगम चुनाव में फिर से वाममोर्चा ने जीत हासिल की. निगम में दूसरी बार वाममोर्चा का बोर्ड बना, लेकिन इस बार माकपा के कद्दावर नेता व पूर्व सांसद स्वदेश चक्रवर्ती (दिवंगत) मेयर बने. श्री चक्रवर्ती के नेतृत्व में पांच साल का कार्यकाल पूरा हुआ. तीसरी बार, 1994 में निगम चुनाव में फिर से लाल परचम लहराया और स्वदेश चक्रवर्ती ही दूसरी बार मेयर बने. 1989 में पार्टी ने उन्हें हावड़ा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया और वह सांसद बनकर दिल्ली पहुंचे. इसी बीच, 1999 में निगम चुनाव में फिर से वाममोर्चा ने बाजी मारी और सुविनय घोष मेयर बनकर पहुंचे. लेकिन एक साल बाद ही उनका निधन हो गया. इसके बाद गोपाल मुखर्जी ने मेयर का पदभार संभाला. श्री मुखर्जी का कार्यकाल 2008 में खत्म हुआ. यह वह दौर था, जब राज्य में तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी विपक्ष की नेता बनकर उभर रही थीं. वर्ष 2008 के निगम चुनाव में वाममोर्चा फिर से विजयी रही और निगम के इतिहास में पहली बार एक महिला मेयर और डिप्टी मेयर बनीं. ममता जायसवाल मेयर और कावेरी मित्रा डिप्टी मेयर बनायी गयीं. 2013 में बोर्ड की मियाद खत्म हुई. इस समय राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी थी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की लहर थी. वर्ष 2013 के निगम चुनाव में पहली बार लाल दुर्ग ढहा और तृणमूल कांग्रेस ने बोर्ड का गठन किया. डॉ रथीन चक्रवर्ती को मेयर बनाया गया. पूरे निगम मुख्यालय का कायाकल्प बदल गया. पांच साल के बाद 10 दिसंबर, 2018 को बोर्ड की मियाद खत्म हो गयी.

### 2015 में बाली नपा का हावड़ा निगम में हुआ था विलय

बाली, बेलूड़ और लिलुआ अंचल के लोगों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने बाली नगरपालिका को हावड़ा नगर निगम में विलय कर दिया. यहां के 35 वार्डों का परिसीमन कर 16 वार्ड किये गये. इसके बाद यहां चुनाव हुआ और सभी वार्डों में तृणमूल कांग्रेस विजयी रही. इसके बाद बाली के 16 वार्डों को हावड़ा नगर निगम के 50 वार्डों के साथ जोड़ दिया गया, जिससे वार्डों की संख्या बढ़ कर 66 हो गयी. तीन साल बाद वर्ष 2018, 10 दिसंबर निगम में बोर्ड की मियाद खत्म हो गयी. बाली अंचल के लोगों को निगम की सेवा सिर्फ तीन वर्षों तक ही मिला. बाली अंचल के लोगों को यह विलय पसंद नहीं था, इसलिए विधानसभा चुनाव के बाद राज्य सरकार ने बाली नगरपालिका को हावड़ा नगर निगम से अलग करने का फैसला लिया. विधानसभा में इसे लेकर बिल भी पारित कर दिया गया, लेकिन तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने इस बिल पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया. उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से बाली नपा को निगम में जोड़ने और उसे अलग करने को लेकर जवाब मांगा, लेकिन सरकार की ओर से जवाब नहीं मिला. दोनों पक्षों के बीच चली इस तनातनी में निगम का चुनाव टलता चला गया. इन तमाम कानूनी अड़चनों के बावजूद सरकार ने बाली नगरपालिका को अलग कर दिया और हावड़ा नगर निगम में वार्डों की संख्या घट कर 50 हो गयी.

### आठ वार्डों को तोड़ कर 16 करने का लिया गया फैसला

राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन ने हावड़ा नगर निगम क्षेत्र में 16 वार्डों को परिसीमन के तहत बढ़ाने का फैसला लिया. डीएम के निर्देश पर परिसीमन का काम शुरू हुआ और यहां के आठ वार्डों को तोड़ कर 16 वार्ड करने का निर्णय लिया गया. डीएम कार्यालय में परिसीमन को लेकर सर्वदलीय बैठक हुई थी, जिसमें शामिल विपक्षी दलों के नेताओं ने जिला प्रशासन द्वारा किये गये परिसीमन पर सवाल उठाया और जवाब मांगा. बताया जाता है कि परिसीमन करने का फैसला फाइलों में ही सिमट कर रह गया.

### शहर में परेशानियों की फेहरिस्त लंबी

बारिश के दिनों बदतर निकासी व्यवस्था, पूरे शहर में सड़कों की बदहाली, गर्मी में पेयजल की किल्लत, जल जमाव, सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिलना, अस्थायी सफाई कर्मचारियों का काम बंद, ठेकेदारों का करोड़ों रुपये बकाया जैसी कई छोटी-बड़ी समस्याओं से लोग परेशान हैं.

### करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप कलकत्ता हाइकोर्ट में याचिका दायर

हावड़ा नगर निगम में करोड़ों रुपये घोटाला का मामला सामने आया है. इसे लेकर समाजसेवी अमन श्रीवास्तव ने हाइकोर्ट में याचिका भी दायर की है. आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत भेजी गयी राशि का कोई हिसाब निगम के पास नहीं है. यह घोटाला 300 करोड़ रुपये से अधिक का बताया जा रहा है.

**मेयर के नाम व उनका कार्यकाल**

| | |
|---|---|
| आलोक दत्ता दास | 1984-89 |
| स्वदेश चक्रवर्ती | 1989-99 |
| सुविनय घोष | 1999-2000 |
| गोपाल मुखर्जी | 2000-08 |
| ममता जायसवाल | 2008-13 |



वर्ष 2013 में निगम में लाल दुर्ग ढहने के बाद तृणमूल कांग्रेस का बोर्ड बना. विपक्षी पार्षदों की संख्या महज आठ थी. बोर्ड गठन के बाद चार विपक्षी पार्षदों (कांग्रेस) ने तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया. विपक्षी पार्षदों की संख्या आठ से कम होकर चार पर आ गयी. पांच साल के कार्यकाल में तृणमूल कांग्रेस के बोर्ड ने संविधान को ताक पर रखकर जमकर मनमानी की. पार्क बनाने और शहर में सौंदर्यीकरण के नाम पर सरकारी फंड की लूट हुई. मासिक अधिवेशन की बैठक में विरोध करने पर विपक्षी पार्षद के साथ मारपीट तक की गयी और हाउस से धक्का देकर निकाल दिया गया. उन्हें बोलने से रोका गया. वाम जमाने में हुए अवैध निर्माण के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए तृणमूल की बोर्ड ने अंधाधुंध तरीके से अवैध निर्माण किया.

**उमेश राय,** प्रदेश सचिव, भाजपा



यह समझ के बाहर है कि आखिर सरकार हावड़ा नगर निगम का चुनाव क्यों नहीं करा रही है. पूरे देश व राज्य में चुनाव समय पर हो रहा है. वर्ष 2022 में निगम चुनाव पूरे राज्य में हो गया, लेकिन हावड़ा और बाली में नहीं हुआ. चुनाव को लेकर सरकार की मंशा क्या है, यह हम सभी को नहीं समझ में आ रहा है. सात साल से दोनों जगहों पर चुनाव नहीं हुआ है. बाली नगरपालिका के अंतर्गत आने वाले वार्डों की हालत बद से बदतर है. सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने पर कई दिनों तक सड़क किनारे कचरे का ढेर पड़ा रहता है. कोई सुध लेने वाला नहीं है. महिलाएं सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रही है. स्थिति बेकाबू हो चुकी है.

**पुनीत सिंह,** प्रदेश अध्यक्ष, जनता दल (सेकुलर)



चुनाव को टाल कर सरकार ने कभी निगम में प्रशासक बनाया, तो कभी प्रशासनिक बोर्ड का गठन कर दिया. हालांकि इससे लोगों को कोई लाभ नहीं हुआ. पार्षद नहीं होने से लोगों को एक मामूली काम के लिए विधायक के घर जाना पड़ता है. निगम के पास पिछले चार साल के खर्च का कोई हिसाब नहीं है. करोड़ों रुपये का गबन हुआ है. केंद्र सरकार द्वारा भेजी गयी राशि को अपने तरीके से खर्च किया गया है. इसे लेकर हाइकोर्ट में मामला भी हुआ है. जहां-तहां पार्किंग कर वाहन चालकों से वसूली हो रही है. पिछले 10 साल में हावड़ा से लेकर बाली तक अवैध निर्माण बिना किसी रोक-टोक के हुआ है. चुनाव जरूर कराये जायें, लेकिन घोटाले की भी जांच हो.

**तारकनाथ श्रीवास्तव,** महासचिव, प्रदेश कांग्रेस सेवा दल

---

## सिटी बाइट्स



### चुंचुड़ा नगरपालिका में सौमित्र बने नये चेयरमैन

**हुगली.** हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका में चेयरमैन पद का कार्यभार गुरुवार को सौमित्र घोष ने संभाल लिया. उनसे पहले यह पद अमित राय के पास था. बताया गया कि पालिका संचालन में कमजोर प्रदर्शन और लोकसभा चुनाव में कम वोट मिलने के कारण पार्टी ने अमित राय से इस्तीफा देने को कहा था. शुरुआती अनिच्छा के बाद अंततः उन्होंने इस्तीफा दे दिया. सौमित्र घोष ने चेयरमैन पद की शपथ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर मौली सान्याल से ली. कार्यक्रम में हुगली जिला परिषद के सभाधिपति रंजन धारा, विधायक असित मजूमदार, विधायक अरिंदम गुंई, बांसबेड़िया नगर पालिका के चेयरमैन तापस मुखर्जी, वाइस चेयरमैन पार्थो साहा, सीआईसी जयदेव अधिकारी, दिव्येंदु अधिकारी, जिला महिला तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष मौसमी बसु चटर्जी, जिलापरिषद सदस्य मौसमी घोष सहित कई पार्षद मौजूद रहे. शपथ के बाद सौमित्र घोष अपने कक्ष में पहुंचे और वहां लगी सभी विभूतियों की तस्वीरों को नमन किया. उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से जनता उन्हें वार्ड 30 से चुनकर भेजती रही है.

### रासायनिक कारखाने के बाहर ड्रम में लगी आग

**हावड़ा.** डोमजूर थाना अंतर्गत मोतीझील इलाके में स्थित एक रासायनिक कारखाने के बाहर रखे एक ड्रम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी. बताया जा रहा है कि ड्रम में डीजल रखा हुआ था. घटना की खबर मिलते ही दमकल के तीन इंजन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया. इस अग्निकांड से कारखाने को नुकसान नहीं पहुंचा है. साथ ही किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

### चंडीतला में पर्यावरण सुरक्षा अभियान की शुरुआत

**हुगली.** चंडीतला थाना और हुगली ग्रामीण जिला पुलिस ने मिलकर एक अनोखी पर्यावरण सुरक्षा पहल शुरू की है. पुलिस अधीक्षक कामनाशीष सेन के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के युवा भी इस अभियान से जुड़ गये हैं. अभियान का उद्देश्य है, जॉगिंग करते समय रास्ते से कचरा उठाकर इलाके को साफ रखना. चंडीतला के थानेदार अनिल कुमार राज ने बताया कि वे केवल दौड़ने के लिए नहीं निकलते है, बल्कि अपने आसपास की सफाई की जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आये हैं. उनका मानना है कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए छोटे-छोटे कदम ही बड़े बदलाव लाते हैं. प्लॉगिंग अभियान के दौरान आज प्रतिभागियों ने सड़क किनारे पड़े प्लास्टिक, बोतलें, रैपर और अन्य बिखरे कचरे को उठाकर साफ किया. अनिल कुमार राज का कहना है कि इस तरह की जागरूकता से युवा पीढ़ी में जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी और चंडीतला को स्वच्छ एवं हरित बनाने में मदद मिलेगी.

### कमरहट्टी क्षेत्र की सड़कों की बदलेगी सूरत

**बैरकपुर.** राज्य में पथश्री परियोजना के चौथे चरण की शुरुआत की गयी. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को सड़क निर्माण का वर्चुअली शिलान्यास किया. उत्तर 24 परगना के कमरहट्टी नगर पालिका के चेयरमैन गोपाल साहा ने मीडिया को बताया कि पथश्री परियोजना के तहत सभी अलग-अलग नगरपालिकाओं के अंतर्गत बदहाल सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत कार्य के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दी जा रही है. इसके तहत कमरहट्टी नगरपालिका को 40 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी गयी है.

## पैटिस कांड में उत्तरपाड़ा के युवक की हुई गिरफ्तारी

- पीड़ित की सास ने कहा, चिकेन पैटिस को वेज पैटिस समझ कर खा लिया था उनके दामाद ने

**प्रतिनिधि, हुगली**

कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में हुए 'पैटिस कांड' के विवाद में हुगली के उत्तरपाड़ा के एक युवक की गिरफ्तार कर लिया गया है. इसे लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप तीव्र हो उठा है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की तड़के उत्तरपाड़ा नगरपालिका के 14 नंबर वार्ड, 10 ज्ञानेंद्र एवेन्यू के निवासी तापस भट्टाचार्य को कोलकाता के मैदान थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया.



युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है. 189(2) : अवैध जमावड़ा, 126(2) : किसी को अवैध रूप से रोकना, 115(2) : इरादतन चोट पहुंचाना, 324(2) : खतरनाक हथियार से चोट पहुंचाना, 299 : धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करना शामिल है.

उल्लेखनीय है कि 7 दिसंबर को कोलकाता के ब्रिगेड मैदान में 'लाखों कंधों से गीता पाठ' कार्यक्रम आयोजित किया गया था. इसी कार्यक्रम के दौरान एक पैटिस विक्रेता को पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी. घटना के बाद शिकायत दर्ज हुई और पुलिस ने जांच शुरू की, जिसके आधार पर उत्तरपाड़ा से तरुण भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया गया. तरुण ने खुद भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने घटना के समय मौजूद रहने की बात कही थी.

तरुण की सास साथी मुखोपाध्याय ने मीडिया से कहा, मेरे दामाद ने 'वेज पैटिस' समझ कर खाया था, बाद में पता चला कि वह चिकन पैटिस था. उसने विक्रेता को दुकान हटाने को कहा था, लेकिन वह हँस रहा था. बाद में और लोग आ गए. किसी ने थप्पड़ मारा, किसी ने उठक-बैठक करवायी. मेरा दामाद भाजपा समर्थक है और प्रमोटिंग का व्यवसाय करता है. तृणमूल कांग्रेस के उत्तरपाड़ा शहर अध्यक्ष इंद्रजीत घोष ने आरोप लगाया कि भाजपा धर्म के नाम पर जहर फैलाती है. समाज को बांटने का काम करती है. उत्तर प्रदेश समेत कई जगह ऐसे कांड इनके लोग कर चुके हैं. पुलिस ने कानून के अनुसार कार्रवाई की है.

## गंगा से अवैध बालू खनन पर लगे रोक : अर्जुन सिंह

- पूर्व सांसद ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की कार्रवाई की अपील

**बैरकपुर.** उत्तर 24 परगना के बैरकपुर कैंटोनमेंट बोर्ड के धोबी घाट इलाके से अवैध बालू खनन का आरोप लगाते हुए बैरकपुर के पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है. उन्होंने वीडियो पोस्ट कर लिखा है कि बैरकपुर कैंटोनमेंट बोर्ड इलाके में धोबी घाट के पास नदी से अवैध बालू खनन किया जा रहा है. इसके लिए मोटर और पे लोडर का इस्तेमाल किया जा रहा है. यह अवैध कार्य एक विधायक की सुरक्षा में असामाजिक तत्वों व तृणमूल पार्षदों द्वारा किया जा रहा है. उन्होंने लिखा है कि वह राजनाथ सिंह से अनुरोध करते हैं कि इस मामले को देखें और इसे रोकें, क्योंकि यह इलाका रक्षा मंत्रालय और पोर्ट ट्रस्ट के अंतर्गत आता है. उन्होंने आगे लिखा है कि वह राज्य की मुख्यमंत्री और बैरकपुर सिटी पुलिस के कमिश्नर से भी अनुरोध करते हैं कि इस अवैध गतिविधि में शामिल लोगों और उनके संरक्षकों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें.



### मैंग्रोव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन पर जागरूकता कार्यक्रम

**कोलकाता.** दक्षिण 24 परगना के सुंदरवन में गुरुवार को 'सुंदरवन दिवस' बड़े उत्साह के साथ मनाया गया. 2002 से शुरू हुई यह परंपरा हर वर्ष 11 दिसंबर को तटवर्ती क्षेत्रों में मनायी जाती है. इस वर्ष भी कुलतली, कैनिंग, गोसाबा, बासंती, जयनगर, सागर, नामखाना, पाथरप्रतिमा सहित कई क्षेत्रों में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये गये. कई स्थानों पर 'सुंदरवन दिवस' की शुरुआत शोभायात्रा से हुई, जिसमें स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभायी. आदिवासी संस्कृति को दर्शाने वाला आदिवासी नृत्य और टुसु नाच कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा. पर्यावरण संरक्षण के संदेश को मजबूती देने के लिए मैनग्रोव पौधों के लगभग 300 चारे बांटे गये. लोगों को मैनग्रोव बचाने और सुंदरवन की जैव-विविधता को संरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया.

## तृणमूल कार्यालय में कार्यकर्ता की पिटाई, चार लोग गिरफ्तार

- प्रिंस यादव पर हथियारबंद समूह का हमला, इलाके में तनाव


**बैरकपुर.** नैहाटी के गौरीपुर में तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय के भीतर ही एक कार्यकर्ता की बेरहमी से पिटाई किये जाने की घटना से क्षेत्र में तनाव फैल गया है. घायल कार्यकर्ता का नाम प्रिंस यादव बताया जा रहा है, जो हाजीनगर का निवासी है. घटना के बाद पुलिस ने इलाके में पिकेट तैनात कर दी है और इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार प्रिंस यादव नैहाटी में बड़ो मां को पूजा देने के बाद बाइक से लौट रहा था. आरोप है कि तभी 10-12 लोगों के एक समूह ने उसे गौरीपुर में तृणमूल पार्टी कार्यालय के सामने रोका और दफ्तर के अंदर ले जाकर उसकी जमकर पिटाई की. हमलावरों के हाथ में हथियार भी होने का आरोप लगाया गया है. हमले में प्रिंस गंभीर रूप से घायल हुआ और उसका सिर फट गया. स्थानीय लोगों की मदद से उसे कल्याणी के जेएनएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना से गुस्साये स्थानीय लोगों ने सड़क जाम करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तुरंत यातायात बहाल कर दिया. साथ ही लोगों ने हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है. नैहाटी नगरपालिका के चेयरमैन अशोक चटर्जी ने कहा कि यह पार्टी से जुड़ा मामला नहीं है. यदि किसी प्रकार का आंतरिक विवाद है, तो पार्टी इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगी. नैहाटी के तृणमूल विधायक सनत दे ने भी घटना से पार्टी का संबंध न होने की बात दोहराई.

## जूट की खुदरा कीमत में रिकॉर्ड वृद्धि 10 हजार रुपये प्रति क्विंटल पहुंची

- जूट मिलें बंद होने के कगार पर

**संवाददाता, कोलकाता**

भारत के इतिहास में पहली बार कच्चे जूट की कीमत 10,000 रुपये प्रति क्विंटल का आंकड़ा पार कर गयी है. जूट बेलर्स एसोसिएशन ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की. कच्चे जूट की कीमत में यह वृद्धि होने के बाद अब देश की आधे से अधिक जूट मिलें मार्च 2026 तक बंद होने की कगार पर पहुंच गयीं हैं. बताया गया है कि टीडी-5 ग्रेड दक्षिण बंगाल जूट का कोटेशन गुरुवार को मिल डिलीवरी के लिए 10,000 रुपये प्रति क्विंटल पर तय किया गया है. उच्च ग्रेड पश्चिम बंगाल किस्में 10,050-10,550 रुपये प्रति क्विंटल में बिक रही हैं.



इस बढ़ी कीमत से जूट किसानों को लाभ पहुंच रहा है, लेकिन जूट मिलों पर नुकसान का बोझ बढ़ता जा रहा है. किसान अब अपनी उत्पादन लागत का 1.5 गुना रिटर्न प्राप्त कर रहे हैं. इससे पहले 2024-25 में जब सरकार ने न्यूनतम समर्थन कीमत (एमएसपी) 5,650 रुपये प्रति क्विंटल तय किया था, तब किसानों को 11 प्रतिशत कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर किया गया था. लेकिन इस बार कच्चे जूट की कीमत में वृद्धि का यह समय जूट किसानों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, जो साल भर से भारी नुकसान झेल रहे थे.

किसानों का यह लाभ जूट मिलों के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो रहा है. भारतीय जूट मिल एसोसिएशन (आइजेएमए) ने चेतावनी दी है कि मौजूदा कीमत संरचना आधी मिलों के लिए अव्यवहारिक है. मार्च 2026 तक देश की आधी से अधिक जूट मिलें बंद हो सकती हैं. संगठन ने बताया कि 10 मिलें पहले से ही बंद होने के कगार पर हैं.

## ग्रामीण सड़कों पर रफ्तार तेज : हुगली में 'पथश्री-रास्ताश्री' योजनाओं की समीक्षा



समीक्षा बैठक में शामिल डीएम व अन्य.

**प्रतिनिधि, हुगली**

राज्य सरकार की 'पथश्री-रास्ता श्री' योजना के तहत हुगली जिले में चल रहे विभिन्न ग्रामीण सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक गुरुवार को पोलबा दादपुर ब्लॉक के महानाद ग्राम पंचायत स्थित शीतला प्राइमरी स्कूल प्रांगण में संपन्न हुई. इस बैठक में ब्लॉक क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी. बैठक में जिला परिषद के सभाधिपति रंजन धारा, जिलाधिकारी खुर्शीद अली कादरी, एडीएम जिला परिषद अनुज प्रताप सिंह, खाद्य प्रसंस्करण विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी ओंकार सिंह मीणा, विधायक तपन दास गुप्ता, विधायक अरिंदम गुंई, विधायक असित मजूमदार, जिला परिषद सचिव मृणाल कांति गुंई, जिला नोडल ऑफिसर पथश्री पार्थ कर्मकार सहित कई अधिकारी मौजूद थे. जिलाधिकारी खुर्शीद अली कादरी ने बताया कि जिले के 770 से अधिक ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण का कार्य चतुर्थ फेज में तेजी से चल रहा है. इन सड़कों की कुल लंबाई 945 किलोमीटर है. पंचायत समिति की 350, जिला परिषद की 125, राज्य योजना की 94 तथा पीएमजीएसवाई व अन्य योजनाओं की 18 सड़कों सहित अब तक लगभग 430 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं. अधिकारियों के अनुसार अंत्योदय दृष्टि से जिले में कुल 2025 ग्रामीण सड़कों की पहचान की गयी है, जिनकी लंबाई लगभग 1,299 किलोमीटर है. पहला फेज में 1,021 रास्तों का कार्य पूरा हो चुका है जिसकी लंबाई 1,299 किलोमीटर है. दूसरे फेज में 639 रास्ते (909 किलोमीटर) एवं तीसरे फेज में 376 रास्ते (390 किलोमीटर) भी पूर्ण किये जा चुके हैं.




## सिटी बाइट्स



### श्री जैन विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**हावड़ा.** श्री जैन विद्यालय (गर्ल्स) में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. इसमें कक्षा 11वीं एवं प्री प्राइमरी की छात्राओं ने हिस्सा लिया. छात्राओं की प्रस्तुति देखकर अतिथियों व अभिभावकों ने उनकी प्रशंसा की. छात्राओं द्वारा लगाये गये मॉडल स्टॉप पर निरीक्षण कर उनसे कई सवाल-जवाब किये. छात्राओं ने दक्षतापूर्वक मॉडल के बारे में विस्तार से बताकर सभी को संतुष्ट किया. प्रदर्शनी में थर्मल पावर प्लांट्स, हाइड्रोलिक पाथवे, रोबोट आर्म, सोलर सिस्टम, लंदन ब्रिज, मॉडल ऑफ रॉकेट, जिओ स्टेशन सैटलाइट आदि मॉडल की प्रस्तुति की. यह प्रदर्शनी जिन शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में हुई, उनमें मुख्य रूप से सुचिस्मिता भट्टाचार्य (प्रदर्शनी संयोजिका), संचिता चौधरी, श्रीजीता बाग, राय बनर्जी, नेहा मिश्रा, सुजाता घीया, रजनी रावत, नेहा हलवाई, शोभना दास, सामंती हाजरा आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही. इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल, प्रिंसिपल इंदु जोसफ चौधरी, विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया सहित अन्य शामिल थे.

### हावड़ा में 159 सड़कों की होगी मरम्मत

**हावड़ा.** राज्य की सड़क परियोजनाएं 'पथश्री' और 'रास्ताश्री' के अंतर्गत हावड़ा शहर में 159 सड़कों (166.3235 किलोमीटर) का मरम्मत कार्य होगा. यह जानकारी हावड़ा नगर निगम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. जानकारी के अनुसार, इन सड़कों के मरम्मत कार्य के लिए 37 करोड़ 12 लाख 23,187 हजार रुपये आवंटित किये गये हैं. बता दें कि शहर में अधिकतर सड़कों की हालत खराब हो चुकी है. दुर्गापूजा के पहले मरम्मत कार्य की गयी थी, लेकिन सड़कों की स्थिति फिर से बिगड़ गयी है.

### अंडमान-निकोबार : देशभक्ति का समारोह आज

**कोलकाता.** सागरा प्राण तळमळला कालजयी कविता को 116 साल पूरे हो गये. इसके रचियता वीर विनायक दामोदर सावरकर थे. इस ऐतिहासिक अवसर के उपलक्ष्य में वैल्युएबल ग्रुप द्वारा शुक्रवार अपराह्न तीन बजे श्री विजयपुरम, पोर्ट ब्लेयर में "सागर प्राण तळमळला" नामक भव्य स्मारक समारोह का आयोजन किया गया है. इस अवसर पर बेओदानाबाद में समुद्र किनारे स्थापित वीर सावरकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा. यह अनावरण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत करेंगे. मौके पर गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रह सकते हैं. इसके साथ ही महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य और आइटी मंत्री आशीष शेलार, पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, उषा मंगेशकर, रणदीप हुड्डा, डॉ विक्रम संपत और शरद पोंक्षे जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व भी इस अवसर की शोभा बढ़ायेंगे.

### बच्चों को बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा देने की पहल



**कोलकाता.** माइलस्टोन सिस्टम्स ने उत्तर कोलकाता में कलकत्ता रेस्क्यू के पाठशाला स्कूल में बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा के लिए मदद की है. कंपनी ने अपनी सालाना कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत क्लासरूम रिसोर्स बढ़ाने और ज़रूरतमंद बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए कलकत्ता रेस्क्यू को जरूरी मदद की. इस मौके पर माइलस्टोन सिस्टम्स की सेल्स डायरेक्टर, इंडिया दिया गिरीश ने कहा कि कलकत्ता रेस्क्यू के साथ हमारा जुड़ाव ज़रूरतमंद बच्चों को सपोर्ट करने और एक बेहतर, ज़्यादा बराबर भविष्य बनाने में मदद करने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है. इस मौके पर कलकत्ता रेस्क्यू के सचिव स्नेहाशीष भौमिक, माइलस्टोन सिस्टम्स की ओर से वनीथा ए, शरद खरे, सुनील कुमार, अभि चटर्जी, प्रोसेनजीत मन्ना, विनोद शर्मा व अभिनव शर्मा मौजूद थे.

### डॉक्टर्स च्वॉयस ने धिनल ब्रह्मभट्ट को बनाया सीबीओ

**कोलकाता.** प्रमुख एडिबल ऑयल ब्रांड डॉक्टर्स च्वॉयस (बजबज रिफाइनरीज लिमिटेड अर्थात बीबीआरएल का फ्लैगशिप ब्रांड) ने धिनल ब्रह्मभट्ट को अपना नया चीफ बिजनेस ऑफिसर (सीबीओ) नियुक्त किया है. अपनी नयी भूमिका में वे ब्रांड के रणनीतिक विस्तार, प्रमुख बाजारों में उपस्थिति को मजबूत करने और बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन व सेल्स ग्रोथ से जुड़े प्रयासों का नेतृत्व करेंगे. एफएमसीजी, टेलीकॉम और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स जैसे क्षेत्रों में 24 वर्ष से अधिक के अनुभव के साथ ब्रह्मभट्ट बिजनेस स्ट्रेटेजी, चैनल डेवलपमेंट और मार्केट एक्सीक्यूशन में गहरी विशेषज्ञता रखते हैं. इस संबंध में बीबीआरएल के एमडी और सीईओ बिजय अग्रवाल ने कहा कि हम धिनल ब्रह्मभट्ट का डॉक्टर्स' च्वॉयस नेतृत्व टीम में स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं. उपभोक्ता-केंद्रित ब्रांड्स को विकसित करने और ग्रोथ ड्राइव करने में उनका अनुभव हमारी बाजार उपस्थिति को और मजबूत करेगा और विश्वसनीयता व गुणवत्ता की हमारी विरासत को आगे बढ़ायेगा.

### फर्जी खबर से राजनीतिक हलचल, भाजपा नेता देबब्रत विश्वास ने की कानूनी कार्रवाई

**हुगली.** सोशल मीडिया पर फैली एक झूठी सूचना ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है. यूट्यूब चैनल आंते घा पर प्रकाशित एक वीडियो में दावा किया गया कि भाजपा नेता और चुंचुड़ा-मगरा पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष देबब्रत विश्वास को जाली नोट मामले में गिरफ्तार किया गया है. वीडियो में उनकी तस्वीर का उपयोग भी किया गया है, जिससे बांसबेड़िया और आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया. देबब्रत विश्वास ने बताया कि समर्थकों से मिली जानकारी के बाद वे स्वयं भी स्तब्ध रह गये. उन्होंने तुरंत मगरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी और साइबर क्राइम सेल को भी मामले से अवगत कराया. उनका आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व सोची-समझी साजिश के तहत उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि आगामी चुनाव को प्रभावित किया जा सके.

बंगाल की अन्य खबरें देखें पेज 09 पर भी

प्रेम संबंध के मामले में कलकत्ता हाइकोर्ट का स्पष्ट निर्णय

# सेक्स के लिए सहमति नहीं दे सकती नाबालिग, आरोपी की सजा बरकरार

**पीड़िता का बयान और डीएनए रिपोर्ट पर्याप्त साक्ष्य**

संवाददाता, कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए कहा कि प्रेम संबंध होने के बावजूद नाबालिग किसी भी प्रकार के यौन संबंध के लिए वैध सहमति नहीं दे सकती. अदालत ने स्पष्ट किया कि नाबालिग की ओर से दी गयी सहमति कानूनन स्वीकार्य नहीं होती और पॉक्सो अधिनियम के तहत उसे मान्यता नहीं दी जा सकती.

न्यायाधीश राजशेखर मंथा और न्यायाधीश अजय कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने यह टिप्पणी वर्ष 2014 के एक मामले की सुनवाई के दौरान की. मामले के अनुसार, पीड़िता उस समय नाबालिग थी और 2016 में प्रेम संबंध के दौरान आरोपी युवक के साथ शारीरिक संबंध बने. आरोप है कि इसके बाद कई बार पीड़िता की आपत्ति के बावजूद युवक ने जबरन संबंध बनाये, जिसके परिणामस्वरूप वह गर्भवती भी हुई.

बाद में युवक ने पितृत्व स्वीकारने से इनकार कर दिया, जिसके बाद नारकेलडांगा थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी. निचली अदालत ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी. इस फैसले को चुनौती देते हुए आरोपित की ओर से उच्च न्यायालय में अपील



दायर की गयी, जिसमें नाबालिग की उम्र और उसकी सहमति को आधार बनाया गया. सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने कहा कि यदि पीड़िता का बयान और डीएनए रिपोर्ट आरोपों की पुष्टि करते हैं, तो किसी अतिरिक्त साक्ष्य की आवश्यकता नहीं रहती. अदालत ने यह भी दोहराया कि प्रेम संबंध का अस्तित्व नाबालिग की सहमति को वैध नहीं बनाता. भले ही उसने सहमति दी हो, वह कानून की नजर में मान्य नहीं है. खंडपीठ ने निचली अदालत द्वारा दी गयी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा. साथ ही राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि 15 दिनों के भीतर पीड़िता को 1.80 लाख रुपये मुआवजे के रूप में दिए जाएं. अदालत ने आरोपी को अतिरिक्त दो लाख रुपये क्षतिपूर्ति के तौर पर देने का आदेश भी दिया. यदि आरोपी फिलहाल जमानत पर है, तो उसे तुरंत आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिये गये हैं.

## जादवपुर यूनिवर्सिटी ने जेईएलईटी एडमिशन फिर से शुरू किया

- डिप्लोमा छात्रों को ऑनलाइन कोर्सवर्क व प्रोविजनल एडमिशन के विकल्प

संवाददाता, कोलकाता

जादवपुर यूनिवर्सिटी ने जेईएलईटी के जरिये बीटेक में लैटरल एडमिशन पर रोक संबंधी अपना पूर्व निर्णय बदलते हुए डिप्लोमा होल्डर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया फिर शुरू कर दी है. प्रवेश में हुई देरी से छूटे हुए कोर्सवर्क की भरपाई के लिए छात्रों के सामने दो विकल्प रखे गये हैं, ऑनलाइन सप्लीमेंट्री क्लास में शामिल होना या अभी प्रोविजनल एडमिशन लेकर अगले वर्ष से क्लास शुरू करना.

इस वर्ष राज्य जेईई और जेईएलईटी, दोनों परीक्षाओं में देरी हुई. जेईएलईटी 18 अक्तूबर को आयोजित हुआ और काउंसलिंग बुधवार से शुरू होकर 26 दिसंबर तक चलेगी. सामान्यतः यह प्रक्रिया जुलाई-अगस्त में पूरी हो जाती है. देरी के कारण जेयू प्रशासन ने लैटरल एंट्री रोकने का विचार किया था, जिसका छात्रों और शिक्षक संगठनों ने विरोध किया. इसके बाद यूनिवर्सिटी ने निर्णय वापस ले लिया. यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी फैकल्टी के डीन पार्थ प्रतिम विश्वास ने बताया कि जेईएलईटी के जरिये एडमिशन लेने वाले छात्रों को केंद्र सरकार के विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध सप्लीमेंट्री क्लास में हिस्सा लेना होगा. दूसरा विकल्प यह है कि छात्र अभी प्रोविजनल एडमिशन लें और फरवरी में द्वितीय वर्ष की नियमित क्लास शुरू होने पर कैंपस में पढ़ाई शुरू करें. जेईएलईटी छात्रों की परीक्षाएं रेगुलर अनुसार होंगी, जबकि द्वितीय वर्ष के छात्र फरवरी में सप्लीमेंट्री परीक्षा देंगे. सूत्रों ने बताया कि ऑनलाइन अतिरिक्त क्लास चलाने के लिए यूनिवर्सिटी कुछ विजिटिंग फैकल्टी नियुक्त कर सकती है. जादवपुर यूनिवर्सिटी में जेईएलईटी के जरिये बीटेक के लिए कुल 150 सीटें निर्धारित हैं.

## 13 से 21 दिसंबर तक लगेगा हुगली-चुंचुड़ा पुस्तक मेला

प्रतिनिधि, हुगली

हुगली-चुंचुड़ा पुस्तक मेला का 17वां संस्करण इस वर्ष 13 दिसंबर से 21 दिसंबर तक चुंचुड़ा मैदान में आयोजित किया जायेगा. आयोजन समिति के सचिव गोपाल चाकी ने बताया कि मेले का उद्घाटन साहित्यकार अमर मित्र करेंगे. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यम राय चौधरी और विशेष अतिथि देवेश चट्टोपाध्याय होंगे. आयोजन को लेकर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में गोपाल चाकी के अलावा अरित्र शील, अमित राय, अरूप नाग, चित्रप्रिय शील और उत्तम मिश्रा उपस्थित थे. मेले में प्रतिदिन नृत्य, संगीत, नाटक, कविता पाठ, परिचर्चा, पुस्तक लोकार्पण जैसे विविध कार्यक्रम होंगे. पुस्तक मेला हर दिन दोपहर दो बजे से रात 9 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा. आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष ऑक्सफोर्ड, वुडपैकर सहित देश के कई प्रमुख प्रकाशक अपने नवीनतम प्रकाशनों के साथ मेले में भाग ले रहे हैं. मेले में कुल 133 स्टॉल लगाये जायेंगे. पिछले वर्ष यहां 52 लाख रुपये की पुस्तक बिक्री हुई थी.

कार्यक्रमों की श्रृंखला में वरिष्ठ साहित्यकारों के विशेष सत्र, जिला पुस्तकालय की ओर से वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों के लिए गतिविधियां तथा 'भारतीय भाषाओं का वैभव' विषय पर विशेष प्रदर्शनी भी शामिल है. इसके अलावा स्थानीय स्कूलों के छात्रों के लिए पेंटिंग, वाचन और क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी. प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों के लिए 1000, 500 और 300 रुपये के पुरस्कार निर्धारित किये गये हैं.

## सीएम ममता बनर्जी ने की 20,000 किमी नयी सड़कों के निर्माण की परियोजना की शुरुआत

**कृष्णानगर**

संवाददाता, कोलकाता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को राज्य की सबसे बड़ी सड़क परियोजनाओं में से एक का उद्घाटन किया. इस परियोजना के तहत विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले 'पथश्री' और 'रास्ताश्री' योजनाओं के अंतर्गत राज्य भर में 20,000 किलोमीटर से अधिक नयी सड़कों का निर्माण किया जायेगा. गुरुवार को नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इस योजना की शुरूआत की घोषणा की. इस परियोजना के लिए पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा. राज्य के कोष से पूरी तरह वित्त पोषित



सड़क परियोजना का उद्घाटन करने पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी.

इस योजना की कुल लागत 8,487 करोड़ रुपये है. मुख्यमंत्री ने बताया कि पश्चिम बंगाल के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 20,000 किलोमीटर से अधिक सड़कें बनायी जायेंगी, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 15,011 किलोमीटर सड़क निर्माण का काम 6,987 करोड़ रुपये की लागत से होगा. शहरी क्षेत्रों में शेष सड़क निर्माण पर शेष राशि खर्च की जायेगी.

### मुख्यमंत्री की सभा में महिलाओं की सोने की चेन चोरी

**कल्याणी.** नदिया जिले के कृष्णानगर में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की जनसभा के दौरान कई महिलाओं के सोने के हार चोरी हो गये. गुरुवार दोपहर बड़ी उम्मीदों के साथ भाषण सुनने पहुंची महिलाओं को सभा समाप्त होने के बाद पता चला कि भीड़ की आड़ में बदमाश उनके हार उड़ा ले गये. घटना का एहसास होते ही कई महिलाएं फूट-फूटकर रोने लगीं. पीड़ित महिलाओं का कहना है कि वे पहली बार मुख्यमंत्री का भाषण सुनने आयी थीं, मगर मौकापरस्त चोरों ने उनकी खुशी को दुख में बदल दिया. पुलिस के अनुसार लगभग 13 से 14 महिलाओं के सोने के हार चोरी होने की शिकायत मिली है. कृष्णानगर कॉलेज ग्राउंड में हुई सभा की सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

## सेक्स वर्कर को घर लाने में बाधा देने पर बेटे ने की मां की पिटाई, हुआ गिरफ्तार

संवाददाता, कोलकाता

सेक्स वर्कर को कोठे से घर लाने में बाधा देने पर बेटे ने मां की ही बेरहमी से पिटाई की है. आरोप है मां का न्यूड वीडियो रिकार्ड कर उसे कोठे पर ले जाकर रख आया. किसी तरह से महिला वापस घर लौटी. शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है. घटना उत्तर 24 परगना के बरानगर की है. जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार युवक का नाम भास्कर धर है.

वह बरानगर के शशिभूषण नियोगी गार्डन लेन का रहने वाला है. तीस साल के इस युवक के पिता की करीब 15 साल पहले मौत हो गयी थी. वह अपनी मां और एक बहन के साथ रहता है. आरोप है कि उसकी अपनी मां से कभी-कभी बहस होती थी. हाल ही में पता चला कि वह एक सेक्सवर्कर महिला को कोठे से घर लाना चाहता था. इसी बात पर उसकी मां और बहन से बहस शुरू हो गयी. आरोप है कि युवक की मां ने जब कोठे से महिला को घर लाने का विरोध किया, तो युवक ने मां को पीटना शुरू कर दिया. उसने अपनी मां का गला दबाकर उसे मारने की कोशिश की.

आरोप है कि इसके बाद उसने मां की ही अपने मोबाइल फोन में न्यूड वीडियो रिकॉर्ड किया. फिर वह अपनी मां को डरा-धमका कर उसी रात नॉर्थ कोलकाता के एक रेड लाइट इलाके में ले जाकर छोड़कर चला आया. सुबह-सुबह महिला किसी तरह बरानगर पहुंची. वह लोकल स्टेट जनरल हॉस्पिटल गयी. वहां इलाज कराने के बाद वह घर लौटी. उसने बरानगर थाने में शिकायत दर्ज करायी. शिकायत के आधार पर बुधवार रात पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया.

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 में हेरिटेज इंस्टीट्यूट की 'टीम वाटरलू' ने जीता नेशनल खिताब

- उन्नत गैर-कानूनी माइनिंग डिटेक्शन सिस्टम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मिली सराहना

संवाददाता, कोलकाता

हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एचआईटी) की स्टूडेंट टीम 'टीम वाटरलू' को स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 में एनसीआईआईपीसी इंडिया समस्या निवारण-एसआईएच-25232 (सॉफ्टवेयर एडिशन) के लिए नेशनल विजेता घोषित किया गया है. राष्ट्रीय समारोह में एआईसीटीई के चेयरमैन प्रो टीजी सीताराम ने टीम को सम्मानित किया.

टीम ने गैर-कानूनी माइनिंग की पहचान और विश्लेषण के लिए एक हाई-एंड प्लेटफॉर्म तैयार किया, जिसमें एसएआर-बेस्ड डीप-लर्निंग सर्च, डीईएम-ड्रिवन वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस, ऑटोमेटेड असेस्मेंट, 2डी और 3डी जियोस्पेशियल विजुअलाइजेशन



अवार्ड लेती एचआइटी की टीम.

और ऑफलाइन-रेडी एनालिटिकल एनवायरमेंट शामिल था. फिनाले के दौरान एनटीआरओ अधिकारियों ने अचानक मल्टीस्पेक्ट्रल डेटा से पूरी तरह एसएआर-ओनली आर्किटेक्चर में शिफ्ट होने का निर्देश दिया, जिसके बाद टीम ने रातों-रात सिस्टम का पुनर्निर्माण किया, नया एसएआर मॉडल ट्रेन किया और बैक एंड पाइपलाइन का ढांचा फिर से तैयार किया. सेसियम जेएस और थ्री.जेएस के साथ एक नया 3डी एनालिटिकल इंटरफेस भी विकसित किया गया.

टीम के समाधान की एक्यूरेसी, स्पीड, तकनीकी गहराई और वास्तविक उपयोगिता को देखते हुए निर्णायकों ने इसकी विशेष प्रशंसा की. देश भर से आए 72,000 से अधिक आइडिया और 68,000 से अधिक टीमों में से चयनित होना संस्थान के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ पीके अग्रवाल ने कहा कि यह जीत संस्थान की इनोवेशन स्पिरिट को प्रदर्शित करती है और छात्रों की वास्तविक राष्ट्रीय चुनौतियों को हल करने की क्षमता को साबित करती है.

विजेता टीम में अंकित कुमार, सौम्यदीप्ता डे (लीड), जीतादित्य रे, समद्रिता घोषाल, मयूख सेन और अर्नब घोष शामिल हैं. टीम को प्रो जॉयदेब हाजरा और प्रो मौसिकी कर ने मार्गदर्शन दिया. एचआईटी के प्रिंसिपल प्रो बासब चौधरी ने कहा कि छात्रों का यह प्रदर्शन संस्थान के मजबूत एकेडमिक इकोसिस्टम को दर्शाता है. बहुत कम समय में जटिल समाधान को नया रूप देना और इनोवेटिव मॉडल तैयार करना छात्रों की तकनीकी दक्षता का प्रमाण है. टीम वाटरलू को इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए बधाई दी गयी है.

## एचएस काउंसिल का परीक्षा शिड्यूल किया गया जारी

संवाददाता, कोलकाता

वेस्ट बंगाल काउंसिल ऑफ हायर सेकेंडरी एजुकेशन ने गुरुवार को अपनी ऑफिशियल वेबसाइट wbchse.wb.gov.in पर हाइस्कूल क्लास 12वीं उच्च माध्यमिक एग्जाम 2026 सेमेस्टर 3 सप्लीमेंट्री एग्जाम का शिड्यूल जारी कर दिया. परीक्षा दो फरवरी से 27 फरवरी, 2026 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक होगी. काउंसिल का एचएस का डेटशीट स्कूलों को भेजा गया है.



छात्रों को रूटीन चेक करने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट wbchse.wb.gov.in पर जाना होगा. सेमेस्टर 4 और सेमेस्टर 3 सप्लीमेंट्री और पुराने एनुअल-सिस्टम एग्जाम 12 फरवरी से 27 फरवरी, 2026 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक होंगे. जबकि सेमेस्टर 3 सप्लीमेंट्री एग्जाम दोपहर के छोटे स्लॉट में होंगे, जो सब्जेक्ट के हिसाब से दोपहर एक बजे से 2:15 बजे या दोपहर एक बजे से 1:45 बजे तक होंगे. 12 फरवरी 2026 को फर्स्ट लैंग्वेज पेपर, फरवरी 13 को सेकंड लैंग्वेज पेपर, फरवरी 17 को फिजिक्स, न्यूट्रिशन, एजुकेशन, अकाउंटेंसी का पेपर, फरवरी 18 को वोकेशनल सब्जेक्ट्स की परीक्षा, 19 फरवरी को मैथ्स, जर्नलिज्म, क्लासिकल लैंग्वेजेज, 20 फरवरी को बायोलॉजिकल साइंस, पॉलिटिकल साइंस, कॉस्टिंग और टैक्सेशन की परीक्षा, 21 फरवरी को हिस्ट्री, साइकोलॉजी, कमर्शियल लॉ, 23 फरवरी को केमिस्ट्री, जियोग्राफी, बिजनेस स्टडीज, 24 फरवरी को फिलॉसफी, 25 फरवरी को इकोनॉमिक्स, एंथ्रोपोलॉजी, एप्लाइड एआइ, 26 फरवरी को साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, सोशियोलॉजी, 27 फरवरी को कंप्यूटर साइंस, विजुअल आर्ट्स, म्यूजिक, फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा होगी.

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए राज्य सरकार ने कितनी जमीन दी है : हाईकोर्ट

**कोलकाता.** कलकत्ता हाइकोर्ट ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार के रवैये पर नाराजगी जतायी है. हाइकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल व न्यायाधीश पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच ने भूमि अधिग्रहण के लिए राज्य के संबंधित विभाग के प्रधान सचिव को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है. गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने दावा किया कि केंद्र ने 181 किमी क्षेत्र में बाड़ लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए राज्य सरकार को पहले ही फंड आवंटित कर दिया है, लेकिन अभी तक गृह मंत्रालय को जमीन का हस्तांतरण नहीं किया गया है. इसी मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब किया है. इस मामले की अगली सुनवाई 22 दिसंबर को होगी. मामले को लेकर जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता का दावा है कि राज्य में भारत-बांग्लादेश की सीमा पर 2216 किमी बॉर्डर एरिया में से 378 किमी में जमीन अधिग्रहण की समस्या के कारण कांटेदार तार की फेंसिंग नहीं दी हुई है.

# पारदर्शिता का सवाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति की अगले मुख्य सूचना आयुक्त (सीआइसी), आठ सूचना आयुक्तों और मुख्य सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) की नियुक्ति से संबंधित बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रस्तावित नामों पर असहमति जता कर वस्तुतः पारदर्शिता का ही मुद्दा उठाया है. प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति में विपक्ष के नेता की उपस्थिति यह सुनिश्चित करती है कि नियुक्ति प्रक्रिया में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की राय भी शामिल हो. जाहिर है, यह स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा का हिस्सा है. राहुल गांधी का कहना था कि उम्मीदवारों की प्रस्तावित सूची में दलित, आदिवासी, ओबीसी, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों की पर्याप्त मौजूदगी नहीं है, जो कि देश की जनसंख्या का 90 प्रतिशत हैं. गौरतलब है कि नेता विपक्ष ने कुछ सप्ताह पहले इन पदों के लिए प्रस्तावित उम्मीदवारों की सूची उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की थी. बुधवार को उन्हें जो सूची उपलब्ध करायी गयी, उनमें सात फीसदी उम्मीदवार और एक चयनित उम्मीदवार ही पिछड़े वर्ग से थे. उन्होंने चयन के लिए अपनाये गये मानदंड पर सवाल उठाये और प्रस्तावित नामों पर आपत्ति भी जतायी. उनका आरोप था कि इनकी छवि पारदर्शी नहीं है. उनका यह भी कहना था कि सरकार सूचना के अधिकार कानून को कमजोर कर रही है. सूचना के अधिकार अधिनियम के अनुसार, केंद्रीय सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त और दस सूचना आयुक्तों का प्रावधान है, जो आरटीआइ आवेदकों द्वारा उनके आवेदनों पर सरकारी अधिकारियों के असंतोषजनक आदेशों के विरुद्ध दायर शिकायतों और अपीलों पर निर्णय करते हैं. लेकिन सीआइसी की वेबसाइट के अनुसार, उसके पास 30,838 लंबित मामले हैं और दो सूचना आयुक्त हैं, जबकि आठ पद रिक्त पड़े हैं. साफ है कि केंद्रीय सूचना आयोग में कई पद खाली होने से कामकाज प्रभावित है. जहां तक मुख्य सूचना आयुक्त की बात है, तो पिछले सीआइसी के 13 सितंबर को रिटायर होने के बाद से यह पद भी खाली पड़ा है. अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, जब लोकपाल ने सात लग्जरी बीएमडब्ल्यू कारों के लिए टेंडर जारी किया था, जिसकी आलोचना हुई थी. मुख्य विपक्षी दल यदि यह कहता है कि सरकार महत्वपूर्ण निगरानी संस्थाओं की स्वतंत्रता को कमजोर कर रही है, तो इसे सिर्फ विपक्ष के आरोप तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए.

**मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्तों और मुख्य सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति से संबंधित प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति की बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रस्तावित नामों पर असहमति जता कर पारदर्शिता का ही मुद्दा उठाया है.**

# 24 घंटे के अंदर आपत्तिजनक डीपफेक हटेगा



प्रभात सिन्हा
आइटी विशेषज्ञ
kprabhatsinha@gmail.com

तेजी से बदलते तकनीकी संसार में आज बड़ा प्रश्न सिर्फ यह नहीं है कि तकनीक के क्या फायदे हैं, बल्कि यह भी है कि इसके क्या नुकसान हैं. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के विकास ने चिकित्सा, शिक्षा, शोध और शासन के क्षेत्र में चमत्कारिक संभावनाओं को जन्म दिया है, तो इसने एक ऐसा खतरा भी उत्पन्न किया है जो वास्तविकता और झूठ के बीच की दीवार को लगभग गिरा चुका है. यह खतरा है डीपफेक तकनीक. इसी गंभीर चुनौती को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों लोकसभा में शिवसेना सांसद डॉ श्रीकांत शिंदे ने ऐतिहासिक विधेयक डीपफेक विनियमन बिल, 2024 पेश किया. यह प्रस्तावित कानून न केवल देश की डिजिटल संरचना को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इसे विश्व स्तर पर डीपफेक नियंत्रण के नीति निर्माण की प्रक्रिया में भारत की मजबूत उपस्थिति के रूप में भी देखा जा रहा है.

डीपफेक तकनीक के तहत ऑडियो, वीडियो या फोटो के क्षेत्र में ऐसी सिंथेटिक सामग्री तैयार होती है, जिसे देखकर आम आदमी ही नहीं, विशेषज्ञ भी भ्रमित हो जाते हैं. इसमें व्यक्ति की आवाज, चेहरे के भाव और बोलने का तरीका- सब कुछ वास्तविक प्रतीत होता है. डीपफेक में सोशल मीडिया से व्यक्ति की तस्वीरें ली जाती हैं और जेनरेटिव एडवर्सेरियल नेटवर्क तकनीक से नकली सामग्री तैयार की जाती है. डीपफेसलैब, डीपस्वैप और जाओ जैसे कई सॉफ्टवेयर कुछ ही घंटों में आज डीपफेक वीडियो बना सकते हैं. यह तकनीक फिल्म पुनर्निर्माण, शिक्षा और शोध में उपयोगी साबित हो सकती है, पर इसका दुरुपयोग खतरनाक है. मसलन, राजनीतिक प्रोपेगेंडा, अफवाह, मानहानि, साइबर अपराध, और महिलाओं के खिलाफ डिजिटल यौन हिंसा में इसका दुरुपयोग किया जाता है. चिंताजनक है कि 96 प्रतिशत डीपफेक वीडियो अश्लील सामग्री के होते हैं, और इनमें से अधिकांश में महिलाओं को निशाना बनाया जाता है. विदेशी शक्तियां प्रोपेगेंडा फैलाने और सामाजिक विभाजन बढ़ाने के लिए इसका दुरुपयोग कर सकती हैं.

संसद में जो डीपफेक विनियमन विधेयक पेश किया गया है, उसमें कई प्रावधान किये गये हैं, जैसे सहमति की अनिवार्यता-यानी किसी व्यक्ति की छवि, आवाज या वीडियो का उपयोग करने से पहले पूर्वलिखित अनुमति अनिवार्य होगी. डिजिटल वॉटरमार्क-एआइ से बनायी गयी सभी सामग्री पर अनिवार्य लेबलिंग होगी. वाटरमार्क कंटेंट के कम से कम 10 प्रतिशत हिस्से में दिखना चाहिए. राष्ट्रीय डीपफेक टास्क फोर्स-डीपफेक की पहचान, रोकथाम और नयी तकनीकें विकसित करने के लिए विशेष टास्क फोर्स के गठन की बात है. कठोर दंड-दुर्भावनापूर्ण इरादे से डीपफेक बनाने पर कठोर सजा होगी. चुनाव के समय या महिलाओं के खिलाफ अश्लील डीपफेक बनाने पर विशेष रूप से सख्त कार्रवाई होगी. डिजिटल साक्षरता अभियान-व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को डीपफेक की पहचान करने के तरीके सिखाये जायेंगे. सोशल मीडिया की जिम्मेदारी-प्लेटफॉर्म्स को 36 घंटे में आपत्तिजनक डीपफेक हटाना होगा. गंभीर मामलों में यह समयसीमा 24 घंटे होगी. डीपफेक विनियमन बिल भारत की डिजिटल सुरक्षा यात्रा में मील का पत्थर साबित हो सकता है, लेकिन इसकी राह चुनौतियों से खाली नहीं है. डीपफेक अपराधों की सबसे बड़ी जटिलता यह है कि इनमें से अधिकांश सामग्री सीमापार सर्वरों, विदेशी तकनीकी प्लेटफॉर्मों और डार्क वेब जैसे गुप्त नेटवर्कों के जरिये प्रसारित होती है, जहां पहचान छिपाना आसान और कार्रवाई करना लगभग असंभव जैसा हो जाता है. स्पष्ट तौर पर डीपफेक पहचान की तकनीक 100 प्रतिशत सटीक नहीं है. हजारों ज्ञात और अज्ञात प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी रखना व्यावहारिक रूप से कठिन है. सोशल मीडिया कंपनियों को समय रहते अवैध कंटेंट हटाने, सत्यापन और रिपोर्टिंग के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करना होगा, पर यह भी सुनिश्चित करना होगा कि वैध रचनात्मक अभिव्यक्ति, व्यंग्य, कला, शोध, आलोचना और फिल्म निर्माण जैसे क्षेत्र अनजाने में सेंसरशिप के दायरे में न आने लगें.

अंतरराष्ट्रीय समुदाय तेजी से डीपफेक से होने वाले नुकसान को रोकने के लिये कानून और नीतियों को मजबूत कर रहा है. यूरोपीय संघ ने एआइ एक्ट के तहत सख्त पारदर्शिता नियम, मशीन-पठनीय लेबलिंग और करोड़ों यूरो के दंड का प्रावधान किया है. ब्रिटेन ने ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट लागू कर अंतरंग डीपफेक पर सीधे आपराधिक मुकदमे की राह खोल दी है, जबकि अमेरिका में टेक इट डाउन एक्ट और राज्य स्तरीय कानून राजनीतिक, अश्लील और धोखाधड़ी आधारित डीपफेक को तत्काल हटाने और सजा की व्यवस्था लागू कर रहे हैं. कनाडा जागरूकता अभियानों के साथ कानूनी ढांचा सुदृढ़ कर रहा है, वहीं डेनमार्क और चीन सहमति-आधारित उपयोग, पहचान सत्यापन और सोशल मीडिया जिम्मेदारी पर जोर देकर सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं. पर केवल कानून बनाना ही पर्याप्त नहीं है. लोगों को डिजिटल दुनिया में सच और भ्रम के बीच का फर्क बताना होगा, इसी उद्देश्य से स्कूलों में डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना, ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं में जागरूकता अभियान चलाना, महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा कार्यक्रम और चुनावी अवधि में संदेहास्पद सामग्री पहचानने के प्रशिक्षण जैसे कदम अनिवार्य हो जाते हैं. छात्रों, आम जनता और डिजिटल उपयोगकर्ताओं को यह सिखाना होगा कि डीपफेक की पहचान कभी-कभी छोटी-छोटी विसंगतियों, जैसे पलक झपकने के अप्राकृतिक पैटर्न, चेहरे के हावभाव और आवाज के मेल न खाने, या होंठों की गतियों में असंतुलन से भी की जा सकती है.

डीपफेक विनियमन बिल केवल एक विधेयक नहीं, डिजिटल भारत का नैतिक संविधान बन सकता है. यह आधुनिक तकनीक के लाभों को अपनाते हुए उसके दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का प्रयास है. हमारा देश डिजिटल क्रांति के अगले चरण में प्रवेश कर चुका है, और विधेयक सुनिश्चित करेगा कि यह यात्रा सुरक्षित, पारदर्शी और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ आगे बढ़े. नागरिकों को भी जिम्मेदार और जागरुक बनना होगा. संदिग्ध वीडियो को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने, डीपफेक का पता चलते ही तुरंत रिपोर्ट करने और अपने परिवार व दोस्तों को शिक्षित करने की जरूरत है. डिजिटल युग में सत्य-असत्य के बीच की लड़ाई तेज हो गयी है. पर यदि हम जागरूक रहें, कानून का पालन और एक-दूसरे की मदद करें, तो इस चुनौती से निपट सकते हैं. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

**इस विधेयक में आधुनिक तकनीक के लाभों को अपनाते हुए उसके दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का प्रयास किया गया है. डिजिटल क्रांति के अगले चरण में प्रवेश कर चुके देश में प्रस्तावित विधेयक सुनिश्चित करेगा कि यह यात्रा सुरक्षित, पारदर्शी और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा के साथ आगे बढ़े. नागरिकों को भी जिम्मेदार और जागरुक बनना होगा. संदिग्ध वीडियो को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने, डीपफेक का पता चलते ही तुरंत रिपोर्ट करने और अपने परिवार व दोस्तों को शिक्षित करने की जरूरत है.**

# रुपये की कमजोरी से दबाव में आने की जरूरत नहीं



सतीश सिंह
आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ
satish5249@gmail.com

तीन दिसंबर को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 90 रुपये के स्तर को पार कर गया, जबकि दो दिसंबर को रुपया 89.95 के स्तर को पार कर गया था. रुपया इस साल की शुरुआत से अब तक पांच प्रतिशत से अधिक गिर चुका है और यह इस अवधि में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा रही है. उल्लेखनीय है कि रुपये के 80 रुपये से 90 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंचने में महज 773 कारोबारी दिन लगे. इस बीच डॉलर इंडेक्स, जो छह करेंसियों के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.13 प्रतिशत गिरकर 99.22 के स्तर पर आ गया और देसी बाजार में तीन दिसंबर को लगातार चौथे दिन इसमें गिरावट दर्ज की गयी.

रुपये के कमजोर होने से तीन दिसंबर को कारोबार के दौरान सेंसेक्स 375 अंक तक फिसल गया था, लेकिन अंत में 31.5 अंक, यानी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 85,107 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 46 अंक, यानी 0.2 प्रतिशत गिरकर 25,986 पर बंद हुआ. इतना ही नहीं, 16 प्रमुख क्षेत्रीय सूचकांकों में से 11 में गिरावट दर्ज की गयी. निफ्टी स्मॉलकैप 100 और निफ्टी मिडकैप 100 क्रमशः 0.7 और एक प्रतिशत टूटे. निफ्टी पीएसयू बैंक सूचकांक में सबसे ज्यादा 3.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी, जो सात महीनों में सर्वाधिक है. मौजूदा प्रतिकूल परिस्थिति के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भुगतान संतुलन 10.90 अरब डॉलर नकारात्मक हो गया, जबकि वह पिछले वर्ष की समान तिमाही में 18.6 अरब डॉलर सकारात्मक था. व्यापार घाटा भी बढ़ा है और यह भी अंदेशा है कि चालू खाते का घाटा भी चालू वित्त वर्ष में बढ़ेगा. बहरहाल, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) की निकासी से बाजार और लोगों के बीच चिंता का माहौल बना हुआ है. अमेरिका के साथ कारोबारी करार पर अनिश्चितता के कारण भी बेहतर प्रतिफल की आस में विदेशी निवेशक बिकवाली कर रहे हैं.

हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) मौजूदा स्थिति से बहुत ज्यादा चिंतित नहीं है, उसे लग रहा है कि स्थिति जल्द ही काबू में आ जायेगी. इसलिए उसने शुरुआती दौर में रुपये की मजबूती के लिए कोई पहल नहीं की, पर बाद में उसने सुधारात्मक कार्रवाई की और इसके तहत राष्ट्रीयकृत बैंकों ने दो दिसंबर को डॉलर की भारी खरीद की, जिससे रुपये में थोड़ी मजबूती आयी. रुपये के लगातार कमजोर होने के कारण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल में भारत की विनिमय दर व्यवस्था को स्थिर से क्रॉल जैसी व्यवस्था की श्रेणी में डाल दिया है, जो गलत है. क्योंकि भारत निर्यात से ज्यादा आयात करता है. इसलिए आयात और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए देश में हमेशा डॉलर की मांग बनी रहती है. दूसरी तरफ, आरबीआइ के पास 21 नवंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर था, जो लगभग 11 महीने के आयात बिल की भरपायी करने के लिए पर्याप्त है. रिजर्व बैंक के आकलन के अनुसार रुपया खुद से मजबूत हो जायेगा. यह मुमकिन भी है, क्योंकि रुपये के कमजोर होने के कारण तात्कालिक हैं. गौरतलब है कि कमजोर रुपया भारतीय निर्यातकों की मदद भी करता है, क्योंकि उन्हें बेचे गये उत्पादों की कीमत डॉलर में मिलती है. हालांकि, अमेरिकी शुल्क से जो नुकसान हो रहा है, उसकी पूरी तरह भरपाई रुपये के अवमूल्यन से नहीं हो सकती है. फिर भी, इससे भारतीय निर्यातकों को नये बाजार का विकल्प तलाशने में कुछ मदद जरूर मिलेगी. रुपया दूसरी मुद्राओं की तुलना में गिरा जरूर है, पर कोरोना महामारी के बाद से यह चीन की मुद्रा युआन के मुकाबले काफी मजबूत हुआ है. इस कारण चीन से आयात करना अभी सस्ता हो गया है.

अमेरिका द्वारा भारत पर लगाये गये 50 प्रतिशत टैरिफ को समाप्त करने के लिए द्विपक्षीय वार्ता चल रही है और माना जा रहा है कि टैरिफ विवाद के खत्म होते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक फिर से भारत में पहले की तरह निवेश करना शुरू कर देंगे. गौरतलब हो कि नवंबर महीने में निर्माण क्षेत्र में धीमी वृद्धि दर्ज हुई. एचएसबीसी मैन्युफैक्चरिंग पीएमआइ 56.6 के स्तर पर रही, जो अक्तूबर के 59.2 से कम है. यह पिछले नौ महीनों में सबसे धीमी सुधार की स्थिति दर्शाता है. नये ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि बनी रही, पर यह भी पिछले नौ महीनों में सबसे कम रही, पर आरबीआइ द्वारा रेपो दर में हालिया कटौती करने से कर्ज और आर्थिक गतिविधियों की रफ्तार बढ़ने की संभावना है. दरअसल, कर्ज के सस्ता होने से रियल एस्टेट, कॉरपोरेट्स और एमएसएमइ के कारोबार में इजाफा होने की संभावना है. इससे और रुपये के कमजोर रहने से निर्यात को भी बल मिल सकता है. उधर नवंबर महीने में सेवा क्षेत्र में तेजी की स्थिति बनी रही. एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआइ) की मानें, तो सेवा से संबंधित कारोबारी गतिविधियां अक्तूबर में थोड़ी धीमी होने के बाद नवंबर में तेजी से बढ़ीं. इस महीने पीएमआइ 59.8 रहा, जो अक्तूबर में 58.9 रहा था. इन आंकड़ों से पता चलता कि उत्पादन में उछाल आ रहा है. सो, रुपये के कमजोर होने से बहुत दबाव में आने की जरूरत नहीं है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

**रुपया इस साल की शुरुआत से अब तक पांच प्रतिशत से अधिक गिर चुका है और यह इस अवधि में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली एशियाई मुद्रा रही है. हालांकि, आरबीआइ मौजूदा स्थिति से बहुत ज्यादा चिंतित नहीं है, उसे लग रहा है कि स्थिति जल्द ही काबू में आ जायेगी, क्योंकि रुपये के कमजोर होने के कारण तात्कालिक हैं.**

## देश दुनिया

### पूर्वी एशिया को टकराव की नहीं, शांति व सहयोग की आवश्यकता

अमेरिकी विद्वान जेफरी सैक्स ने हाल ही में बताया कि चीन की शांतिपूर्ण शासन की परंपरा रही है, और उसने जापान पर कभी आक्रमण नहीं किया, जबकि जापान ने चीन पर कई बार आक्रमण किया है. यह दृष्टिकोण पूर्वी एशिया की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करने के लिए एक नजरिया प्रदान करता है- जहां जापान में दक्षिणपंथी ताकतें लगातार सैन्यवादी विचारों को बढ़ावा दे रही हैं, वहीं चीन शांतिपूर्ण विकास के मार्ग पर चल रहा है. हाल के वर्षों में जापानी समाज और राजनीति में आक्रामकता का महिमामंडन करने और दायित्व को तवज्जो न देने की प्रवृत्ति स्पष्ट दिखाई दे रही है. यह चिंताजनक है कि अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के साथ जापान को अधिक रणनीतिक भूमिकाएं दी जा रही हैं. बाह्य रणनीतिक आवश्यकताओं और आंतरिक दक्षिणपंथी भावनाओं के पारस्परिक जुड़ाव ने जापान को अपने युद्धोत्तर शांतिवादी संविधान की सीमाओं का उल्लंघन करने और ताइवान तथा दियाओयू दाओ जैसे मुद्दों पर तनाव उत्पन्न करने के लिए उकसाया है. यदि यही चलन जारी रहा, तो पूर्वी एशिया में स्थिरता और सुरक्षा संतुलन बुरी तरह गड़बड़ा जायेगा. जापान के दक्षिणपंथी दलों द्वारा लगातार ताइवान को लेकर भू-राजनीतिक तनावों का इस्तेमाल और इसी बहाने सैन्य विस्तार को बढ़ावा देने का प्रयास न केवल खतरनाक है, बल्कि यह क्षेत्रीय सुरक्षा को भी अपरिवर्तनीय क्षति पहुंचायेगा. इसके विपरीत, चीन संवाद के माध्यम से विवादों को सुलझाने, सहयोग के माध्यम से विकास को बढ़ावा देने और बहुपक्षवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाये रखने पर जोर देता है. पूर्वी एशिया को शांति, सहयोग और विकास की आवश्यकता है, न कि टकराव और सैन्य शक्ति में वृद्धि की. अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के पुनर्गठन के इस महत्वपूर्ण मोड़ पर विश्व को शांतिपूर्ण विकास की शक्ति को अधिक महत्व देना और सैन्यवाद के पुनरुत्थान को लेकर सतर्क रहना चाहिए.

**-शेन यी**

## बोधि वृक्ष

### दोबारा जन्म लेना



भारत में प्रबुद्ध प्राणियों को द्विज कहा गया है. द्विज का अर्थ है दो बार जन्मा हुआ. एक बार आपने अपनी मां के गर्भ से जन्म लिया. यह अनजाने में हुआ. आपने ऐसा नहीं किया, प्रकृति ने आपके लिए यह काम किया. जब आपका जन्म हुआ, तब आप मासूमियत और आनंद के साथ आये थे. एक बच्चा अपने आप में मासूम और आनंदित होता है. परंतु चूंकि यह आनंद सचेतन रूप से घटित नहीं हुआ, इसलिए कोई भी इसे कुछ ही समय में नष्ट कर सकता है. कुछ ही समय में वे इसे छीन लेंगे. आज बच्चे पांच से छह वर्ष की उम्र में तनावग्रस्त हो रहे हैं, क्योंकि उनकी मासूमियत कुछ ही समय में नष्ट हो जाती है, यह इस पर निर्भर करता है कि आसपास के लोगों का उन पर कितना प्रभाव है. अब यदि आपको दोबारा जन्म लेना है, तो पहले मरना होगा. यदि आप मरने को तैयार नहीं हैं, तो पुनर्जन्म होने का प्रश्न ही नहीं उठता. इसका अर्थ शारीरिक रूप से मरना नहीं है. परंतु यदि आप वैसे ही मरते हैं जैसे आप हैं, यदि आप वह सब कुछ विसर्जित कर देते हैं जिसे आप 'मैं' कहते हैं, तो आप एक बार फिर से जन्म लेते हैं. इस प्रकार का जन्म सौ प्रतिशत सचेतन होता है. एक बार फिर आप आनंदित और मासूम, पर पूरी तरह जागरूक होते हैं. अब इस आनंद को आपसे कोई छीन नहीं सकता. शारीरिक खुशहाली की तलाश करना एक बात है. आत्मज्ञान की तलाश करना कुछ और है. शारीरिक खुशहाली को बढ़ाने के लिए आपको आत्म संरक्षण की विभिन्न तकनीकों को सीखने की आवश्यकता है. आत्मज्ञान का अर्थ है स्वयं का सचेतन विसर्जन. अधिकांश लोगों को इसे समझने के लिए एक विशिष्ट मात्रा में समय और परिपक्वता की आवश्यकता होती है कि आप स्वयं को जैसा भी बनाते हैं, अंततः वह निराशाजनक और अपर्याप्त होता है. आप स्वयं को कितना भी उत्तम बना लें, फिर भी वह पर्याप्त नहीं है. जब आप मिट जाते हैं, तभी सब कुछ उत्तम बनता है. जब आप पर्याप्त जीवन जी चुके हों और आप जानते हैं कि बेहतर जीवन जीने से आप कहीं नहीं पहुंचेंगे, तब आप जीवन से परे जाना चाहेंगे.

**-सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव**

## कुछ अलग

### वैवाहिक साइट्स पर सजगता जरूरी

डॉ मोनिका शर्मा
टिप्पणीकार
monikasharma.writing@gmail.com



बीते दिनों बिलासपुर में एक इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी. यह घटना वैवाहिक रिश्ते जोड़ने वाली साइट्स पर सतर्कता बरतने की चेतावनी देती है. युवक के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि उसे प्यार में धोखा मिला. झूठे दुष्कर्म के मामले ने उसके जीवन को बिखेर दिया. एक मैट्रिमोनियल साइट के जरिये दिल्ली की एक युवती से पहचान के बाद दोनों में करीबी रिश्ता बना था. नजदीकियां बढ़ने के बाद युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगा केस दर्ज करा दिया था. दुष्कर्म के मामले में युवक को जेल जाना पड़ा. जमानत पर छूटने के बाद से ही वह तनाव में था. परिचितों की मानें, तो जमानत के बाद से ही मिलनसार स्वभाव के इस युवक को मानसिक रूप से बेहद परेशान देखा गया.

मैट्रिमोनियल साइट्स पर धोखाधड़ी, शोषण और झूठी पहचान के मामले सामने आते रहते हैं. पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी ठगी का शिकार बनती हैं. बीते दिनों पुणे में एक महिला डॉक्टर ने भी शादी का झूठा वादा करने वाले व्यक्ति के झांसे में आकर आत्महत्या की थी. पहले से शादीशुदा आरोपी ने एक वैवाहिक साइट पर स्वयं को अविवाहित बता अपनी प्रोफाइल बनायी और महिला के साथ संबंध बनाये. उससे 10 लाख रुपये भी ऐंठे. मैट्रिमोनियल साइट्स पर युवतियों के साथ झूठी पहचान बता शोषण और पुरुषों के साथ ठगी एवं झूठे मामले दर्ज करवाने के वाकये इन साइट्स पर होने वाली जालसाजी के बारे में बताते हैं. हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि मैट्रिमोनियल साइट पर जानबूझकर वैवाहिक स्थिति को गलत तरीके से पेश करना शादी को रद्द करने का एक वैध आधार है. इस मामले में एक महिला की याचिका में कहा गया था कि पति ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर 'कभी विवाहित नहीं' बता कर, न केवल अपने पहले विवाह की बात छिपायी, बल्कि अपनी कमाई भी बढ़ा-चढ़ाकर बता धोखाधड़ी की. विवाह को रद्द करते हुए न्यायालय ने कहा कि किसी की मैरिटल हिस्ट्री को जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत करना कोई मामूली चूक नहीं है, यह विवाह की जड़ तक पहुंचने वाले तथ्यों को स्पष्ट रूप से छिपाना है.

बीते कुछ वर्षों में बिखरती सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग मैट्रिमोनियल साइट्स पर जीवनसाथी की तलाश करने लगे हैं. परिचित, सगे-संबंधियों से अलग ऑनलाइन वेबसाइट या एप रूपी वैवाहिक साइट्स पर अनजाने चेहरों के लिए सच छिपाना आसान होता है. इसी के चलते वर्चुअल संसार में झूठ के जरिये जालसाजी की जाती है. ऐसे में इन प्लेटफॉर्म्स पर किसी से जुड़ते समय सजगता आवश्यक है.

## आपके पत्र

### बंद हो दस मिनट की प्रतिस्पर्धा

आज कल एप के जरिये 10 मिनट में आपका ऑर्डर किया हुआ सामान आपके दरवाजे तक पहुंच जाता है. दस मिनट में सामान पहुंचाने का दबाव वर्कर्स पर इतना अधिक है कि संकरी गलियों से गुजरते हुए भी वे तेजी में बाइक चलाते हैं, जैसे आगे निकलने की होड़ लगी हो. इससे दुर्घटना होने की आशंका हर समय बनी रहती है. सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए और 10 मिनट में ऑर्डर पहुंचाने की गलाकाट प्रतिस्पर्धा को बंद करने के लिए कदम उठाना चाहिए.

**डॉ रंजना सिंह**, गुमला

### जीवन का आनंद लेने की जरूरत

जीवन का आनंद लेने की कोई उम्र नहीं होती. चिंता, तकलीफ, मुश्किल, ये सब जीवन का हिस्सा हैं, पर इन सब कारणों से जीवन जीने की आस छोड़ देना, निराश हो जाना समाधान नहीं है. हमारी उम्र चाहे कितनी भी क्यों न हो, जीवन को भरपूर जीना चाहिए, क्योंकि उम्र महज एक संख्या है. अहमदाबाद की मशहूर 'बाइकर दादियों' ने इसे सच कर दिखाया है. एक की उम्र 87 वर्ष और दूसरी की 84 वर्ष है, फिर भी दोनों बाइक पर सवार हो उत्साह और साहस से जीवन का हर पल जी रही हैं.

**रश्मि मांझी**, ईमेल से

**पोस्ट करें :** प्रभात खबर, हनुमान एस्टेट (द्वितीय तल), 19 आरएन मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001 ■ **फैक्स करें :** 033-22100178 ■ **मेल करें :** eletter@prabhatkhabar.in पर ■ ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है.

# एथेनॉल कारखाने के विरोध में डटे किसान

**एजेंसियां, जयपुर**

हनुमानगढ़ जिले में एक निजी कंपनी के प्रस्तावित एथेनॉल कारखाने को लेकर किसानों के विरोध के कारण गुरुवार को भी तनाव बना हुआ है. इस बीच, पुलिस ने बुधवार के विरोध प्रदर्शन में शामिल 100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और 40 लोगों को हिरासत में लिया है. किसानों एवं स्थानीय नेताओं का कहना है कि मांगें पूरी होने तक वे निर्माणाधीन एथेनॉल कारखाने के खिलाफ प्रदर्शन जारी रखेंगे.

हालांकि, आज सुबह बैठक के लिए इकट्ठा हो रहे किसानों एवं ग्रामीणों को पुलिस ने रोक दिया. टिब्बी कस्बे में एक गुरुद्वारे में बैठक हुई. पुलिस ने कांग्रेस विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर को हिरासत में ले लिया. अतिरिक्त महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) वी के सिंह ने पत्रकारों को बताया, '100 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. बुधवार की हिंसक घटना पूरी तरह से अवांछित थी जिसमें पुलिस और होमगार्ड के लगभग तीन घायल दर्जन जवान घायल हुए हैं. कुछ बाहरी तत्वों ने स्थानीय लोगों को उकसाया जिससे यह घटना हुई.

इस बीच, जिला प्रशासन ने मामले में किसी नतीजे पर पहुंचने के लिए विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे लोगों के साथ बैठक की. इलाके में लगातार दूसरे दिन भी इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं. बताया जा रहा है कि कारखाने के आसपास के इलाके से करीब 30 परिवार डर के मारे अपने घर छोड़ कर चले गये हैं. किसानों के विरोध प्रदर्शन ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया और सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने राठीखेड़ा गांव में 'ड्यून एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड' के निर्माणाधीन कारखाना स्थल पर धावा बोल दिया. उन्होंने कथित तौर पर कंपनी की चारदीवारी तोड़ दी तथा कार्यालय और परिसर में खड़ी कई गाड़ियों में आग लगा दी.

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए बल प्रयोग किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच झड़प हुई. पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागे. गुस्साए किसानों ने पुलिस जीप और कई गाड़ियों समेत एक दर्जन से ज्यादा गाड़ियों में कथित तौर पर आग लगा दी.इस विरोध प्रदर्शन के दौरान महिलाओं सहित 50 से ज्यादा लोग घायल हो गये. कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया को लाठीचार्ज के दौरान सिर में चोट लगी और उन्हें हनुमानगढ़ जिला अस्पताल ले जाया गया. हनुमानगढ़ के जिलाधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि प्रस्तावित एथेनॉल कारखाने के लिए सभी जरूरी मंजूरियां ली गयी हैं.

# जौनपुर. चीनी मांझे से गर्दन कटी, एक की मौत

**एजेंसियां, जौनपुर**

जौनपुर में चीनी मांझे से गर्दन कटने के कारण 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि घटना गुरुवार सुबह लगभग आठ बजे शास्त्री ब्रिज पर कोतवाली क्षेत्र में हुई, जब संजीव तिवारी अपनी बेटी को स्कूल छोड़ कर लौट रहे थे.

श्रीवास्तव ने बताया कि उमरपुर हरिबंधनपुर के निवासी तिवारी ने जैसे ही ब्रिज पार किया, सड़क के ऊपर लटक रहा धारदार मांझा उनकी गर्दन में फंस गया और उन्हें गहरी चोट लग गयी. पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इसके कारण वह मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो बैठे और घटनास्थल पर ही गिर पड़े. अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय निवासी उनकी मदद के लिए पहुंचे और एंबुलेंस को बुलाया, उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. इस बीच, स्थानीय निवासियों ने प्रतिबंधित चीनी मांझे की बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई और प्रवर्तन अभियान की मांग की है.


## कोर्ट नोटिस

न्यायालय में, अवर न्यायाधीश–1
बिहारशरीफ, नालंदा

**स्वत्व वाद सं० – 95/25**

मो. अशफहान आलम इत्यादि .......... वादीगण

**बनाम**

मसोमात फरहत मकदुमा इत्यादि ........ प्रतिवादीगण

1. मसोमात फरहत मकदुमा, जौजे स्व० मो० खालिद रशीद, निवासिनी महल्ला–शेखाना खुर्द, थाना–बिहार, डाकघर वो शहर–बिहारशरीफ, जिला–नालंदा, वर्तमान पता – 8/1 इस्माईल स्ट्रीट, डाकघर इस्माईल स्ट्रीट, थाना–बनियापुकर, कोलकत्ता–700014
2. मो. आरिफ जमील 3. अहमद सईद दोनों वल्दान स्व० मो. अख्तर आलम दोनों निवासीगण क्वार्टर नं. 43, निसार मिस्त्री लेन, गार्डन रिच, जिला–साउथ परगना, कोलकत्ता–24 4. बीबी महमूदा खातून, जौजे स्व० मो० अख्तर आलम, निवासिनी – P–16 न्यू CIT रोड, थाना व बाजार, चितरंजन एवेन्यू, कोलकत्ता–73

आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोगों के विरुद्ध वर्तमान मुकदमा दाखिल किया गया है. जिसमे न्यायालय के द्वारा रजिस्ट्री डाक एवं नजारत के माध्यम से नोटिस भेजा गया परन्तु मुकदमा की जानकारी होने के बावजूद आप न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं.इस कारण मुकदमा लंबित चली आ रही है.

अतः आपलोगों को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से दिनांक 09.01.26 तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करना है, अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय कार्रवाई प्रारंभ कर मुकदमा का निस्तार कर दिया

**अवर न्यायाधीश–1**
**बिहारशरीफ, नालंदा**



## NOTICE INVITING TENDER

On behalf of WBSRDA, The Executive Engineer Contai Division invites tender vide NIT NO. 04 / WBSRDA / 25-26 / PMGSY / CONTAI (2nd Call) & 04 / WBSRDA / 25-26 / PMGSY / CONTAI (3rd Call), Dated : 11.12.2025. Last date of tender submission is 09.01.2026 up to 12.00 hours. The details can be obtained from website : **http://www.wbtenders.gov.in.**

Sd/-
Executive Engineer
P&RD, Contai Division, WBSRDA,
Purba Medinipur


# मौसेरी बहन को अगवा कर दुष्कर्म करने का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**एजेंसियां, बलिया**

बलिया जिले की उभांव पुलिस ने कुशीनगर जिले के निवासी एक युवक को अपनी मौसेरी बहन को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधीक्षक (एसपी) ओमवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को बुधवार को थाना क्षेत्र के तुर्तीपार गांव के समीप से गिरफ्तार किया.

पुलिस के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती की मौसी कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के सिंदुरिया खुर्द गांव में रहती है. उसकी मौसी का बेटा आफताब उर्फ गब्बर रिश्तेदारी के कारण अक्सर युवती के घर आता रहता था. आफताब ने 25 नवंबर को युवती को बहला फुसला कर अगवा कर लिया.

उन्होंने बताया कि इस मामले में युवती के पिता की शिकायत पर आफताब के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 (महिला का अपहरण) के तहत 27 नवंबर को मामला दर्ज किया गया. उन्होंने बताया कि उभांव पुलिस ने दो दिन पहले अगवा युवती को मुक्त करा लिया. युवती ने पुलिस को और अदालत में बयान दिया है कि आफताब ने उसे अगवा करने के बाद उससे दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी भी दी.पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर मामले में बलात्कार और जान से मारने की धमकी देने के आरोप की धारा बढ़ा दी है.

## दो ट्रकों की टक्कर में चालक की हुई मौत, एक घायल

**अमेठी.** अमेठी जिले में गुरुवार को दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, रामगंज थानाक्षेत्र में अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर संसरीपुर गांव के निकट गुरुवार सुबह यह हादसा हुआ. पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुलतानपुर जिले के त्रिलोकपुर नवादा के रहने वाले उमेश गौड़ (24) के रूप में हुई है.


## केंद्रीय सरकारी कर्मचारी कल्याण आवास संगठन

(आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
9वीं मंजिल, 'बी' विंग, जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली - 110 001
फोन 011-23717249/23355408,
ई-मेल : cgewho@nic.in, वेबसाइट: www.cgewho.in

### मांग सर्वे

निम्नलिखित स्थानों के लिए मांग सर्वे की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तक बढ़ा दी गई है: कोलकाता (पश्चिम बंगाल), रायपुर (छत्तीसगढ़), पुडुचेरी, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) और लुधियाना (पंजाब)

**आवेदन कैसे करें:**

- विस्तृत विवरण, नियम और शर्तों के लिए और आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए सीजीईडब्ल्यूएचओ की वेबसाइट **"www.cgewho.in"** पर देखें.

किसी भी पूछताछ के लिए, आप निम्नलिखित व्यक्तियों से संपर्क कर सकते हैं:
**श्री रोशन किशोर, (मो): 9560022232**
**श्री नीतीश गर्ग, (मो): 8826461114**
सीईओ, सीजीईडब्ल्यूएचओ बिना कोई कारण बताए योजना या मांग सर्वेक्षण को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सीजीईडब्ल्यूएचओ

**CBC 20105/12/0014/2526**



## अल्युमिनो थार्मिक वेल्डिंग पोर्सन का निर्माण और आपूर्ति

**ई-निविदा सूचना सं. 113/W-2/APDJ; दिनांकः 09-12-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं:** 31-AP-II-2025। **कार्य का नामः-** डीईएन/II/अलीपुरद्वार जं. के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ईएसटीटी. नं. 22/इंजी./एपी-II ऑफ 2024-25, 56/इंजी./एपी-II ऑफ 2024-25, 03/इंजी./एपी-II ऑफ 2025-26, 52/इंजी./एपी-II ऑफ 2024-25 एवं 26/इंजी./एपी-II ऑफ 2024-25 के तहत 52केजी/60केजी/60ईआई-आर260 के अल्युमिनो थार्मिक वेल्डिंग पोर्सन का निर्माण और आपूर्ति। निविदा मूल्यः ₹90,10,315.50; धरोहर राशिः ₹1,80,200.00। ई-निविदा 02-01-2026 को 15:00 बजे **बंद होंगी** और 02-01-2026 को 15:30 बजे **खुलेंगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगी।

डीआरएम (कार्य), अलीपुरद्वार जं.
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## लैंड प्लॉन का नवीनीकरण, समन्वय साधन, सर्टिफिकेशन एवं कम्प्यूटराइजेशन

**ई-निविदा सूचना संख्या. 111/W-2/APDJ तारीखः 09-12-2025।** नीचे उल्लेखित कार्यो के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. 29-AP-II-2025। कार्य का नामः** अलीपुरद्वार मंडल के पश्चिमबंगाल अंश के ब्लॉक खंड सहित स्टेशन एवं रेलवे कॉलोनी हेतु म्यूटेशन के साथ लैंड प्लॉन का नवीनीकरण, समन्वय साधन, सर्टिफिकेशन एवं कम्प्यूटराइजेशन। **निविदा राशिः** ₹2,27,39,202.12/-। **धरोहर राशिः** ₹2,63,700/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 02-01-2026** तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगीः** 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), अलीपुरद्वार जंक्शन
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में


## आरोपी शुभम व सहयोगी पर ईनाम की घोषणा

**वाराणसी.** वाराणसी में पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के मामले में वांछित फरार आरोपी शुभम जायसवाल और उसके साझेदार पर 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) गौरव बंसवाल ने बताया कि कफ सिरप मामले में शैली ट्रेडर्स के मालिक शुभम जायसवाल और उसके साझेदार महेश सिंह पर पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है. बंसवाल ने बताया कि शुभम जायसवाल की ओर से जारी किये गये वीडियो की जांच की जा रही है. शुभम ने पिछले दिनों एक वीडियो जारी कर खुद को निर्दोष बताया था. इस बीच, उसके दुबई भाग जाने की खबर भी आयी. बंसवाल ने कहा कि इस मामले में जिसकी भी संलिप्तता होगी या पायी जायेगी, उस पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी.

## एसटीएफ ने अतीक अहमद के करीबी को गिरफ्तार किया

**बरेली.** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) की प्रयागराज इकाई ने माफिया-नेता रहे अतीक अहमद के करीबी सहयोगी को गिरफ्तार किया है, जिसपर 50,000 रुपये का ईनाम था. अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एसटीएफ की टीम ने बुधवार को दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके से आरोपी अफसार अहमद को गिरफ्तार किया. अधिकारियों ने बताया कि वह बरेली के बिथरी चैनपुर थाने में दर्ज एक मामले में वांछित था, जहां उसकी गिरफ्तारी पर ईनाम की घोषणा की गयी थी. पुलिस के अनुसार, अफसार पर आरोप है कि उसने उमेशपाल हत्याकांड में शामिल शूटरों और अतीक अहमद के भाई व पूर्व विधायक अशरफ के बीच बैठक आयोजित की थी, जो उस समय बरेली जेल में बंद था. मामला बिथरी चैनपुर थाने में दर्ज किया गया था, जिसके बाद अधिकारियों ने अफसार की गिरफ्तारी पर 50,000 रुपये के ईनाम की घोषणा की थी.अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ पर 2005 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक राजू पाल की हत्या का आरोप था.


## पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर, दिनांक 09.12.2025; उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/विद्युत/गति शक्ति इकाई, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए वैध विद्युत ठेकेदारी का लाइसेंस तथा सुपरवाइजरी लाइसेंस रखने वाले तथा नीचे उल्लेखित कार्य सम्पन्न करने में वित्तीय रूप से सक्षम वांछित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.:** जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-04-आर, **कार्य का नाम:** गति शक्ति इकाई, आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के अधीन एसटीएल, डीजीएचआर, डीयूएमके, वीडीएस, जेएमटी, केएमएमई, एमडीपी, जीआरडी, बीएसकेएच, यूडीएल, एसयूआरआई, पीएडब्ल्यू, एसटीएन, पीएएन, एसएनक्यू स्टेशनों में अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था के सुधार (वॉल/हैंगिंग/फ्लोर माउंटिंग टाइप एलईडी प्रकाशित चिन्ह की डिजाइन, निर्माण, प्रदर्शन, स्थापना के साथ वायरिंग एवं आनुषंगिक कार्य) के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 1,94,97,656.38; **बयाना राशि:** रु. 2,47,500/-। **कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 9 महीने। **कार्य हेतु प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तारीख से 45 दिन। **खुलने की तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को 12.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखे जा सकते हैं। (ASN-269/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. एसजीडब्ल्यू.272/252/टी1/63, दिनांक 10.12.2025, मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/मुख्यालय, पूर्व रेलवे, तीसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए समतुल्य प्रकृति के कार्य का समुचित अनुभव तथा संतोषजनक न्यूनतम पात्रता के मानदंड रखने वाले अनुभवी एवं स्थापित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर दो पैकेट प्रणाली में खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नाम साथ में उसका स्थान :** बेलूड़ में पुराने एवं अत्यंत पुराने पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशनों का ईआई में प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 17,37,04.782.29; **बोली सुरक्षा:** रु. 10,18,500; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। **प्रस्ताव की वैधता:** निविदा खुलने की तारीख से 30 दिन। **निविदा दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की अंतिम (बंद होने की) तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का पता, निविदा दस्तावेज उपलब्ध होने का समय तथा तारीख:** भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.12.2025 से। **खुलने की तारीख एवं समय:** 05.01.2026 को 16.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा बोली जमा की जा सकती है:** बोलियां सिर्फ ऑनलाइन जमा की जानी चाहिए। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदादाताओं को भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (आईआरईपीएस) साइट यानी www.ireps.gov.in पर पंजीयन करवाना अनिवार्य है। आवश्यक परिवर्तन, संशोधनी/संयोजनी, आवश्यकता पड़ने पर, सिर्फ इस वेबसाइट पर जारी की जाएगी। बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल बोली/प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। (CON-54/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER, EAST CIRCLE**
**MUNICIPAL ENGINEERING DIRECTORATE, GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**POURA PRASHASAN BHAWAN, 1ST FLOOR, DD-1, SECTOR-1**
**SALT LAKE, KOLKATA - 700064, E-mail : seeastcircle@yahoo.com**

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from interested bonafide bidders/Govt. contractors for various works **[NIeT No.: WBMAD/eNIT-06 of SE(E)/2025-26 of Superintending Engineer, East Circle, MED dated:11/12/2025]** under SWM Scheme as below :

| Sl. No. | Name of the Work | Tender ID |
|---|---|---|
| 01 | Construction of proposed 86 TPD Municipal Waste Processing Plant & other ancillary works, construction of Security Room, Control Room, Office Room, Boundary Wall and other ancillary works and construction of Internal Roads, Drains & other ancillary works and works for soil testing for proposed 86 TPD Municipal Waste Processing Plant under Swatch Bharat Mission within Krishnanagar Municipality. | 2025_MAD_972432_1 |

**Last date of submission : 15.01.2026.** For details please visit our website **https://wbtenders.gov.in**

Sd/-
**Superintending Engineer**
**East Circle, M.E. Dte.,**
**UD&MA Deptt, Govt. of WB**



**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Office of the Executive Engineer**
South 24-Parghanas Division, Municipal Engineering Directorate
Bikash Bhavan, South Block (1st Floor), Salt Lake City

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**
**e-N.I.T. No. WBMAD/NIT-03/EE/PRG(S)/2025-26**

E-tenders are invited from interested bonafide bidders/Govt. contractors for related work(s) to setting up of the Municipal Fresh Waste Processing unit under Jaynagar Majilpur Municipality as per the details below :

| Sl. No. | Name of the Work | Tender ID | Amount Put to Tender |
|---|---|---|---|
| 01 | Repairing work of 10 Nos. Bituminous Road and 02 Nos. Cement Concrete Road at various places in different wards within Jaynagar Majilpur Municipality under Pathasree (Urban) Programme. (Schemes are demarcated as Lot-1.) | 2025_MAD_5001494_1 | Rs. 77,13,435.00 |
| 02 | Construction work of 09 Nos. Cement Concrete Road and 01 No. ICBP Road at various places in different wards within Jaynagar Majilpur Municipality under Pathasree (Urban) Programme. (Schemes are demarcated as Lot-2.) | 2025_MAD_5001494_2 | Rs. 78,19,290.00 |

**Last date of bid submission : 29.12.2025.** Interested bonafide bidders are requested to visit **: www.tenders.wb.gov.in**

Sd/-
**EE, South 24 PGS Division**
**M. E. Directorate**



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
NADIA DIVISION, MUNICIPAL ENGINEERING DIRECTORATE
GOVERNMENT OF WEST BENGAL
Jail Road (2nd Floor & 3rd Floor), Krishnagar, Nadia -741101
Email : eemed_krishnagar@yahoo.in

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from interested bonafide bidders/Govt. contractors for various works **[NIeT No.: 02/2025-26 of PATHASHREE of EE, Nadia Division, MED]** under PATHASHREE Scheme as below:

| Sl. No. | Name of the Work | Tender ID | Amount Put to Tender |
|---|---|---|---|
| 01 | Construction of Paver Block Road for Road No 25: Dhasharath Pal's House to Ashok Das House within Taherpur NAA under PATHASHREE URBAN Scheme. | 2025_MAD_5001429_1 | ₹ 57,25,346.00 |
| 02 | Construction of Paver Block Road for Road No. 31 : 2 Mores within Taherpur NAA under PATHASHREE URBAN Scheme. | 2025_MAD_5001429_2 | ₹ 57,25,346.00 |
| 03 | Construction of Paver Block Road for Road No. 31 (Uttam Rasta to Border Road of B-Block) within Taherpur NAA under PATHASHREE URBAN Scheme. | 2025_MAD_5001429_3 | ₹ 70,33,601.00 |

**Last date of submission : 26.12.2025.** Interested bonafide bidders are requested to visit **https://tenders.wb.gov.in**

Sd/-
**Executive Engineer**
**Nadia Division, M. E. Dte.**



**OFFICE OF SUPERINTENDING ENGINEER, EAST CIRCLE**
**MUNICIPAL ENGINEERING DIRECTORATE, GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**POURA PRASHASAN BHAWAN, 1ST FLOOR, DD-1, SECTOR-1**
**SALT LAKE, KOLKATA - 700064, E-mail : seeastcircle@yahoo.com**

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**

E-tenders are invited from interested bonafide bidders/Govt. contractors for various works **[NIeT No.:WBMAD/eNIT-07 of SE(E)/2025-26 of Superintending Engineer, East Circle, MED dated:11.12.2025]** under SWM Scheme as below :

| Sl. No. | Name of the Work | Tender ID |
|---|---|---|
| 01 | Construction of proposed 50 TPD Municipal Wet & Dry Waste Processing Plant, Leachate Tank with Rain Water Harvesting, Construction of Security Room, Control Room, Office Room and other ancillary works and Construction of Internal Roads, Drains, other ancillary works and works for soil testing for proposed 50 TPD Municipal Waste Processing Plant under Swatch Bharat Mission within Kanchrapara Municipality. | 2025_MAD_972785_1 |

**Last date of submission : 15.01.2026.** For details please visit our website **https://wbtenders.gov.in**

Sd/-
**Superintending Engineer**
**East Circle, M.E. Dte.,**
**UD&MA Deptt, Govt. of WB**



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**WEST MIDNAPORE DIVISION, MUNICIPAL ENGINEERING DIRECTORATE**
**URBAN DEVELOPMENT AND MUNICIPAL AFFAIRS DEPARTMENT**
**29, East Avenue, Bidhannagar, West Midnapore - 721101 Ph.: (03222) 263484,**
**e-mail:eewestmidnapore.med@gmail .com**

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**

E-tender is invited from interested bonafide bidders for CONSTRUCTION OF Different Types of Roads in Midnapore Municipal area within West Midnapore District under Pathashree Scheme as per the details below:

| Sl. No. | Tender ID No. | Tender Ref. No. | Location |
|---|---|---|---|
| 01 | 2025_MAD_5001428_1 | 06 of EE/WMD/MED/2025–2026, dt. 11.12.25 | Midnapore Municipality |
| 02 | 2025_MAD_5001428_2 | | |
| 03 | 2025_MAD_5001428_3 | | |
| 04 | 2025_MAD_5001428_4 | | |
| 05 | 2025_MAD_5001428_5 | | |
| 06 | 2025_MAD_5001428_6 | | |
| 07 | 2025_MAD_5001428_7 | | |
| 08 | 2025_MAD_5001428_8 | | |

**Bid submission end date : 29.12.2025** at **01:00 PM.** Interested bonafide bidders are requested to visit **https://tenders.wb.gov.in**

Sd/-
**EE, West Midnapore Div,**
**M. E. Directorate**



**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
Office of the Executive Engineer, North 24 Parganas Division
Municipal Engineering Directorate
Urban Development & Municipal Affairs Department
7, K. B. Bose Road, 2nd Floor, Barasat, Kolkata - 700 124
E-Mail : north24pgsdivisionmed@gmail.com

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**

The Executive Engineer, North 24 pgs division, MED invites e-Tender on behalf of Govt. of WB for the following works.

| Sl. No. | Location of Work | Tender ID | Amount Put to Tender |
|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Bituminous Road from Ushaprasanna Bari to Water Tank to Kar Cabin Via Masjid to Paritosh Dutta Roy at Ward No.-4 within Gobardanga Municipality under Pathashree (Urban) scheme. | 2025_MAD_5001399_1 | Rs. 29,65,220.00 |
| 2 | Construction of Paver Block and repairing of Bituminious Road from Ganguli Pharmacy to Brahma Samaj via Kathgola to Garpara at Ward No - 05 within Gobardanga Municipality under Pathashree (Urban) scheme. | 2025_MAD_5001399_2 | Rs. 80,99,036.00 |
| 3 | Construction of Paver Block and Repair of Bituminous Road from Milani Club to end of municipal boundary via colony at Ward No - 11 within Gobardanga Municipality under Pathashree (Urban) scheme. | 2025_MAD_5001399_3 | Rs. 55,33,936.00 |
| 4 | Construction of Paver Block and Repairing of Bituminious Road from Poltry to Khantura Kalitala at Ward No-13 within Gobardanga Municipality under Pathashree (Urban) scheme. | 2025_MAD_5001399_4 | Rs. 71,55,631.00 |

**Last date of bid submission : 29.12.2025, 12 Noon.**
Interested bonafide bidders are requested to visit **https://tenders.wb.gov.in**

Sd/-
**EE, North 24 PGS Division, M. E. Dte.**



## सी-डैक CDAC | प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)

विज्ञापन संख्या : C-DACK/COCP/2025/01

**ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित**

प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी–डैक) कोलकाता, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक सोसायटी, उपयुक्त उम्मीदवारों से निम्नलिखित आवश्यकताओं के लिए आवेदन आमंत्रित करता है :

**(i) परियोजना प्रबंधक (ii) वरिष्ठ परियोजना अभियंता (iii) परियोजना अभियंता (iv) परियोजना सहायक :**

आयु, योग्यता, अनुभव, विशेषज्ञता, आदि से संबंधित विस्तृत अधिसूचना के लिए, कृपया **www.cdac.in** पर **'करियर'** पेज देखें और विज्ञापन प्रकाशित होने के सात दिन के भीतर आवेदन करें.

**नोट : इस संबंध में कोई भी परिशिष्ट/ आगे की सूचना , यदि कोई हो, केवल सी–डैक की वेबसाइट पर ही अधिसूचित की जाएगी.**

**CBC 06147/12/0001/2526**



**GOVERNMENT OF WEST BENGAL**
**Office of the Executive Engineer**
**BIRBHUM DIVISION, MUNICIPAL ENGINEERING DIRECTORATE**
**DEPARTMENT OF URBAN DEVELOPMENT & MUNICIPAL AFFAIRS**
**Sports Complex, Indoor Stadium, Rabindra Pally, Suri, Birbhum, PIN- 731101**
**E-mail Address: eemedbir@gmail.com, 03462-251255**

**NOTICE FOR INVITING E-TENDER**
**e-NIT No- WBMAD/NIT-10/EE/BIR/2025-26**

E-tenders are invited from interested bonafide bidders/Govt. contractors for different type of Roads under PATHASHREE (18 Nos. Works) UNDER RAMPURHAT MUNICIPALITY as per the details below:

| Sl. No. | Tender ID |
|---|---|
| 1 | 2025_MAD_5001324_1 to _18 |

Last date of bid submission : **26.12.2025.** Interested bonafide bidders are requested to visit : **https://tenders.wb.gov.in**

Sd/-
**EE, Birbhum Division,**
**M. E. Directorate**



## KOLKATA MUNICIPAL CORPORATION e-TENDER

**ABRIDGED NIT**

The **Director General/ P&D, KMC** invites e-tender through online for the following work **:-**
**NIT No. : KMC/D.G.(P-D)/E/042/2025-26**
Name of work **: Lighting arrangement with distribution circuit wiring works for the Dattu Phadkar Park Capsule Booster Pumping Station in Ward No.81.** Estimated Cost **: Rs.20,29,321.24.** Earnest Money **: Rs.40,600.00.** Period of Completion **: 30 Days.** Start Date and Time of Submission of tender **: 17.12.2025 at 2 p.m.** Last Date and Time of Submission of tender **: 08.01.2026 at 12 noon.** Opening of Tender **: 10.01.2026 at 12 noon.** The bid forms and other details are available on and from **17.12.2025 at 2 p.m.** from the website **https://wbtenders.gov.in**

The **Director General (Civil), KMC** invites e-tender online percentage rate two bid system for following work :-
**NIT No. : KMC/DG(C)/Br-V/041/20/2025-2026**
Name of work **: Reconstruction of Ward Office (Second Floor) over the existing two storied K.M.C. Building at 35, Munsi Sunder Uddin Lane in Ward No.041, under Br-V.** Estimated Cost (Including GST and CESS) **: Rs.15,48,372.53.** Earnest Money **: Rs.31,000.00.** Period of Completion **: 40 Days.** Last Date and Time of submission of Bid **: 08.01.2026 - 11 a.m.** Date and Time of opening of Tender **: 10.01.2026 - 11 a.m.** The bid forms and other details are available on and from **16.12.2025 - 5 p.m.** from the website **https://etender.wb.nic.in**

The **Dy. C.E.(E)/(WS)/IGWTP, KMC** invites e-tender for the following work. (Submission of Bid through online).
**NIeT No. : KMC/WS/IGWTP/082/25-26, DT-10/12/2025**
Name of work **: Development of the Flow Controlling Accessories and the connected underwater Inlet/ Outlet and Drainage System attach with the SSFB Unit No E-1 and E-2 under Extension series at IGWTP.** Estimated Amount (Including GST 18% & LWC 1%) **: Rs.21,85,995.00.** Earnest Money **: Rs.44,000.00.** Time of Completion **: 45 Days.** Cost of Tender & Tender Documents **: NIL.** For full and further details with Last Date & Time of Online Submission of Tender, please visit the website **https://www.etender.wb.nic.in.** Please keep watching on the above website for all further Addendum/Corrigendum, Pre-bid clarifications, if any, which will be published in above website only. KMC reserves the right to accept/reject any/all tenders without showing any reason.

The **D.G. (Mechanical Roads), KMC** invites e-tender online item rate two bid system for following work :-
**NIT No. : KMC/DGM/R/AMB-06/25-26**
Name of work **: Procurement of a Modern Ambulance for KMC Ward-62 (Recommended by Hon'ble MP Shri Sudip Bandyopadhyay).** Estimated Amount (Including GST & CESS) **: Quotation.** Earnest Money **: Rs.29,750.00.** Period of Completion **: 60 Days.** Last date and Time of submission of Bid **: 15.01.2026 at 2 p.m.** Bid opening date for Technical Proposals **: 17.01.2026 at 2 p.m.** The bid forms and other details are available on and from **12.12.2025 after 6 p.m.** from the website **https://wbtender.gov.in**

**CORRIGENDUM**

**NIT No. KMC/WS/MGPS/CONVENT/07/25-26** published in this Newspaper **on 06/12/2025 (Key No.1609/25-26) of Water Supply (MGPS) Department (Sl.No.1).** Last date and time of submission of bid (online) will be read as **08/01/2026 upto 2 p.m.** instead of 07/01/2026 - 2 p.m.

**NIT No. KMC/DG(S_D)/VII/25-26/10** published in this Newspaper on **11/11/25 (Key No.1351/25-26) of S and D Department (Sl.No.1).** Last date and time of submission of bid (online) should be read and please be **extended upto 09/01/2026 at 3 p.m.** instead of **10/12/2025 at 3 p.m.** and bid opening date for technical proposals (online) should be read and please be **extended upto 13/01/2026 at 3 p.m.** instead of 12/12/2025 - 3 p.m. Other details would remain unchanged.

**1665 / 25-26**



कृष्ण समिद्ध
कवि

कृष्ण समिद्ध की पहचान कवि की है ही, वह आलोचना, फिल्म व नाटक निर्देशन के क्षेत्र में भी सक्रिय रहे हैं. लघु फिल्म सिटी ऑफ ड्रीम्स का इन्होंने निर्देशन किया था. फिलहाल इनकी सात कविताएं पेश हैं...



### मृत्यु के बाद...

मृत्यु के बाद चीजें बदल जाती हैं,
मृतक की कटुता धुंधली हो जाती है,
मृतक की मुस्कराहट और मधुर.

मृत्यु रात की आंखों में प्रकाश की तरह है,
मृत्यु के बाद नजर शिशु की हो जाती है,
मन मां की तरह.

मेरी मृत्यु के बाद ही मेरा मूल्यांकन करना प्रिय
फिर
तुम्हारी आंखों में बस प्रेम देखना चाहता हूं.

### भाषा की त्वचा...

मैं पूछता हूं,
क्या कोई ईश्वर
गिन रहा है वह भाषा
जो मौन में खर्च हो रही है?

हर दिन
कुछ वाक्य गिर जाते हैं,
एक-एक पंक्ति
अदृश्य हो जाती है,
अपने ही उच्चारण से.

भाषा हमें बोलती है,
और चुक जाती है.
भाषा झरती है
जैसे आत्मा की त्वचा.

हर बोला गया शब्द
क्या एक मौन की हत्या नहीं?
कितने मौन मरे आज?

क्या कोई स्वर्गीय मुंशी
लिख रहा है हमारे हर शब्द का
अंतिम संतुलन-पत्र?

### वन-मिलन

मैं बचा रहूंगा,
जब तक मेरा शहर बचा रहेगा.

शहर नष्ट होगा, फिर
इस गली पर
वन होगा,
फिर फूल खिलेगें,
जल उठेगा वन,
फूलों के दावानल से, और वन चलेगा,
मिलेगा तुम्हारे शहर के वन से.

जीवन भर
अलग रहे
पटना और कलकत्ता,
मिलेगें , दोनों शहर
राजमार्ग से नहीं,
इस एक होते वन से.

और
अलग-अलग अपने शहर में
अलग- अलग जीवन जीकर
अलग - अलग मरकर
हम मिलेगें.



### हंसी...

उत्सव सी
हंसी
तुम्हारी

और
मेरा चेहरा
सभ्यता का शिलालेख,

कि अब
सूरज का डूब जाना ही बेहतर है.

### देह की लोककथा

देह को पार करना
बहुत कठिन है,
प्रेम में भी.

बुढ़ाती देह है,
स्मृति नहीं
याद रहे.

निष्ठुर स्मृति,
मृत्यु हो
या अनियंत्रण,

इस देह को सदा याद है देह.



### दुर्दिन

'ऐसे दुर्दिन में भी
तुम्हें बड़ा होते देख बच्चे
आनंद आता है.'

तुम्हारे जीवनभर के दुर्दिन में
तुम्हारी खुशी मैं ही था मां.

दुर्दिन का यह आनंद,
चक्र है बस
एक अंतहीन अस्त सा.



### देखना

कितने फूलों के दृश्य
शामिल हैं मेरी दृष्टि में.

और उस दृष्टि से,
मैं देखता हूं, तुम्हें.

मैं देखता हूं, तुम्हें.

### एनएसडी का परित्यक्त हॉस्टल

कोई कमरा पंकज कपूर का
कोई नसीरुद्दीन शाह का
कोई इरफान खान का
कोई रैना का
इतने सूरज एक ही सौर मंडल में
और अनजाने अनगिनत तारे.

और उन कमरों में
कौन देखता होगा दिन में सपने.

कितनी आत्माएं छूट आयी हैं
एनएसडी के परित्यक्त हॉस्टल में.

अब भी उन कमरों का
सपना देखते हैं
एनएसडी के लड़के.



किताबों का उत्सव यानी पटना का
## पुस्तक मेला

**पटना पुस्तक मेले का देश के बाकी पुस्तक मेला से भिन्न होने का कारण है इसका स्थानीय रंगत लिये होना. यह पटना का पुस्तक मेला है. दिसंबर के पहले शुक्रवार से शुरू होने वाले इस पुस्तक मेला को लेकर जैसी उत्कंठा लोगों में रहा करती है, वह इसे एक उत्सव, एक पर्व सरीखा बना देता है. विविधताओं से भरे हमारे समाज का यदि बौद्धिक प्रोफाइल देखना हो तो उसका उदाहरण है पटना पुस्तक मेला...**

# जहां रचनाएं फिर जन्म लेती हैं, शब्द लेते हैं सांस



अनीश अंकुर
संस्कृतिकर्मी

गरीब दिखने वाला यह प्रदेश क्यों इतनी अधिक दिलचस्पी लेता है पुस्तकों में? वह कौन सी बेचैनी और छटपटाहट है, जो उन्हें किताबों के नजदीक ले जाती है? ये सवाल पूछते बाहर के लोग हमेशा मिल जाते हैं. यह बिहार की पहचान से जुड़ा मेला है. पुस्तकों का मेला.


पटना शहर का जो एक भिन्न साहित्यिक-सांस्कृतिक मिजाज बना हुआ है, उसे बरकरार रखने में इस मेले की भी थोड़ी भूमिका रही है. विभिन्न विचारधाराओं, दृष्टिकोणों, पृष्ठभूमियों से आने आने वाले सृजनशील लोगों के मध्य आपसी संवाद के कारण अंदरूनी मतभेदों व कटुताओं के बावजूद एक प्रकट भाईचारा बना रहता है मेला में प्रतिदिन होने वाले काव्य पाठ, बातचीत, पुस्तक लोकार्पण, नुक्कड़ नाटक, सिनेमा, कलाप्रशनी आदि के कारण पूरा मेला परिसर हलचलों से भरा होता है, एक गहमागहमी बनी रहती है.


**युवाओं की भागीदारी और नुक्कड़ नाटकों की परंपरा** : पुस्तक मेले में नुक्कड़ नाटक 1991 से लगातार हो रहा है. कलादीर्घा में युवा चित्रकारों द्वारा रचे जा रहे विविधताओं से भरे संसार को देखा जा सकता है. कला पर विमर्श व संवाद बहुत कम होता है, जिसकी क्षतिपूर्ति कलादीर्घा कर रही है. हाल के वर्षों बिहार में सिनेमा को लेकर कुछ-कुछ सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं. उसकी बढ़ती प्रासंगिकता को काले पर्दे से बने बड़े हॉल में देखा जा सकता है.

यदि पाठकों की रुचियों को देखें, तो एक बड़ा फर्क यह दिखता है कि अब लोगों की फिक्शन के साथ-साथ नॉन-फिक्शन में दिलचस्पी बढ़ती जा रही है. विमर्श आधारित पुस्तकों की मांग बढ़ी है. अमूमन रोना रोया जाता है कि डिजिटल युग आने के कारण किताबों की दुनिया सिमटती चली जा रही है, लेकिन पुस्तक मेला इस अवधारणा को मिथ में तब्दील कर देता है. बड़ी संख्या में किताबों का प्रकाशित होना, इसका प्रमाण है. मेले में युवाओं की भारी भीड़ से यह धारणा भी टूटती है कि किताबों से, शब्दों से यह पीढ़ी विलग-सी हो गयी है. शब्दों की उष्मा इस पीढ़ी को आकर्षित कर रही है. उन्हें अपने साथ जोड़ रही है.

**यह किताबों की दुनिया और शब्दों की उष्मा नयी पीढ़ी को आकर्षित कर रही है, उन्हें अपने साथ जोड़ रही है**









एनके झा
संस्थापक पटना पुस्तक मेला

### चार पीढ़ियों का सफर है पटना पुस्तक मेला

**गांधी** मैदान से 1985 में शुरू हुआ पटना पुस्तक मेला 41वें सफर को पूरा कर रहा है. इतिहास में बहुत कम उदाहरण मिलेंगे, जहां किसी शहर में बिना सरकारी आयोजन के कोई मेला लगातार इतने वर्षों तक चले. यह चार पीढ़ियों का सफर है और आज भी उतनी ही मजबूती से खड़ा है. मेले की परिकल्पना सिर्फ पुस्तक बिक्री नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में की गयी थी. आज यह रूप स्पष्ट दिखता है. दुनिया में कहीं भी इतने विविध कार्यक्रम एक साथ नहीं होते. युवाओं के लिए क्विज-डिबेट, महिलाओं के लिए विशेष आयोजन, नुक्कड़ नाटक, फिल्म फेस्टिवल, आर्ट गैलरी आदि गतिविधियां यहां होती रहती हैं. भारत के साथ-साथ अमेरिका, ब्रिटेन व सिंगापुर तक के प्रकाशक इस मेले का हिस्सा बन चुके हैं. यह निरंतरता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है.

### अवधेश प्रीत व कासिम खुर्शीद को मेले ने किया याद

**इस बार मेले के मुख्य द्वार पर अवधेश प्रीत पर दो तस्वीरें लगी हैं. साथ ही उर्दू के शायर कासिम खुर्शीद को भी मेले ने याद किया है. दोनों सृजनकर्मियों के पोस्टर मेला के गेट पर है. अवधेश प्रीत और कासिम खुर्शीद का कुछ महीने पहले निधन हो गया.**

### बिहार पुस्तकें प्रकाशित करने वाला राज्य भी बने


**पुस्तक मेले की चुनौतियां भी कम नहीं हैं . पटना के कई प्रकाशक दिल्ली के पुस्तक मेला में तो शामिल होते हैं पर यहां नहीं! यह बात थोड़ी असंगत लगती है. बिहार सिर्फ पढ़ने और खरीदने वाला ही नहीं, बल्कि पुस्तकें प्रकाशित करने वाला भी राज्य बने. मेले में बिहार के छोटे प्रकाशकों के लिए भी 'स्पेस' बनाने की जरूरत है. इन सभी चुनौतियों को झेलते हुए पटना पुस्तक मेला बारह दिनों तक पटना शहर की साहित्यिक-सांस्कृतिक धड़कन बना रहता है.**

# कला में परचम आधी आबादी का

जानकी बोस

वरिष्ठ पत्रकार व कला लेखिका रीना सोपम की किताब 'हस्ताक्षर कला इतिहास में बिहार की महिलाएं' प्रदर्श कला के इतिहास में बिहार की महिलाओं की भागीदारी पर आधारित है. 'हस्ताक्षर' पूरे बिहार के कलाकारों के जीवनी को दर्शाने वाला पहला प्रयास है, जिसे कई सर्गों में बाँटा गया है. हमारे देश की प्रदर्श कलाएं, विशेष रूप से राग संगीत व शास्त्रीय नृत्य कला परंपराएं आजादी से पहले एक वर्ग विशेष में सिमट गयी थीं. लेकिन, स्वतंत्रता के बाद के वर्षो में कुछ इनी-गिनी महिलाओं ने ही कला परंपरा को उस विशेष वर्ग से निकालने में बडी भूमिका निभायी. महत्वपूर्ण बात थी कि ये महिलाएँ संभ्रांत समाज की थीं और उन्होंने कला परंपरा को न केवल परिवार का हिस्सा बनाया, बल्कि पूरे समाज में इसे विस्तार दिया. ऐसी ही 19 विशिष्ट महिलाओं की चर्चा की गयी है इस किताब में. लोक कलाकार विंध्यवासिनी देवी, कुमुद अखौरी, शारदा सिन्हा और शांति जैन से लेकर सितार कलाकार गिरिजा सिंह तक की चर्चा है इसमें, बल्कि चंदना डे से लेकर डॉ रमा दास और नलिनी जोशी के कला क्षेत्र में योगदान का विस्तार भी है, तो नवनीत शर्मा और नूर फातिमा की भूमिका को भी रेखांकित किया गया है. इन सभी ने घर की चारदीवारी से मंच तक का सफर कैसे तय किया, उन चुनौतियों की चर्चा है यहां. और उन चुनौतियों से उबरने में उनके परिवार की कैसी भूमिका रही, इसकी बातें भी हैं. लेकिन यह किताब केवल उनके संघर्ष की घटनाओं का लेखा-जोखा नही है, बल्कि कलाक्षेत्र में उन्होने कौन-कौन से मुकाम हासिल किये, इसका दस्तावेजीकरण हुआ है इस किताब में. किताब का एक खंड केंद्रित है बिहार की उन महिलाओं पर, जिन्होंने कला परंपरा और कलाकारों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी. सभी जानते हैं कि कला परंपराएँ और कलाकार को आगे बढने के लिए संरक्षण -सहयोग की आवश्यकता होती है. ऐसे में संरक्षण कार्य में सक्रिय महिलाओं के योगदान को अनदेखा नहीं किया जा सकता है. अतः किताब का एक खंड समर्पित है उन्ही कला संरक्षकों को, जिसमें बेगम अजीजा इमाम, सावित्री देवी व उमा-गौरी चटर्जी की गतिविधियों की चर्चा विस्तार से की गयी है. अंतिम अध्याय में कत्थक में बिहार की महिलाओं की भागीदारी पर विस्तार से चर्चा की गयी है.

पुस्तक समीक्षा



| | |
|---|---|
| लेखिका | रीना सोपम |
| प्रकाशक | प्रभात प्रकाशन |
| पृष्ठ | 144 |
| मूल्य | ₹300 |

# अपराध को समझने का गाइड

अनिकेत त्रिवेदी

अपराध पत्रकारिता आज के दौर में सिर्फ घटनाओं के बयान तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह समाज, व्यवस्था व सत्ता के भीतर चल रही जटिल प्रक्रियाओं की गहरी पड़ताल बन चुकी है. ऐसे समय में क्राइम रिपोर्टिंग पर आधारित पुस्तक 'पोस्टमार्टम' का प्रकाशन महत्वपूर्ण घटना है. इस विषय पर मानक व व्यावहारिक पुस्तकों की कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे यह पुस्तक काफी हद तक पूरा करती है.

वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र पाठक ने अपने लंबे अनुभव का सार इस पुस्तक में समेटा है. 'पोस्टमार्टम' केवल अपराध की खबर कैसे लिखी जाए, यह नहीं बताती, बल्कि अपराध की प्रकृति, उसकी पृष्ठभूमि व उसकी सामाजिक-प्रशासनिक संरचना को समझने की दृष्टि भी देती है. साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट जैसे आधुनिक अपराधों के संदर्भ में यह पुस्तक एक उपयोगी गाइड की तरह सामने आती है.

पुस्तक में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाया गया है. पिछले एक दशक में आर्थिक अपराधों की जांच के संदर्भ में इडी की बढ़ती भूमिका को लेखक ने तथ्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया है, जिससे पाठक को जांच एजेंसियों की कार्यशैली का स्पष्ट बोध होता है.

पुस्तक का एक महत्वपूर्ण अध्याय कुख्यात बब्लू श्रीवास्तव पर आधारित केस स्टडी है. लेखक ने एक बाइलाइन रिपोर्ट के अनुभव के माध्यम से यह समझाने की कोशिश की है कि अपराध पत्रकारिता में संतुलन, तथ्यपरकता व जिम्मेदारी कितनी जरूरी है. मुंबई धमाकों के बाद दाऊद इब्राहिम गिरोह से अलग होकर छोटा राजन जैसे लोगों के साथ उसका जुड़ना, अपराध जगत की आंतरिक राजनीति को भी उजागर करता है. पुलिस प्रशासन की संरचना, सीमाएं व कार्यशैली पर दी गयी जानकारी पाठक को व्यवस्था की जमीनी सच्चाइयों से परिचित कराती है. यह सामग्री केवल पत्रकारों के लिए ही नहीं, बल्कि आम पाठकों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों के लिए भी उपयोगी है. कुल मिलाकर 'पोस्टमार्टम' पत्रकारिता के विद्यार्थियों, युवा रिपोर्टरों और प्रशिक्षण देने वाले प्राध्यापकों के लिए एक आवश्यक संदर्भ पुस्तक साबित होती है. इसे आराध्य प्रकाशन ने प्रकाशित किया है. 191 पृष्ठों की यह पुस्तक 350 रुपये मूल्य में उपलब्ध है और अपराध पत्रकारिता को गंभीरता से समझने वालों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है.

पुस्तक समीक्षा




| | |
|---|---|
| लेखक | राघवेंद्र पाठक |
| प्रकाशक | आराध्य प्रकाशन |
| पृष्ठ | 191 |
| मूल्य | ₹350 |

## राशिफल — डॉ एनके बेरा

**मेष** : कर्म क्षेत्र में संतोषजनक वातावरण. नये कार्य की योजना बनेगी.
**वृष** : रोजी-रोजगार में सफलता. आमदनी के स्रोत में वृद्धि.
**मिथुन** : हर परिस्थितियों में सुधार. आवश्यक कार्य में सफलता.
**कर्क** : महत्वपूर्ण कार्य में सफलता. सेहत अच्छी रहेगी.
**सिंह** : आकस्मिक धनलाभ. स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा.
**कन्या** : संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति. महत्वाकांक्षा पूरी होगी.
**तुला** : विषाद की समानता, पारिवारिक उलझन. आर्थिक परेशानी.
**वृश्चिक** : पुरानी परेशानी से छुटकारा मनोकामना पूरी होगी.
**धनु** : नौकरी में उच्च अधिकारियों का सहयोग. आकस्मिक धनलाभ होगा.
**मकर** : परिवार में शांति का वातावरण संतान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा.
**कुंभ** : पारिवारिक परेशानी से छुटकारा. नौकरी में बदलाव होगा.
**मीन** : नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना.


## शब्दपहेली 2777



**बायें से दायें** : 1. बांस एक प्रकार की ... है (2), 5. बुदबुदाना (5), 7. शुरूआत (3), 9. दीया, मोम, मामबत्ती (2), 11. स्वादिष्ट (5), 13. घोड़ों से खींचा जाने वाला एक तरह का वाहन (2), 14. विद्रोही (2), 15. इनकार कर देना (2,3), 17. डोरा (2), 19. अनंत, असीम, जिसका कोई ओर-छोर न हो (3), 20. किसी से मनमर्जी काम करवाना (2,3), 22. मित्र, दोस्त (2)

**ऊपर से नीचे** : 2. सीख, टास्क (3), 3. गगरी, मिट्टी का बना एक पात्र (2), 4. बोने के लिए कोई दाना (2), 6. नष्ट या बर्बाद करना (2,3), 8. बहुत बड़ा संकट या विपत्ति आना (2,3), 10. भारीर, देह (2), 11. नवाबों से जागीर के बदले सैनिक सेवा ली जाने वाली प्रथा (3,2), 12. कीमत तय करना (2,3), 16. नस, नाड़ी (2), 18. एक समुद्री तूफान (3), 19. सखी, सहेली, भंवरा (2), 21. एक प्रकार की दलहन (2)

शब्दपहेली उत्तर



## सुडोकू नवताल — पहेली नंबर 6165

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

**सुडोकू नवताल - 6164 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने हैं. इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है.
- आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

## सिटी बाइट्स



### ‘कीर्तन : द हेरिटेज ऑफ बंगाल’ का हुआ आयोजन

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में कीर्तन की परंपरा पर आधारित डॉक्यूमेंट्री ‘कीर्तनः द हेरिटेज ऑफ़ बंगाल’ का विशेष स्क्रीनिंग और लाइव कॉन्सर्ट कोलकाता के बिरला एकेडेमी ऑफ़ आर्ट एंड कल्चर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया. देबलीना घोष द्वारा निर्देशित यह डॉक्यूमेंट्री हाल ही में पेरिस में आयोजित उत्सव में प्रदर्शित की गयी थी. इसके बाद अब महानगर में इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग हुई और फिर देबोलिना घोष का लाइव कीर्तन कॉन्सर्ट और एक परिचर्चा का आयोजन किया गया. बताया गया है कि यह फिल्म देबु’स दरबार और भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के संयुक्त प्रयास से बनायी गयी है. भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के डीन ऑफ़ एकेडमिक अफेयर्स और ट्रस्टी डॉ. सुमंत रुद्र ने कहा कि इस पहल के माध्यम से बंगाल के कीर्तन–परंपरा को नयी पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करने का प्रयास एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा.

### 2026 में इक्विटी मार्केट बना रहेगा मजबूत

**कोलकाता.** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड (कोटक नियो) ने गुरुवार को अपना मार्केट आउटलुक 2026 जारी किया है, जिसमें वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय शेयर बाजार और कमोडिटी (जैसे सोना) में मजबूती की उम्मीद जतायी गयी है. रिपोर्ट में आने वाले साल में निवेशकों के ध्यान देने लायक बड़े आर्थिक रुझान, सेक्टर के अवसर और कमोडिटी के अनुमान बताये गये हैं. इस रिपोर्ट पर कोटक सिक्योरिटीज के एमडी एंड सीईओ श्रीपाल शाह ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत ग्रोथ का मजबूत केंद्र बना हुआ है. हमारी इक्विटी पर राय पॉजिटिव है, क्योंकि कॉर्पोरेट अर्निंग अच्छी रहने की उम्मीद है और नीतिगत माहौल भी सहयोगी है. 2026 में सोना व चांदी एक सुरक्षित निवेश के विकल्प के रूप में अपनी चमक बनाये रखेगा. युवा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी से बाजार और मजबूती पकड़ेगा और वेल्थ क्रिएशन के नये अवसर पैदा होंगे.



### पीडियाट्रिक मल्टीस्पेशियलिटी सेंटर का उद्घाटन

**कोलकाता.** नियोटिया भागीरथी वुमन एंड चाइल्ड केयर सेंटर ने गुरुवार को न्यू टाउन अस्पताल में पीडियाट्रिक मल्टीस्पेशियलिटी के लिए एक अत्याधुनिक सेंटर के उद्घाटन किया. इस नये सेंटर का अनावरण अंबुजा नियोटिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नियोटिया ने किया. न्यू टाउन में मौजूदा सुविधा के विस्तार के रूप में बनाया गया यह अस्पताल एक व्यापक, बाल-केंद्रित हेल्थकेयर नेटवर्क है. इस उद्घाटन के साथ अस्पताल की कुल बेड क्षमता अब बढ़कर 220 बेड हो गयी है.बता दें कि दो दशकों से अधिक समय से नियोटिया भागीरथी वुमन एंड चाइल्ड केयर सेंटर ने मातृ, महिला और बाल स्वास्थ्य के लिए एक भरोसेमंद स्तंभ के रूप में सेवा दे रहा है. यह नया सेंटर इस अंतर को पाटने के लिए विशेष रूप से बनाया गया है कि हर बच्चे, नवजात शिशुओं से लेकर किशोरों तक को सही समय पर सही इलाज मिले. यहां एक उन्नत पीडियाट्रिक सर्जिकल नेटवर्क भी विकसित किया गया है. जिसमें एक विशेष पीडियाट्रिक कैथ लैब, पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जरी ओटी, पीडियाट्रिक डायलिसिस यूनिट शामिल है. यहां अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक की भी सुविधा है. जिसमें 160 स्लाइस सीटी स्कैनर और 1.5 टेस्ला एमआरआइ शामिल हैं.



### कहीं कमरे में, तो कहीं इमारत की छत पर लगी आग

**कोलकाता.** ठंड के मौसम में शहर में कहीं कमरे में तो कहीं इमारत की छत पर आग लगने की घटना होने से इलाके के लोग काफी देर तक आतंकित रहे. पहली घटना उत्तर कोलकाता के सेंट्रल सिंथी रोड में बुधवार देर रात की है. यहां एक मंजिली इमारत के ग्राउंड फ्लोर में स्थित बंद कमरे में आग लगने से वहां कुछ समय के लिए अफरातफरी की स्थिति व्याप्त हो गयी. खबर पाकर दमकल की दो गाड़ी के साथ दमकलकर्मी वहां पहुंचे और दो घंटे में आग पर काबू पा लिया. आग कैसे लगी थी, इससे जुड़े कारण का पता लगाया जा रहा है. आग लगने की दूसरी घटना बेलियाघाटा इलाके में स्थित सुरा लेन की है. यहां चार मंजिली इमारत की छत पर आग लगने से वहां रहनेवाले लोग आतंकित हो गये. खबर पाकर दमकल की दो गाड़ियों के साथ दमकलकर्मी वहां पहुंचे और एक घंटे में आग पर काबू पा लिया. आग कैसे लगी, इससे जुड़े सटीक कारण का पता लगाया जा रहा है. आग लगने की एक अन्य घटना नेताजी नगर थानाक्षेत्र में स्थित एनएससी बोस रोड में बुधवार रात की है. यहां चार मंजिली इमारत की छत पर आग लगने से वहां लोग आतंकित हो गये. खबर पाकर दमकल की तीन गाड़ी के साथ दमकलकर्मी वहां पहुंचे और आग पर काबू पा लिया.

### मेट्रो के काम में आ रही बाधा दूर करने का निर्देश

चिंगड़ीहाटा

**कोलकाता.** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कोलकाता के चिंगड़ीहाटा में मेट्रो के काम में ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए एक बार फिर पहल की है. गुरुवार को न्यायमूर्ति सुजय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की पीठ ने एक बार फिर मेट्रो, राज्य, आरवीएनएल, केएमडीए और पुलिस को आपस में परामर्श कर बैठक बुलाकर करीब 366 मीटर तक ट्रैफिक नियंत्रित करने का आदेश दिया है. गुरुवार को हाइकोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि शुक्रवार को राज्य सरकार को अदालत में बताना होगा कि बैठक में उनकी ओर से कौन प्रतिनिधित्व करेगा. मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सभी पक्षों का जवाब मिलने के बाद वह शुक्रवार को तय करेंगे कि बैठक कब और कहां होगी.

### जीएनआइएचएम का ‘मेरी मिक्सिंग’ सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन



**कोलकाता.** क्रिसमस के पर्व की खुशी और गर्मजोशी की शुरुआत करते हुए जेआइएस ग्रुप की इकाई गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (जीएनआइएचएम) ने अपने कैंपस में बड़े उत्साह और त्योहार की धूम के साथ अपनी सालाना पारंपरिक केक मिक्सिंग सेरेमनी ‘मेरी मिक्सिंग’ का आयोजन किया. इस साल का सेलिब्रेशन और भी शानदार हो गया जब जीएनआइएचएम के सबसे बेसब्री से इंतजार किये जाने वाले स्टूडेंट इवेंट्स में से एक सालाना केक डेकोरेशन कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में उभरते शेफ्स ने जोश के साथ हिस्सा लिया, जिन्होंने अपने मुश्किल केक डिजाइन के जरिये जबरदस्त क्रिएटिविटी, टेक्निकल एक्सीलेंस और इनोवेशन दिखाया. यह कॉन्टेस्ट स्टूडेंट्स के लिए एक मजबूत प्लेटफॉर्म था जहां, वे बहुत प्रतियोगी माहौल में अपनी पाक कला दिखा सकते थे. दिन भर चले इस रंगारंग समारोह में अर्जुन अवॉर्डी शांति मलिक और देबाशीष विश्वास समेत कई जाने-माने लोग शामिल हुए. प्रोफेसर डॉ. प्रलय गांगुली, इंद्राणी सान्याल, खालसा मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल, सेंट ऑगस्टाइन डे स्कूल के प्रिंसिपल के साथ जीएनआइएचएम के सीनियर मैनेजमेंट के सदस्य, कई शेफ और कुलिनरी आर्टिस्ट, जाने-माने फूड व्लॉगर और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री की जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं. मौके पर जेआइएस ग्रुप के डायरेक्टर सिमरदीप सिंह ने कहा कि जीएनआइएचएम में हम टेक्स्ट बुक्स से आगे बढ़कर होलिस्टिक लर्निंग में विश्वास करते हैं. ‘मेरी मिक्सिंग’ जैसे इवेंट्स हमारे स्टूडेंट्स को कुकिंग ट्रेडिशन्स से जुड़ने, उनकी प्रैक्टिकल स्किल्स को बेहतर बनाने और फेस्टिव खाने की कल्चरल जड़ों से जुड़ने में मदद करते हैं.

## कोर्ट में गवाही देने जाते समय साजिश के तहत घटना को अंजाम देने का आरोप

# ट्रक से कार में टक्कर मारने के मामले में आठ लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**गवाह का आरोप**

- शेख शाहजहां ने जेल से अपने रसूख का इस्तेमाल कर हमले की साजिश रची

**प्रतिनिधि, बशीरहाट**

उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अधिकारियों पर हुए हमले और उससे जुड़े सीबीआइ मामलों के प्रमुख गवाहों में शामिल भोलानाथ घोष को कोर्ट में गवाही देने जाते समय बोयरमारी पेट्रोल पंप के पास बासंती राजमार्ग पर उनकी कार को टक्कर मारने की घटना में 24 घंटे बाद एक मामला दर्ज किया गया है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, राजबाड़ी पुलिस फाड़ी में हत्या और हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है.

मालूम हो कि बुधवार को बशीरहाट कोर्ट में शेख शाहजहां के मामले में भोलनाथ घोष कार से गवाही देने जा रहे थे. इसी दौरान एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी, जो घटना नजाट के बोयरमारी पेट्रोल पंप के पास बासंती राजमार्ग पर हुई थी. इस हादसे में भोलनाथ घोष के छोटे बेटे सत्यजीत घोष (32) और उनकी कार के चालक साहनूर मोल्ला (27) की मौत हो गयी थी. दोषी ट्रक चालक मौके से फरार है. पीड़ित भोलानाथ ने इस मामले में उनकी हत्या की साजिश करने का आरोप लगाया है. पुलिस ने इस मामले में सत्यजीत घोष और कार चालक की मौत को लेकर हत्या का मामला दर्ज किया है और साथ ही भोलानाथ घोष के हत्या की साजिश का मामला दर्ज किया है. भोलानाथ घोष के वकील काली चरण मंडल ने कहा कि भोला नाथ घोष घटना के शिकार हुए है. जबकि उनका एक बेटा हादसे में मर गया. एक चालक की भी जान चली गयी. उन्होंने जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, उसका नाम उन्होंने सार्वजनिक नहीं किया. उनका कहना है कि जांच प्रभावित नहीं हो, जिस कारण से नाम को फिलहाल गुप्त रखा गया है. इधर, मिनाखां के एसडीपीओ कौशिक बसाक ने कहा कि शिकायत मिली है. जांच की जा रही है. अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

घोष के बड़े बेटे विश्वजीत ने दावा किया कि यह उनके पिता की हत्या की सुनियोजित साजिश थी. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेख शाहजहां ने अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए जेल में बैठे-बैठे इस अपराध को अंजाम दिया है. शाहजहां संदेशखाली में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों पर हुए हमले और उससे जुड़े केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) के मामलों के आरोपियों में शामिल हैं.

### संदेशखाली मामले में गवाह से संबंधित सड़क हादसा लक्षित हमला था : भाजपा

**कोलकाता.** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को आरोप लगाया कि वर्तमान में जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां ने उस ‘लक्षित हमले’ की साजिश रची थी, जिसमें उनके खिलाफ मामले का एक प्रमुख गवाह घायल हो गया और उनकी बेटे की मौत हो गयी. बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर शाहजहां को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए, भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के तत्काल इस्तीफे की



मांग की. पार्टी ने यह भी मांग की कि मामले के सभी गवाहों को उच्चतम न्यायालय की निगरानी में केंद्रीय बलों द्वारा तत्काल सुरक्षा प्रदान की जाये. भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, ‘‘यह कोई हादसा नहीं था, बल्कि शेख शाहजहां के इशारे पर किया गया एक सुनियोजित और लक्षित हमला था.’’ पूनावाला ने कहा कि शाहजहां, जो वर्तमान में जेल में बंद हैं, संदेशखाली मामले सहित 40 आपराधिक मामलों में आरोपी हैं. भाजपा नेता ने कहा, ‘‘पश्चिम बंगाल सरकार ऐसे अपराधी को इस हद तक संरक्षण दे रही है कि उन्होंने जेल में बंद रहने के दौरान भी उस गवाह पर हमले की साजिश रची जो मामले में गवाही देने के लिए अदालत जा रहा था.’’ भाजपा प्रवक्ता ने कहा, ‘‘ उच्चतम न्यायालय की निगरानी में घटना की विस्तृत जांच की जानी चाहिए, ताकि यह पता चल सके कि शेख शाहजहां का तृणमूल के साथ आर्थिक, कानूनी और राजनीतिक रूप से अभी क्या संबंध है.’’

## राज्य में अल्पसंख्यकों की हालत बेहद दयनीय : शुभेंदु

- विपक्ष के नेता ने कहा : मुस्लिम समुदाय को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया

**कोलकाता.** विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय, को केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि चुनावों में मुस्लिम समुदाय से भारी समर्थन मिलने के बावजूद सरकार ने उनके लिए कुछ नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप अल्पसंख्यकों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गयी है.

अधिकारी ने दावा किया कि 2021 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को 92 प्रतिशत और 2024 में 91 प्रतिशत मुस्लिम वोट मिले, फिर भी पार्टी ने वक्फ मुद्दे पर समुदाय को गड्ढे में धकेल दिया है. उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल के कई नेताओं ने सैकड़ों एकड़ वक्फ भूमि पर कब्जा किया है, यही वजह है कि राज्य सरकार केंद्र के उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का डेटा अपलोड करने में जानबूझकर देर कर रही थी. अधिकारी के अनुसार, जहां अन्य राज्यों ने अपने वक्फ संपत्ति विवरण समय पर अपलोड कर दिये, वहीं पश्चिम बंगाल की उदासीनता के चलते अब तक लगभग 80,000 संपत्तियों की जानकारी अपलोड नहीं की गयी है.

## 14 को आठ घंटे के लिए बंद रहेगा विद्यासागर सेतु



**कोलकाता.** कोलकाता पुलिस ने गुरुवार को जानकारी दी कि आगामी 14 दिसंबर को सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक विद्यासागर सेतु (सेकेंड हुगली ब्रिज) पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी. यह बंदिश पुल पर रिपेयर और मेंटेनेंस के काम के लिए लागू की जा रही है. सूत्रों के अनुसार, पिछले अगस्त से हर वीकेंड पर विद्यासागर सेतु पर ट्रैफिक कंट्रोल किया जा रहा है. सप्ताह के बाकी दिनों में यानी सोमवार से शुक्रवार तक पुल पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है. इस पुल से प्रतिदिन कम से कम एक लाख वाहन गुजरते हैं. इसलिए वीकेंड को चुना गया है, ताकि काम में कम रुकावट आये. कोलकाता और हावड़ा पुलिस ने पुल के आसपास वैकल्पिक मार्गों पर वाहनों को मोड़ने की तैयारियां पूरी कर ली हैं.

## क्रिसमस व न्यू ईयर से पहले होटलों व नाइट क्लबों में नगर निगम का विशेष अभियान

**कोलकाता.** क्रिसमस और न्यू ईयर से पहले शहर के होटल, नाइट क्लब, रेस्टोरेंट और बार में तैयारियां जोर पकड़ रही हैं. इस दौरान हर साल विभिन्न कॉन्सर्ट, डीजे नाइट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पार्टियां आयोजित होती हैं. इसी को ध्यान में रखते हुए कोलकाता नगर निगम दिसंबर के आखिरी हफ्ते में विशेष निगरानी अभियान चलाने जा रहा है. नगर निगम सूत्रों के अनुसार, 23 दिसंबर से रात में शुरू होने वाला यह ऑपरेशन तीन जनवरी तक चलेगा. निगम की विशेष टीम यह जांच करेगी कि होटल, नाइट क्लब और अन्य प्रतिष्ठान अपने आयोजनों के लिए मनोरंजन कर का भुगतान कर रहे हैं या नहीं. निगम का कहना है कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार का मनोरंजन कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निगम से अनुमति लेना अनिवार्य है. साथ ही निर्धारित मनोरंजन कर का भुगतान भी करना होता है. आरोप है कि हर वर्ष कई होटल, क्लब और बार बिना अनुमति के पार्टियां आयोजित करते हैं तथा मनोरंजन कर से बचने की कोशिश करते हैं. निगम के मनोरंजन कर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यदि कोई आयोजन बिना अनुमति किया गया या अनुमति की शर्तों का उल्लंघन पाया गया, तो संबंधित होटल या रेस्टोरेंट पर भारी जुर्माना लगाया जायेगा. अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई कार्यक्रम आधी रात के बाद चलता है, तो उस पर दोगुना कर वसूला जायेगा.

## संदेशखाली में मारे गये तीन भाजपा कार्यकर्ताओं के घर पहुंची सीबीआइ

**कोलकाता.** संदेशखाली में वर्ष 2019 में मारे गये तीन भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवारों से पूछताछ करने के लिए गुरुवार को सीबीआइ की एक टीम वहां पहुंची. इस मामले में तृणमूल कांग्रेस के बहिष्कृत नेता शाहजहां शेख का नाम पहले सामने आया था. हालांकि, सीआइडी द्वारा दायर चार्जशीट में उसका नाम शामिल नहीं था. बाद में कलकत्ता हाइकोर्ट के निर्देश पर सीबीआइ ने पुनः इस मामले की जांच अपने हाथ में ली. गुरुवार को सीबीआइ के अधिकारी केंद्रीय बलों के साथ संदेशखाली के भांगीपाड़ा क्षेत्र में पहुंचे और मृतकों के परिजनों से विस्तार से बातचीत की.

आठ जून, 2019 को भाजपा कार्यकर्ता प्रदीप मंडल, सुकांत मंडल और देवदास मंडल की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगा था. घटना के बाद सीआइडी ने जांच शुरू की थी. बाद में दायर चार्जशीट से आरोपी शाहजहां शेख समेत 28 लोगों के नाम हटा दिये गये थे. इसके बाद मृत तीनों भाजपा कार्यकर्ताओं के परिजनों ने कलकत्ता हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया और सीबीआइ जांच की मांग की.

कोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार करते हुए मामले की जांच सीबीआइ को सौंपने का आदेश दिया. आदेश के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी ने जांच फिर से शुरू की. इसी क्रम में इस दिन सीबीआइ अधिकारी केंद्रीय बलों को साथ लेकर घटनास्थल भांगीपाड़ा पहुंचे और मृत प्रदीप मंडल, सुकांत मंडल तथा देवदास मंडल के परिवारों से लंबी बातचीत कर आवश्यक सूचनाएं संकलित कीं.

## जीरो लिक्विड डिस्चार्ज पर सर्टिफिकेट कोर्स

**कोलकाता.** जादवपुर यूनिवर्सिटी ने फैकल्टी ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी स्टडीज, लॉ एंड मैनेजमेंट (एफआइएसएलएम) के तहत जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेडएलडी) पर एक प्रोफेशनल सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया है. यह एडवांस्ड सस्टेनेबल सॉल्यूशन के जरिये इंडस्ट्रियल वेस्टवॉटर मैनेजमेंट की मुश्किल चुनौती को हल करने की एक नयी पहल है. इस कोर्स का मकसद इंजीनियरों, साइंस पोस्ट ग्रेजुएट्स और इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स के बीच टेक्निकल क्षमता बनाना है, ताकि पर्यावरण के लिए जिम्मेदार पानी के तरीकों को बढ़ावा दिया जा सके. कोर्स की अवधारणा ग्लोबल जादवपुर यूनिवर्सिटी एलुमनाई फाउंडेशन (जीजेयूएएफ), कैलिफोर्निया, यूएसए द्वारा की गयी थी. जीजेयूएएफ के अध्यक्ष डॉ रंजीत चक्रवर्ती ने जानकारी दी कि जादवपुर विश्वविद्यालय के चार स्कूलों, विभागों (एफआइएसएलएम के संकाय के तहत) जल संसाधन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग, पर्यावरण अध्ययन और सिविल इंजीनियरिंग के साथ सहयोगात्मक रूप से विकसित किया गया था.


**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यू _एलएलएच_23_2025-26, दिनांक 09.12.2025; डेपुटी सीएमई/विद्युत, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए तकनीकी क्षमताएं रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का नामः सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में 36 महीने की अवधि के लिए एलएचबी हॉट बफेट कोचों के पैंट्री उपकरणों, एलएचबी 2-टीयर एवं एलएचबी 3-टीयर, एलएचबी शताब्दी कुर्सी यान, एलएचबी प्रथम एसी, आईसीएफ नॉन-एसी पैंट्री, एलएचबी नॉन-एसी कुर्सी यान तथा विभिन्न प्रकार की आरए एवं आरई (सैलोन) कोचों की सब-पैंट्री उपकरणों की सम्पूर्ण ओवरहॉलिंग के साथ रगड़ना, फीटिंग, चालू करना, जांच एवं परिवहन। कार्य की अनुमानित लागतः रु. 2,23,28,979.02; बयाना राशिः रु. 2,61,700; निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 01.01.2026 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहां निविदा का परिपूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in

(MISC-326/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: ओ-एसी-टी-124 से 125-25-26 (ओपन), दिनांक: 10.12.2025; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: क्रमांक 1, केस सं. ओ-एसी-टी-124-25-26; कार्य का नामः सीनि. डीईएन/III/एएसएन अनुभाग में आसनसोल यार्ड में ट्रैक की स्क्रीनिंग, स्लीपर के नवीनीकरण, रेल नवीनीकरण तथा अन्य विविध ट्रैक रखरखाव कार्यकलापों के संबंध में आसनसोल में यार्ड लाइनों के सुधार के लिए खुली निविदा। निविदा मूल्यः रु. 76,03,494.95। बयाना राशिः रु. 1,52,100; क्रमांक 2, केस सं. ओ-एसी-टी-125-25-26; कार्य का नामः सीनि. डीईएन/III/एएसएन अनुभाग में अंडाल यार्ड में ट्रैक की स्क्रीनिंग, स्लीपर के नवीनीकरण, रेल नवीनीकरण तथा अन्य विविध ट्रैक रखरखाव कार्यकलापों के संबंध में अंडाल में यार्ड लाइनों के सुधार के लिए खुली निविदा। निविदा मूल्यः रु. 70,79,883.55। बयाना राशिः रु. 1,41,600; कार्य हेतु समापन अवधिः प्रत्येक के लिए 12 महीने। बंद होने की तारीख एवं समयः 05.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे। परिपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते हैं। (ASN-272/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/एम/ब्लू लाइन, मेट्रो रेलवे, कोलकाता, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित काम के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं: कार्य का नामः मेट्रो रेलवे, कोलकाता के केबीईएल, केएसएचचवाई, केएसएचओ, केजीपीके, केएमएचआर, केसीईएन, केईएसपी, केपीएसके, केएमडीआई, केआरएसडी, केएनबीएन, केजेपीके, केएचजी, केआरएसबी स्टेशनों पर लगे एयर कंडीशनिंग प्लांट्स का ऑपरेशन और रखरखाव तथा सालाना ओवरहॉलिंग। विज्ञापित मूल्यः रु. 6,49,75,998.69/- मात्र। समापन की तिथि और समयः 31.12.2025 को 15.00 बजे (भा.मा.स.)। नोटिस बोर्ड का पताः प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता का कार्यालय, मेट्रो रेलवे, 33/1, जे.एल. नेहरू रोड, कोलकाता 700 071। वेबसाइट विवरणः https://www.ireps.gov.in

निविदा संख्याः ELM_150R_AC_AMC_DT9-12-25

Follow us at: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं. S/72/2025 दिनांक: 08.12.2025**

| क्र.सं. | मदों का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 759 | पी एंड सी के लिए आइसोलेटेड स्लीपरः आइटम (ए) आरडीएसओ ड्राइंग सं. टी-8109 के अनुसार सीजर क्रॉस ओवर पोर्सन आइटम (बी) आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी6493 के अनुसार 1 इन 8.5 सिंगल स्लिप डायमंड क्रॉसिंग. आइटम (सी) आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-6494 के अनुसार 1 इन 8.5 डबल स्लिप डायमंड क्रॉसिंग. | 2906.72 मीटर | 31-दिसंबर-25 |
| 760 | मोटर सस्पेंशन यूनिट के लिए टेपर्ड रोलर बियरिंग का सेट | 480 सेट | 31- दिसंबर -25 |
| 761 | 66 केवी (ई) ग्रेड सिंगल कोर 400 वर्ग मिमी | 5000 मीटर | 31- दिसंबर -25 |
| 762 | हिताची टीएम के लिए बेलनाकार रोलर बियरिंग का सेट | 348 सेट | 01-जनवरी-26 |
| 763 | इलेक्ट्रिक पॉइंट मशीन, 220 मिमी | 487 नग | 05- जनवरी -26 |
| 764 | वैप5 लोको के लिए हर्थ कपलिंग स्टार का सेट | 14 सेट | 06- जनवरी -26 |
| 765 | एलएचबी कोचों के अर्थिंग उपकरण के लिए मेंटेनेंस किट सेट सं. 01, किट में 3 आइटम शामिल हैं | 1687 सेट | 06- जनवरी -26 |
| 766 | एंड शील्ड | 17 नग | 09- जनवरी -26 |
| 767 | यूआईसी टाइप रबर वेस्टिब्यूल अरेंजमेंट | 110 नग | 20- जनवरी -26 |
| 768 | ई-70 ब्रेक कंट्रोल सिस्टम के लिए स्पेयर पार्ट्स का सेट | 1 सेट | 21- जनवरी -26 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध एवं निविदा की विस्तृत शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर देखें. 0878

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा–711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। ई-निविदा सं.: 214_2025-26, दिनांक 10.12.2025, कार्य का विवरणः एईएन/केडब्ल्यूएई के अधिकार क्षेत्र के अधीन एजीएई, डीएचएई, एनबीकेएच, एसएएलई एवं टीवाईएई में 5 अदद गैंग हट का निर्माण। अनुमानित लागत : रु. 77,43,364.69; बयाना राशि : रु. 1,54,900। समापन अवधिः स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 6 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 31.12.2025 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-454/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईपीडी/डब्ल्यू/कॉन/ईएमयू/टीएफपी/07/25-26, दिनांक 09.12.2025; उप मुख्य विद्युत अभियंता/(पीएंडडी), पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप-743145 द्वारा पूर्व रेलवे, कांचरापाड़ा वर्कशॉप में नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए प्रमाणित अनुभवी ठेकेदारों से खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: ईपीडी/डब्ल्यू/कॉन/ईएमयू/टीएफपी/07/25-26, कार्य का नाम तथा उसका स्थानः त्रुटिपूर्ण 1000 केवीए तथा 1050 केवीए क्षमता के ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मरों का पुनरुद्धार, मात्राः 6 अदद। कार्य की अनुमानित लागत: रु. 2,85,91,149.34; ई-पेमेंट गेट वे अथवा बैंक गारंटी बांड के जरिए जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा रकमः रु. 2,93,000/-। रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2022/सीई-I/सीटी/जीसीसी-2022/पॉलिसी दिनांक 27.04.2022 (एडवांस करेक्शन स्लिप सं. 5, दिनांक 20.10.2023) के अनुसार, निविदादाता कथित रकम की बोली जमानत राशि बैंक गारंटी बांड के रूप में भी जमा कर सकते हैं। मूल बैंक गारंटी बोलियों के जमा करने की अंतिम तारीख से पहले (यानी बोलियां जमा करने की अंतिम तारीख को छोड़कर) डेपुटी सीईई/पीएंडडी/केपीए के पास डिलीवरी की जानी चाहिए। बीजी बांड का प्रारूप जीसीसी-अप्रैल 2022 में उल्लेखित है। निविदादाताओं से इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जीसीसी-अप्रैल 2022 (संशोधनों के साथ) का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। निविदा प्रपत्र की कीमतः शून्य। जीसीसी-अप्रैल 2022 के अधीन पार्ट-1 के अनुच्छेद नं. 3 के अनुसार सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। कार्य समापन अवधिः 24 महीने। बोली जमा शुरू होने की तारीखः 17.12.2025। बोली जमा की अंतिम तारीखः 31.12.2025 को 14.45 बजे तक। निविदा खुलने की तारीख एवं समयः 31.12.2025 को 15.00 बजे। वेबसाइट का विवरण तथा सूचना पट्ट का स्थान जहां निविदा का परिपूर्ण विवरण देखा जा सकता है www.ireps.gov.in।

(MISC-323/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत विकास संबंधी कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

हावड़ा मंडल के तहत तारकेश्वर शाखा खंड में हरिपाल स्टेशन पर ब्रिज संख्या 45 और सेवड़ाफुली एवं दियारा स्टेशनों के बीच ब्रिज संख्या 3 पर प्रमुख इंजीनियरिंग कार्य के निष्पादन के लिए, अप और डाउन लाइनों पर दिनांक 13.12.2025 (शनिवार) को 22.50 बजे से दिनांक 14.12.2025 (रविवार) को 09.50 बजे तक ट्रैफिक और पावर ब्लॉक की आवश्यकता होगी। फलस्वरूप, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा: ● निरस्तीकरण [दिनांक 13.12.2025 (शनिवार)] : तारकेश्वर–हावड़ा : 37352, 37354, हावड़ा–तारकेश्वर : 37349, 37351, निरस्तीकरण [दिनांक 14.12.2025 (रविवार)] : तारकेश्वर–हावड़ा : 37312, 37314, 37316, 37318, 37320, 37322, 37356, 37358, तारकेश्वर–सेवड़ाफुली : 37412, 37416, गोघाट–हावड़ा : 37372, आरामबाग–हावड़ा: 37360, हरिपाल–हावड़ा : 37308, हावड़ा–गोघाट : 37371, हावड़ा–तारकेश्वर: 37309, 37311, 37313, 37315, 37317, 37353, 37355, हावड़ा–आरामबाग: 37359, सेवड़ाफुली–तारकेश्वर : 37411, 37415, हावड़ा–हरिपाल: 37307 ● संक्षिप्त यात्रा शुरूः 37373 हावड़ा–गोघाट लोकल हावड़ा और तारकेश्वर के बीच सेवा रद्द करते हुए दिनांक 14.12.2025 (रविवार) को 09.10 बजे तारकेश्वर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी और गोघाट तक चलेगी। ● पुनर्निर्धारण : 37324 तारकेश्वर–हावड़ा लोकल दिनांक 14.12.2025 को 09.32 बजे के बदले 09.42 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा। क्रमांक 1, ई-निविदा सं.: 228 _2025-26, दिनांक 09.12.2025, कार्य का विवरणः एसएसई/पी.डब्ल्यू/बीएमजी के अधीन (अप एचबीसी-2/0-6/0, अप एमएल, डाउन एमएल, रेव एमएल-2/0-6/0 एवं एसवाईई एवं ईएमयू कारशेड एवं बीईक्यू यार्ड) पी. वे रखरखाव कार्य। अनुमानित लागत : रु. 1,16,64,328.60; बयाना राशिः रु. 2,08,300। समापन अवधिः स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 महीने। क्रमांक 2, ई-निविदा सं.: 229 _2025-26, दिनांक 09.12.2025, कार्य का विवरणः सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन झील साइडिंग में लाइन सं. 16, 17, 18, 19 का विस्तार एवं अन्य आनुषंगिक कार्य। अनुमानित लागत : रु. 1,15,30,110.83; बयाना राशि : रु. 2,07,700। समापन अवधिः स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 4 महीने। निविदा प्रपत्र की कीमतः प्रत्येक के लिए शून्य। निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 08.01.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत (टीडीसी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-453/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/583, दिनांक 10.12.2025; वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: ई-निविदा सं.: एसडीएसटीई/सिग/टी/24/25-26/आरआरएसके; कार्य का नाम साथ में उसका स्थानः सियालदह मंडल में निम्नलिखित सिग्नलिंग कार्य - सियालदह मंडल में सीटीआर (पी)-20.909 टीकेएम एवं टीआरआर(पी)-4.404 टीकेएम, सीटीआर(पी)-4.123, टीआरआर(पी)-27.395 टीकेएम एवं टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)-3 सेट (1 इन 12)। निविदा मूल्यः रु. 1,09,39,542.22; जमा की जाने वाली बयाना राशि/बोली सुरक्षाः रु. 2,04,700; निविदा दस्तावेज की कीमतः शून्य। कार्य समापन अवधिः 12 महीने। निविदा जमा शुरू होने की तारीखः 24.12.2025; निविदा जमा करने की अंतिम तारीखः 07.01.2026 को 14.00 बजे तक। निविदा बोली खुलने की तारीखः 07.01.2026 को 14.30 बजे। विस्तृत विवरणः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। पात्रता के तकनीकी मानदंडः निविदादाताओं द्वारा पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निविदा आमंत्रित किए जाने वाले माह से पहले महीने के अंतिम दिन तक, नीचे उल्लेखित श्रेणियों में से किसी भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा अथवा काफी हद तक सम्पन्न किया होना चाहिए: (i) समतुल्य प्रकृति के तीन कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (ii) समतुल्य प्रकृति के दो कार्य, प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए अथवा (iii) समतुल्य प्रकृति का एक कार्य, जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की बराबर रकम से कम नहीं होनी चाहिए। पात्रता के वित्तीय मानदंडः निविदादाता द्वारा बी/एन अथवा ‘बी’ जो कम हो का न्यूनतम औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार किया होना चाहिए, जहां बी=निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन=कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोली आमंत्रित की गई है। औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्त वर्षों में “कुल अनुबंधकीय भुगतान” के औसत के रूप में किया जाएगा। हालांकि, पिछले वर्ष के तुलन पत्र के तैयार होना/लेखा परीक्षण होना बाकी रहने की स्थिति में औसत वार्षिक अनुबंधकीय कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जाएगा। निविदादाताओं को जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इस निविदा दस्तावेज का प्रपत्र-6) के अनुसार अपेक्षित जानकारी के साथ चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा भलीभांति सत्यापित लेखा परीक्षित तुलनपत्र/लेखा परीक्षित तुलन पत्र के साथ भलीभांति समर्थित चार्टर्ड एकाउंटेंट से प्रमाणपत्र जमा करना होगा। जमा किए जाने वाले अन्य दस्तावेजः जैसा कि निविदा दस्तावेज में उल्लेखित है। समतुल्य प्रकृति का कार्यः इस निविदा कार्य के लिए डाटा लॉगर अथवा आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना अथवा ईआई अथवा आरआरआई अथवा पीआई अथवा आईबीएस अथवा आईबीएच अथवा एलसी गेट इंटरलॉकिंग अथवा यार्ड मॉडिफिकेशन अथवा यूएफएसबीआई अथवा ट्रैक सर्किट (एएफटीसी अथवा डीसी टीसी) अथवा एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी अथवा एमएसडीएसी अथवा एचएएसएसडीएसी) अथवा स्वचालित सिग्नलिंग सम्मिलित कोई भी सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य को समतुल्य प्रकृति का कार्य माना जाएगा। टिप्पणीः निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में यथा उल्लेखित पात्रता के मानदंडों को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज जमा करने होंगे। निविदादाता द्वारा अनुशंसापत्रों के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेज/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता अथवा निविदाकारी प्रतिष्ठान के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्वयं सत्यापित/डिजिटली हस्ताक्षर होना चाहिए। स्वयं सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर तथा तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होना चाहिए।

(SDAH-298/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**खास पोस्ट** वंदे मातरम् पर प्रधानमंत्री और उनकी ब्रिगेड के झूठ का पर्दाफाश हुआ. - जयराम रमेश, महासचिव, कांग्रेस



## शीतकालीन सत्र. वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर राज्यसभा में चर्चा का समापन

# वंदे मातरम् आत्मा जगाने का मंत्र : नड्डा

एजेंसियां, नयी दिल्ली

**राज्यसभा** में गुरुवार को सदन के नेता व भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने दावा किया कि राष्ट्र गीत वंदे मातरम् को वह सम्मान एवं स्थान नहीं मिला, जो उसे मिलना चाहिए तथा देश को संकल्प लेना चाहिए कि इसे वही दर्जा मिले, जो राष्ट्र गान या राष्ट्रीय ध्वज को मिला है. राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर उच्च सदन में हुई चर्चा के अंत में सदन के नेता नड्डा ने कहा कि पिछले दो दिन में 80 से अधिक सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया, जो बताता है कि यह विषय कितना सम-सामायिक है. उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् देश की आत्मा को जगाने का मंत्र है. नड्डा ने कांग्रेस के जयराम रमेश द्वारा चर्चा में भाग लेते समय लगाये गये इस आरोप का जिक्र किया कि इस चर्चा का एक ही मकसद है, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को बदनाम करना. इस पर नड्डा ने कहा कि हमारा उद्देश्य भारत के पूर्व प्रधानमंत्री को बदनाम करना नहीं है, पर हमारा मकसद भारत के इतिहास के तथ्यों को सही प्रकार से रखने का है. उन्होंने याद दिलाया कि जब भी कोई घटना होती है तो जिम्मेदार सरदार ही होता है. उन्होंने कहा कि सरकार और कांग्रेस के सरदार जवाहरलाल नेहरू ही थे.


**कंबोडिया, म्यांमा से करीब 6,700 भारतीय नागरिकों को मुक्त कराया गया** : विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार के संज्ञान में है कि कुछ संदिग्ध फर्म भारतीय नागरिकों को ज्यादातर सोशल मीडिया के जरिये प्रलोभन देकर दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में ले जाकर उनसे साइबर अपराध और अन्य धोखाधड़ी गतिविधियां करवाती हैं. कंबोडिया, लाओ पीडीआर और म्यांमा से 6,700 से अधिक भारतीय नागरिकों को मुक्त कराया गया है.



### निशिकांत दुबे ने कांग्रेस नेतृत्व पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने गुरुवार को लोकसभा में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, जिसका कांग्रेस सदस्यों ने तीखा विरोध किया. सदन में हंगामे के बाद पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने कार्यवाही शाम चार बज कर सात मिनट पर शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी. दुबे ने सदन में शून्यकाल के दौरान यह आरोप लगाया.

### हाइड्रोजन ईंधन वाली कार से संसद पहुंचे ऊर्जा मंत्री



नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को जापानी वाहन विनिर्माता टोयोटा की हाइड्रोजन ईंधन संचालित कार 'मिराई' को चलाकर नए संसद भवन तक पहुंचे. वहां पहुंच कर उन्होंने कहा कि हाइड्रोजन ईंधन सेल वाले इलेक्ट्रिक वाहन भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य की दिशा में परिवर्तनकारी कदम साबित होंगे.

**राज्यसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा**

### जनता की आवाज नहीं दबा सकते : अजय माकन

राज्यसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य अजय माकन ने की. अजय माकन ने चुनावों में सभी पक्षों को बराबर अवसर मिलने का जिक्र करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी राजनीतिक दलों के लिए बराबर मौके हों. उन्होंने चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि अगर अंपायर ही किसी खेमे का समर्थन करने लगेगा तो निष्पक्ष चुनाव कैसे होंगे. माकन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि दिसंबर में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सरकार ने समिति से चीफ जस्टिस को बाहर करने का कानून बना दिया.

### संसद में शाह बहुत नर्वस थे : राहुल गांधी



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि लोकसभा में बुधवार को अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री अमित शाह बहुत नर्वस नजर आये और उन्होंने बहस की चुनौती पर कोई जवाब नहीं दिया. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह पूरे देश ने देखा कि अमित शाह मानसिक रूप से बहुत दबाव में हैं. राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि उनके हाथ कांप रहे थे, उन्होंने गलत भाषा का इस्तेमाल किया. वह मानसिक रूप से दबाव में हैं.

### लोकसभा में ई-सिगरेट पीने का मुद्दा भी उठा



भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को लोकसभा में टीएमसी के एक सांसद पर ई-सिगरेट पीने का आरोप लगाया, जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्रवाई की बात कही. ठाकुर ने प्रश्नकाल में स्पीकर से कहा कि टीएमसी के एक सदस्य पिछले कई दिन से सदन में ई-सिगरेट पी रहे हैं. फिर स्पीकर ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई आपत्ति है, तो लिख कर दे दें, जांच होगी.

## बोले ट्रंप- अमेरिका में पढ़ाई के बाद छात्रों का वापस जाना शर्मनाक

एजेंसियां, न्यूयॉर्क/वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 10 लाख डॉलर की ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना शुरू करने की घोषणा की है. यह एक वीजा कार्यक्रम है, जो अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा. ट्रंप का कहना है कि भारत और चीन जैसे देशों के छात्रों का अमेरिका के शीर्ष विश्वविद्यालयों से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद स्वदेश लौटना शर्मनाक है. बुधवार को घोषित किया गया ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना एक ऐसा वीजा कार्यक्रम है, जो अमेरिका को पर्याप्त लाभ प्रदान करने की किसी व्यक्ति की क्षमता पर आधारित है. ट्रंप ने दावा किया कि ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना कंपनियों को देश में इस तरह की प्रतिभाओं को नियुक्त करने और बनाये रखने में सक्षम बनायेगी.

**अर्थव्यवस्था संभालने में ट्रंप की लोकप्रियता में आयी कमी** : अर्थव्यवस्था और आव्रजन को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता में इस साल काफी गिरावट आयी है. एपी-एनओआरसी के एक नये सर्वेक्षण से यह बात सामने आयी है. द एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के सर्वेक्षण में पाया गया है कि अब सिर्फ 31 प्रतिशत अमेरिकी वयस्क ही ट्रंप के अर्थव्यवस्था संभालने के तरीके से सहमत हैं. मार्च में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था और अब इसमें कमी आ गयी है.



**10** लाख डॉलर की ट्रंप गोल्ड कार्ड योजना हुई शुरू

### गोल्ड कार्ड वेबसाइट शुरू

ट्रंप ने घोषणा की कि गोल्ड कार्ड वेबसाइट शुरू हो गयी है और कंपनियां व्हार्टन, हार्वर्ड और एमआइटी जैसे शीर्ष अमेरिकी विश्वविद्यालयों के छात्रों को अमेरिका में ही रखने के लिए गोल्ड कार्ड खरीद सकती हैं.

### अमेरिकी सांसद बोलीं- रुख बदलें ट्रंप, वर्ना भारत को खो देंगे

अमेरिका की एक सांसद ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत के प्रति नीतियां रणनीतिक भरोसे और पारस्परिक समझ को वास्तविक व स्थायी नुकसान पहुंचा रही हैं. कैलिफॉर्निया से डेमोक्रेटिक पार्टी की सांसद सिंडी कमलागर-डोव ने कहा कि अगर ट्रंप अपनी नीति में बदलाव नहीं करते, तो वह भारत को खो देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति बन जायेंगे. और ज्यादा साफतौर पर कहा जाये, तो जिन्होंने भारत को दूर कर दिया जबकि रूसी साम्राज्य को सशक्त किया. उन्होंने ट्रांसअटलांटिक गठबंधन को तोड़ा है.

**ग्लोबल बाइट्स**

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम का जयंती पर प्रणब मुखर्जी को नमन



**नयी दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को उनकी जयंती पर याद किया. मोदी ने मुखर्जी को एक कद्दावर राजनेता और असाधारण विद्वान के रूप में याद किया. राष्ट्रपति मुर्मू ने मणिपुर की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होने से पहले राष्ट्रपति भवन में मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की.

### पीएम मोदी ने की राजग सांसदों के लिए रात्रिभोज की मेजबानी

**नयी दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर राजग के घटक दलों के सांसदों के लिए रात्रिभोज की मेजबानी की. सांसद अलग-अलग समूहों में बसों में सवार होकर मोदी के आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पहुंचे. यह रात्रिभोज हाल ही में बिहार चुनावों में राजग की शानदार जीत के बाद दिया गया है, जिसमें गठबंधन ने 243 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 202 सीटें हासिल कीं.

## बांग्लादेश में आम चुनाव की तिथि की घोषणा, वोटिंग 12 फरवरी को

एजेंसियां, ढाका

**बांग्लादेश** में 12 फरवरी को आम चुनाव कराये जायेंगे. अगस्त 2024 में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन में शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद यह पहले चुनाव होंगे. सीइसी एएमएम नासिर उद्दीन ने गुरुवार को कहा कि मतदान 12 फरवरी, 2026 को सुबह साढ़े सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा. मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय सहमति आयोग के सुधार प्रस्तावों पर जनता की राय जानने के लिए मतदान के दिन 12 फरवरी को एक साथ जनमत संग्रह भी कराया जायेगा.

### चुनाव प्रचार 22 जनवरी से

चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 29 दिसंबर है और नामांकन पत्रों की जांच 30 दिसंबर से चार जनवरी तक होगी. नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 20 जनवरी है. उम्मीदवारों की अंतिम सूची 21 जनवरी को प्रकाशित की जायेगी. चुनाव प्रचार 22 जनवरी से शुरू होगा और 10 फरवरी को सुबह साढ़े सात बजे तक चलेगा. 2024 के चुनाव में हसीना की जीत के छह महीने बाद, उनकी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गये थे. फिर हसीना को पांच अगस्त, 2024 को भारत आना पड़ा था.

## भारत के प्रस्ताव से खुश है, तो डील पर हस्ताक्षर करे अमेरिका : गोयल

**मुंबई.** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि अगर अमेरिका व्यापार समझौते से संबंधित भारतीय पेशकश से खुश है, तो उसे मुक्त व्यापार समझौते के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर देने चाहिए. गोयल ने भारत की तरफ से रखी गयी पेशकश पर ट्रंप प्रशासन के विचारों का स्वागत किया, लेकिन उन्होंने दोनों देशों के बीच लंबे समय से इंतजार किये जा रहे समझौते पर हस्ताक्षर की कोई समयसीमा बताने से परहेज किया. वाणिज्य मंत्री अमेरिकी प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर की उस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका को भारत से सबसे अच्छा प्रस्ताव मिला है.

## दर्दनाक : ट्रक के खाई में गिरने से असम के 18 मजदूरों की मौत, अभी तीन लापता

एजेंसियां, तिनसुकिया/ईटानगर

**अरुणाचल** प्रदेश के एक सुदूर इलाके में एक ट्रक के खाई में गिरने से उसमें सवार असम के तिनसुकिया जिले के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग लापता हैं. रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने दुर्घटना में एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति से प्राप्त सूचना के आधार पर बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्से में स्थित अंजॉ जिले के हयूलियांग-चागलागम रोड पर यह दुर्घटना आठ दिसंबर को हुई. इस ट्रक पर तिनसुकिया

अरुणाचल प्रदेश में भीषण हादसा



जिले के 22 मजदूर सवार थे. अरुणाचल प्रदेश के आपदा प्रबंधन सचिव दानी सालू ने कहा कि एनडीआरएफ की एक टीम गुरुवार शाम को हयूलियांग से लगभग 10 किलोमीटर दूर एक क्षेत्र में पहुंची और मौसम अनुकूल रहने पर यह शुक्रवार को शवों को निकालने का अभियान शुरू करेगी. रावत ने एक बयान में कहा कि यह दुर्गम इलाका चागलागम से लगभग 12 किलोमीटर दूर है और वहां संपर्क सीमित है तथा दुर्घटना की जानकारी किसी भी स्थानीय एजेंसी, ठेकेदार या नागरिक को नहीं थी. बयान के अनुसार, एकमात्र जीवित बचे व्यक्ति ने जब आपबीती सुनायी, तभी इसकी जानकारी मिली. तिनसुकिया के एसएसपी मयंक कुमार ने बताया कि जिले के 22 मजदूर अरुणाचल प्रदेश में एक छात्रावास के निर्माण के लिये गये थे.

**न्यूज इन ट्रेंड**

**श्री विजयपुरम**

### चार दिवसीय यात्रा पर अंडमान पहुंचे भागवत

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को चार दिवसीय दौरे पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहुंचे. भागवत यहां वीडी सावरकर के सम्मान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे. भागवत ने यहां पहुंचने के बाद आरएसएस कार्यालय में संगठन के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की.

**सऊदी अरब**

### आलिया भट्ट को मिला अवॉर्ड

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित पांचवें रेड सी अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में गोल्डन ग्लोब्स होराइजन अवार्ड से सम्मानित किया गया.



**असम**

### गुवाहाटी में लगी आग 40 घंटे बाद हुई काबू

असम के गुवाहाटी में एक शॉपिंग मॉल और एसबीआइ की प्रीमियम तथा वाणिज्यिक बैंकिंग शाखा वाले एक वाणिज्यिक परिसर में लगी आग पर 40 घंटे बाद गुरुवार शाम काबू पा लिया गया. आग बुझाने के अभियान में भारतीय वायुसेना, भारतीय सेना, गुवाहाटी रिफाइनरी के जल टैंकरों ने भी मदद की.

**...पहले पेज से**

### राज्यपाल ने खुद को...

उन्होंने बताया था कि वह केरल के ही वोटर बने रहेंगे. गुरुवार को राज्यपाल ने अपना फैसला बदलते हुए फॉर्म-8 ग्रहण किया. राज्यपाल ने कहा कि वह बंगाल का वोटर बनना चाहते हैं. वह अपने दस्तावेज जमा करेंगे. मेरी भावनाएं बंगाल की मिट्टी से जुड़ी हुई हैं. यहां के लोग, भाषा, संस्कृति, परंपरा मुझे आकर्षित करती हैं. चुनाव आयोग के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल चाहें तो किसी भी समय संबंधित राज्य का वोटर बन सकते हैं. उन पर कोई समय-सीमा लागू नहीं होता है. पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ भी इस राज्य के वोटर बने थे, उन्होंने मतदान भी किया था. राज्यपाल ने कहा कि नेताजी उनके हीरो हैं. इसलिए उन्होंने अपना फैसला बदला है.

### मतदाता सूची से...

इसके तहत दो करोड़ 93 लाख 69 हजार 188 वोटरों की पहचान की गयी है. जिनके नाम 2002 की लिस्ट में नहीं हैं, लेकिन उनके माता-पिता या रिश्तेदारों के नाम हैं, वे प्रजिनी मैपिंग लिस्ट में हैं. राज्य में ऐसे वोटरों की संख्या तीन करोड़ 84 लाख 55 हजार 939 है. इसके अलावा 30 लाख वोटर ऐसे हैं, जिनके नाम या उनके रिश्तेदारों के नाम 2002 की लिस्ट में नहीं हैं, वे नॉन-मैपिंग लिस्ट में हैं. इस तीसरी लिस्ट में शामिल सभी लोगों को आयोग सुनवाई के लिए बुलायेगा. उनके सबूतों और दस्तावेजों की जांच की जायेगी. इसके अलावा अगर पहली दो लिस्ट में किसी भी वोटर की जानकारी पर कोई शक है, तो उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जा सकता है.

### बंगाल में एसआइआर....

जिनके नाम सूची में नहीं होंगे, उन्हें ऑनलाइन फॉर्म- 6 और एनेक्सर- 4 भी भरना होगा. इसके लिए संबंधित व्यक्ति बीएलओ, एसडीओ या डीएम कार्यालय जाना होगा. उधर, निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को पांच राज्यों-तमिलनाडु, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और एक यूनियन टेरेटरी (यूटी) अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की समयसीमा बढ़ा दी. आयोग ने संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के अनुरोध पर संशोधित कार्यक्रम जारी किया. तमिलनाडु और गुजरात में एसआइआर 14 दिसंबर, जबकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर तक चलेगा. उत्तर प्रदेश में यह अवधि 26 दिसंबर तक बढ़ायी गयी है.

### इडी ने इस्लामिक स्टेट से जुड़े मामलों में चार राज्यों में मारे छापे

**मुंबई.** इडी ने कट्टरपंथी इस्लामिक स्टेट मॉड्यूल से जुड़ी आतंकी वित्त पोषण की जांच के संबंध में गुरुवार को कई राज्यों में छापे मारे. अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी में महाराष्ट्र में ठाणे जिले के पडघा-बोरीवली क्षेत्र, रत्नागिरी जिले, दिल्ली, कोलकाता और उत्तर प्रदेश के कुछ शहरों में लगभग 40 स्थानों पर तलाशी ली गयी. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में तलाशी के दौरान इडी दलों को राज्य के एटीएस द्वारा सुरक्षा दी गयी. पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया है. उसने यह कार्रवाई एनआइए के आरोप-पत्र के आधार पर हुआ, जिसमें आरोप था कि कुछ व्यक्ति आइएस से जुड़े मॉड्यूल का हिस्सा थे.



### नयी दिल्ली में हुई धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा



नयी दिल्ली. गुरुवार को हेमा मालिनी ने दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के लिए प्रार्थना सभा आयोजित की. सभा में गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, किरेन रीजीजू, लोस अध्यक्ष ओम बिड़ला, अश्विनी वैष्णव, निर्मला सीतारमण सहित कई गणमान्य शामिल हुए.

## पहले स्वदेशी हाइड्रोजन चालित यात्री जलयान की वाणिज्यिक सेवा शुरू

**नयी दिल्ली.** भारत ने अपने हरित समुद्री अभियान में एक बड़ा कदम उठाया है, क्योंकि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने गुरुवार को वाराणसी के नमो घाट पर देश के पहले पूरी तरह से स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन चालित यात्री यात्री जलयान वाणिज्यिक संचालन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया. यह जलयान भारत में समुद्री परिवेश में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रणोदन का प्रदर्शन करने वाला पहला जलयान है और इसमें पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग किया गया है. यह एक निम्न तापमान प्रोटॉन एक्सचेंज मेम्ब्रेन ईंधन सेल प्रणाली पर संचालित होता है, जो संग्रहित हाइड्रोजन को बिजली



केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने हरी झंडी दिखा कर की शुरुआत

में परिवर्तित करता है और उप-उत्पाद के रूप में केवल पानी उत्सर्जित करता है, इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत स्वच्छ, टिकाऊ और आत्मनिर्भर परिवहन प्रणालियों की ओर एक परिवर्तनकारी बदलाव देख रहा है.

### पीएम 15 से 18 दिसंबर तक करेंगे इथियोपिया जॉर्डन, ओमान की यात्रा

**नयी दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यापार और रक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए सोमवार से शुरू होने वाली जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की चार दिनी यात्रा करेंगे. अपनी यात्रा के पहले चरण में मोदी 15 से 16 दिसंबर तक राजा अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर जॉर्डन का दौरा करेंगे, जहां वे द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलू की समीक्षा करेंगे और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे. जॉर्डन से मोदी 16 से 17 दिसंबर तक दो दिवसीय यात्रा के लिए इथियोपिया जायेंगे. पूर्वी अफ्रीकी देश की यह उनकी पहली यात्रा होगी. अदीस अबाबा में मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक बातचीत करेंगे. यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में, मोदी सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर 17 से 18 दिसंबर तक ओमान का दौरा करेंगे.

**भविष्य बदलने को तैयार है सॉल्ट बैटरी, जर्मनी ने शुरू किया उत्पादन**

# सेरेनर्जी : नमक से बनेगी ऊर्जा की नयी दुनिया

**खास खबर**

नेशनल कंटेंट सेल

**ऊर्जा** भंडारण के क्षेत्र में बड़ी क्रांति की शुरुआत जर्मनी से हो चुकी है. यहां सॉल्ट बैटरियों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर दिया गया है. 'सेरेनर्जी' नाम से बनी ये बैटरियां दुनिया की उन चुनिंदा तकनीकों में शामिल हो चुकी हैं, जिनसे ऊर्जा का चेहरा आने वाले वर्षों में पूरी तरह बदल सकता है. सबसे खास बात यह है कि ये बैटरियां महंगी या दुर्लभ धातुओं पर निर्भर नहीं हैं, इन्हें साधारण नमक से बनाया जा रहा है. ऑस्ट्रेलियाई कंपनी ऑलटेक बैटरीज ने यूरोप के प्रतिष्ठित फ्राउनहोफर आइकेटीएस रिसर्च इंस्टीट्यूट की मदद से इस तकनीक को विकसित किया है. इनोवेशन ओरिजिन्स की रिपोर्ट बताती है कि इस प्रोजेक्ट पर लगभग आठ वर्ष की कड़ी रिसर्च और 35 मिलियन यूरो खर्च किये गये. अब इसे व्यावसायिक रूप देने की तैयारी है. कंपनी का लक्ष्य है कि भविष्य में मोबाइल, स्मार्ट डिवाइस और यहां तक कि इलेक्ट्रिक वाहनों तक को भी सॉल्ट बैटरी से चलाया जा सके.



### ऐसे काम करती है सॉल्ट बैटरी

सॉल्ट बैटरी की तकनीक पारंपरिक लिथियम-आयन बैटरी से पूरी तरह अलग है. इसमें लिथियम, कोबाल्ट या ग्रेफाइट जैसी महंगी धातुओं का इस्तेमाल नहीं होता. इसके स्थान पर सॉल्ट आधारित सॉलिड इलेक्ट्रोलाइट और सिरेमिक सेल लगाये जाते हैं, जो लगभग 2.58 वोल्ट की स्थिर क्षमता देते हैं. यह एक सॉलिड-स्टेट बैटरी है. इसमें आग लगने या ओवरहीटिंग का खतरा बेहद कम है. इसे बड़े ऊर्जा भंडारण सिस्टम, बिजली ग्रिड और नवीकरणीय ऊर्जा प्लांट्स के लिए आदर्श माना जा रहा है.

- नमक से चलेगा मोबाइल ऊर्जा के क्षेत्र में गेम चेंजर
- आठ साल का रिसर्च, 35 मिलियन यूरो का निवेश

### नया दौर, नयी ऊर्जा

जर्मनी में शुरू हुआ यह उत्पादन न केवल यूरोप बल्कि पूरी दुनिया को नयी दिशा दे सकता है. भारत के लिए यह समय है कि वह इस तकनीक के विकास और उपयोग पर तेजी से आगे बढ़ कर भविष्य की ऊर्जा दौड़ में अग्रणी भूमिका निभाये.

### भारत के लिए क्यों महत्वपूर्ण

भारत ने 2030 तक 500जीडब्ल्यू नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य तय किया है. ऐसे में ऊर्जा भंडारण तकनीक, विशेषकर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, देश की सबसे अहम जरूरत बनने जा रही है. सॉल्ट बैटरियां भारत के सामने इसलिए बड़ा अवसर पेश करती हैं कि इनकी लागत कम है, फायर-सेफ हैं, ग्रामीण और माइक्रोग्रिड सिस्टम के लिए बेहद उपयुक्त, ठंडे व गर्म दोनों तापमानों में स्थिर प्रदर्शन. अभी इनका उपयोग स्मार्टफोन या इलेक्ट्रिक वाहनों में प्राथमिक लक्ष्य नहीं है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि जैसे-जैसे तकनीक परिपक्व होगी, इवी, मोबाइल और घरेलू ऊर्जा सिस्टम भी नमक बैटरी से संचालित होने लगेंगे.

**टीवी पर आज** अंडर-19 एशिया कप में आज भारत और यूएइ के मैच का प्रसारण सुबह 10.30 बजे से सोनी टेन स्पोर्ट्स पर



# विश्व खेल के मंच पर भारतीय महिला खिलाड़ियों का दिखा दबदबा



## रूपा आठवीं रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय बनीं

**नयी दिल्ली.** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता रूपा बायर नवीनतम विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचने वाली भारत की पहली ताइक्वांडो खिलाड़ी बन गयी हैं. इससे पहले उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नौ थी. अरुणाचल प्रदेश की 24 वर्षीय बायर ने 29 से 30 नवंबर तक ऑस्ट्रिया के इंसब्रुक में आयोजित किये गये विश्व ताइक्वांडो प्रेसिडेंट कप यूरोप में कांस्य पदक जीता था. उन्होंने इस साल अगस्त में ऑस्ट्रेलिया ओपन ताइक्वांडो टूर्नामेंट में भी कांस्य पदक हासिल किया था. वह पूमसे वर्ग में भाग लेती है. पूमसे ताइक्वांडो का एक गैर-लड़ाकू स्वरूप है, जिसमें प्रतियोगी जिम्नास्टिक की तरह अपने 'मूव' का प्रदर्शन करता है. इसका मूल्यांकन जजों के एक पैनल द्वारा किया जाता है. वह सभी श्रेणियों में विश्व रैंकिंग के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय हैं.



## बेमबेम 'ड्रीम इलेवन' की 12 मिडफील्डरों की सूची में शामिल

**नयी दिल्ली.** भारतीय फुटबॉल की दिग्गज खिलाड़ी बेमबेम देवी और आशालता देवी को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) महिला एशियाई कप की सर्वकालिक 'ड्रीम इलेवन' फुटबॉल टीम के लिए नामांकित किया गया है. पद्म श्री से सम्मानित होने वाली एकमात्र भारतीय महिला फुटबॉलर पूर्व कप्तान बेमबेम 'ड्रीम इलेवन' टीम के लिए नामांकित 12 मिडफील्डरों में से एक हैं. एएफसी ने बताया कि दो दशकों से अधिक समय तक के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान बेमबेम देवी भारतीय महिला फुटबॉल खिलाड़ियों की एक पीढ़ी की नायिका थीं. वह 2003 में एएफसी महिला एशियाई कप में भारतीय टीम की कप्तान थीं और उन्हें दो बार एआइएफएफ महिला प्लेयर ऑफ द इयर चुना गया है. उन्हें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान मिले हैं.



## आशालता को मिली 'ड्रीम इलेवन' डिफेंडरों की टीम में जगह

आशालता ने 2022 में भारत में महिला एशियाई कप में भारतीय टीम की कप्तानी की. एएफसी ने कहा कि आशालता देवी भारतीय महिला राष्ट्रीय टीम की सबसे कुशल डिफेंडर में से एक हैं. एक दमदार सेंटर बैक के रूप में उन्होंने 2022 में एएफसी महिला एशियाई कप में पदार्पण किया. प्रदर्शन में उनकी निरंतरता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें 2019 में एआइएफएफ महिला प्लेयर ऑफ द इयर नामित किया गया था. आशालता उन 12 डिफेंडरों में से एक हैं, जिन्हें ड्रीम इलेवन के लिए नामांकित किया गया है. ड्रीम इलेवन के लिए पांच गोलकीपर और 12 फॉरवर्ड खिलाड़ियों को भी नामांकित किया गया है. इसके लिए मतदान 21 नवंबर को शुरू हुआ और यह 10 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा. महिला एशियाई कप एक से 21 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया में खेला जायेगा.

## फील्ड बाइट्स

### एशियाई युवा पैरा खेलों में भारतीय तैराक अब्दुल ने दो स्वर्ण पदक जीते

**दुबई.** भारतीय तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने यहां एशियाई युवा पैरा खेलों के पहले दिन 50 मीटर बटरफ्लाइ और 50 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता. इंदौरी ने बेहतरीन खेल और अपने इरादे से पूल में दबदबा बनाया. इस प्रदर्शन से वह बुधवार को दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे. एशियाई युवा पैरा खेलों का उद्घाटन समारोह भी बुधवार को बड़े उत्साह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अलग-अलग एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा पैरा खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ आयोजित किया गया.

### भारतीय महिला फुटबॉल लीग 20 दिसंबर से कोलकाता में

**नयी दिल्ली.** भारतीय महिला फुटबॉल लीग 20 दिसंबर से कोलकाता के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) में खेला जायेगा. इसके पहले मैच में सेथु एफसी का मुकाबला किकस्टार्ट एफसी से होगा. अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) ने गुरुवार को घोषणा की कि आइडब्ल्यूएल दो चरणों में खेला जायेगा. इसका पहला चरण 20 दिसंबर से नौ जनवरी 2026 तक चलेगा. इस दौरान आठ टीमें 28 मैच खेलेंगी. कोलकाता स्थित एनसीओई और कल्याणी स्थित कल्याणी म्युनिसिपल स्टेडियम लीग के मैच खेले जायेंगे. आइडब्ल्यूएल का दूसरा चरण 20 अप्रैल से 10 मई 2026 तक आयोजित किया जायेगा.

### ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 विश्व कप टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी

**मेलबर्न.** भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है. आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं, जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं, जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं. यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे, जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे सीरीज में भारत के खिलाफ खेली थी.

### गल्फ जायंट्स ने आइएलटी-20 में शारजाह को छह विकेट से हराया

**दुबई.** बाएं हाथ के स्पिनर अयान खान की शानदार गेंदबाजी और रहमानुल्लाह गुरबाज के अर्धशतक की मदद से गल्फ जायंट्स ने यहां आइएलटी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में शारजाह वॉरियर्स को छह विकेट से हरा दिया. वॉरियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 157 रन ही बना पायी. उसकी तरफ से जॉनसन चार्ल्स (32 गेंदों में 36 रन), कुसल मेंडिस (15 गेंदों में 23 रन) और ड्वेन प्रिटोरियस (17 गेंदों में 36 रन) ही कुछ योगदान दे पाये. जायंट्स ने 19.4 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की.

### 2028 ओलिंपिक हॉकी टूर्नामेंट की क्वालीफिकेशन प्रणाली को मंजूरी

**नयी दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आइओसी) ने 2028 लॉस एंजिलिस खेलों के लिए पुरुषों और महिलाओं की हॉकी प्रतियोगिताओं की क्वालीफिकेशन प्रणाली को स्वीकृति दे दी. खेल की वैश्विक संचालन संस्था एफआइएच ने गुरुवार को यह घोषणा की. जैसा कि बीजिंग 2008 ओलिंपिक के बाद से होता आया है.दोनों वर्ग में 12 टीम हिस्सा लेंगी. इसमे मेजबान देश अमेरिका भी शामिल है. प्रत्येक वर्ग में बाकी 11 टीम एफआइएच प्रो-लीग, पांच महाद्वीपीय चैंपियनशिप और ओलिंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट के

## दूसरा टी-20. भारत 51 रन से हारा, तिलक वर्मा ने बनाये 62 रन

# डिकॉक-बार्टमैन के दमदार खेल से दक्षिण अफ्रीका की जीत से वापसी

एजेंसियां, मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़)

**मुल्लांपुर** (न्यू चंडीगढ़). दक्षिण अफ्रीका ने विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (90 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर गुरुवार को यहां दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 51 रन से हरा कर पांच मैच की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली. अब तीसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला में खेला जायेगा. पहले मैच में महज 74 रन पर आउट होने वाली दक्षिण अफ्रीका ने चार विकेट पर 213 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया. डोनोवन फरेरा ने नाबाद 30 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 20 रन का योगदान दिया. भारत ने पारी में 16 वाइड गेंद डाली और 22 अतिरिक्त रन दिये, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने केवल पांच अतिरिक्त रन दिये. इस तरह भारत ने अंतिम 10 ओवर में 123 रन लुटाये. लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत काफी खराब रही, जिससे टीम उबर नहीं सकी और तिलक वर्मा (62 रन) के अर्धशतक के बावजूद 19.1 ओवर में 162 रन पर आउट हो गयी. विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने 27 रन, अक्षर पटेल ने 21 रन और हार्दिक पांड्या ने 20 रन बनाये. आटेनील बार्टमैन सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार ओवर में 24 रन देकर चार विकेट झटके. भारतीय टीम ने पहले ही ओवर में शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया, जो खाता भी नहीं खोल सके.



**बना रिकॉर्ड**

**सबसे अधिक 13वीं बार जीता द अफ्रीका**
13वीं जीत भारत के खिलाफ भारत में दर्ज करने वाली पहली टीम दक्षिण अफ्रीका बन गयी है. इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 12 बार हराया है.

**10 विकेट तेज गेंदबाजों ने झटके** : पहला मौका है जब टी-20 में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने सभी 10 विकेट झटके.
**घरेलू मैदान पर बड़ी हार** : 51 रन से हारा भारत और घरेलू मैदान पर रन के लिहाज से भारत की बड़ी हार है. इसके पहले इंदौर में दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 49 रन से हराया था.
**एक ओवर में रिकॉर्ड सात वाइड** : अर्शदीप सिंह ने एक ओवर में कुल 13 गेंदें डाली. उन्होंने मैच के 11वें ओवर में कुल सात वाइड की और ऐसा करनेवाले भारत के पहले गेंदबाज बन गये हैं.

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक रन आउट | 90 | 46 | 5 | 7 |
| रीजा हेंड्रिक्स बो वरुण | 08 | 10 | 0 | 1 |
| मार्कराम कै पटेल बो वरुण | 29 | 26 | 1 | 2 |
| ब्रेविस कै तिलक वर्मा बो पटेल | 14 | 10 | 1 | 1 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 30 | 16 | 1 | 3 |
| डेविड मिलर नाबाद | 20 | 12 | 2 | 1 |

**अतिरिक्त** : 22, **कुल** : 4/213 रन (20 ओवर), **विकेट पतन** : 1-38, 2-121, 3-156, 4-160, **गेंदबाजी** : अर्शदीप सिंह 4-0-54-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-45-0, वरुण चक्रवर्ती 4-0-29-2, अक्षर पटेल 3-0-27-1, हार्दिक पंड्या 3-0-34-0, शिवम दुबे 2-0-18-0.

| भारत | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक कै डिकॉक बो यानसेन | 17 | 08 | 0 | 2 |
| शुभमन कै हेंड्रिक्स बो एनरिडी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अक्षर कै हेंड्रिक्स बो बार्टमैन | 21 | 21 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार कै डिकॉक बो यानसेन | 05 | 04 | 1 | 0 |
| तिलक कै मार्कराम बो एनगिडी | 62 | 34 | 2 | 5 |
| हार्दिक कै ब्रेविस बो सिपामला | 20 | 23 | 0 | 1 |
| जितेश कै बार्टमैन बो सिपामला | 27 | 17 | 2 | 2 |
| शिवम दुबे बो बार्टमैन | 01 | 02 | 0 | 0 |
| अर्शदीप कै मिलर बो बार्टमैन | 04 | 03 | 1 | 0 |
| वरुण कै मार्कराम बो बार्टमैन | 00 | 02 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 05, **कुल** : 10/162 (19.1 ओवर), **विकेट पतन** : 1-9, 2-19, 3-32, 4-67, 5-118, 6-157, 7-158, 8-162, 9-162, 10-162, **गेंदबाजी** : एनगिड़ी 3.1-0-26-2, मार्को यानसेन 4-0-25-2, लुथो सिपामला 4-0-46-2, डोनोवन फरेरा 1-0-14-0, बार्टमैन 4-0-24-4, जार्ज लिंडे 3-0-23-0.

## विश्व कप में सबसे अधिक गोल करने वाले दिलराज सिंह का सफर किसी मिसाल से कम नहीं

# हॉकी किट के लिए मां ने बेच दिये थे अपने गहने



एजेंसियां, चेन्नई

पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी का दामन थामने वाले दिलराज सिंह के दिल को तब ठेस पहुंची, जब उन्हें पता चला कि उन्हें गोलकीपिंग किट दिलाने के लिए उनकी मां को अपने गहने बेचने पड़े थे और तभी से उन्होंने ठान ली थी कि खेल के मैदान पर नाम कमाकर परिवार को अच्छे दिन दिखाना है. यहां जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा छह गोल करने वाले दिलराज अपने जन्मदिन पर मिली जीत के बाद भावुक हो गये और कहा कि जीत के बाद सबसे पहले मैंने मां (रूपिंदर कौर) से बात की और वह काफी भावुक हो गयी थीं. शुरुआती दिनों में गोलकीपर के तौर पर खेलने वाले पंजाब के इस खिलाड़ी ने बताया कि उनके पिता ठीक नहीं रहते थे और मां ने काफी कठिनाइयां झेल कर उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है.

### विश्व कप में मिला पदक रखता है बहुत मायने

पिछले साल जोहोर कप (तीन गोल) में कांस्य और जूनियर एशिया कप (सात गोल) में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे दिलराज ने कहा कि विश्व कप में मिला पदक इसलिए भी बहुत मायने रखता है, क्योंकि इससे भविष्य में उन्हें नौकरी मिलने का मौका बनेगा. उन्होंने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा कि मेरे लिए यह पदक बहुत अहम है, क्योंकि इससे मुझे नौकरी मिलने का मौका बन सकता है. इसके साथ ही सीनियर टीम में जाने के दरवाजे भी खुलेंगे. घर के हालात ऐसे ही हैं, लिहाजा नौकरी मिल जाने से अच्छा होगा. बीस साल के इस फारवर्ड ने बताया कि बचपन में उनकी शरारतों से परेशान होकर उन्हें हॉकी अकादमी में डाला गया, जिसे वह छोड़ कर भी आ गये थे.

## टी-20 विश्व कप-2026 : टिकटों की कीमत 100 रुपये से शुरू

**शुरू हुई बिक्री**

एजेंसियां,मुंबई

**टी-20** विश्व कप 2026 के टिकटों की बिक्री गुरुवार से शुरू हो गयी है, जिसमें कुछ जगहों के लिए पहले चरण में कीमत 100 रुपये या 1000 श्रीलंकाई रुपये जितनी कम रखी गयी है. भारत और श्रीलंका सात फरवरी से आठ मार्च तक मिल कर टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं.

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) ने अपने प्लेटफॉर्म पर टी-20 विश्व कप के 10वें चरण के टिकटों की बिक्री की घोषणा की, जिसमें 20 टीम का टूर्नामेंट आठ जगहों पर खेला जायेगा. भारत में विश्व कप के लिए अहमदाबाद, चेन्नई, नयी दिल्ली, मुंबई और कोलकाता मेजबान शहर होंगे, जबकि श्रीलंका में कोलंबो (दो जगह) और कैंडी दो स्थान होंगे. गत चैंपियन भारत टूर्नामेंट के पहले दिन तीन मैचों में से एक में अमेरिका से भिड़ेगा. आइसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने कहा कि टिकट बिक्री का पहला चरण अब तक के सबसे सुलभ और वैश्विक आइसीसी टूर्नामेंट को आयोजित करने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. यह लाखों लोगों को क्रिकेट के वैश्विक जश्न का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने के बारे में है.

## क्लबों की वाणिज्यिक प्रतिबंध संबंधी अनुच्छेद में संशोधन की मांग खारीज

**नयी दिल्ली.** इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) के 12 क्लबों ने गुरुवार को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) से आग्रह किया कि वह 20 दिसंबर को होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान अपने संविधान में मौजूद ''व्यावसायिक रूप से प्रतिबंधात्मक'' अनुच्छेदों में संशोधन करे.इस्ट बंगाल को छोड़कर सभी आइएसएल क्लबों ने कहा कि अगर एआइएफएफ जरूरी संशोधन करने या कोई व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य ढांचा उपलब्ध कराने में सक्षम नहीं है, तो लीग के दीर्घकालिक अधिकार क्लबों को सौंप दिये जाने चाहिए. हालांकि क्लब ने कोर्ट में मामला होने का हवाला देकर इस मांग को फिलहाल खारीज कर दिया है.

# वैभव सूर्यवंशी होंगे आकर्षण का केंद्र

**अंडर-19 एशिया कप आज से : यूएइ के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगा भारत**

एजेंसियां, दुबई

**भारत** के एशिया कप अंडर-19 अभियान की अगुवाई युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और आयुष म्हात्रे करेंगे, लेकिन सभी का ध्यान इस बात पर भी रहेगा कि क्या भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआइ) इन युवा खिलाड़ियों को अपने पाकिस्तानी समकक्षों से हाथ मिलाने की इजाजत देगा या नहीं. मुंबई और चेन्नई सुपरकिंग्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय अंडर-19 टीम शुक्रवार को यूएइ के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, तो वहीं रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाला मैच निश्चित रूप से जूनियर महाद्वीपीय चैंपियनशिप में सबसे अधिक सुर्खियां बटोरेगा, जिसे अगले



साल की शुरुआत में होने वाले विश्व कप के लिए ड्रेस रिहर्सल के तौर पर देखा जा रहा है. भारतीय खिलाड़ियों ने भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते सीनियर पुरुषों के एशिया कप, उसके बाद महिला वनडे विश्व कप और राइजिंग स्टार्स एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट में पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था. हालांकि जब अंडर-19 क्रिकेटर्स की बात आती है, तो माना जाता है कि आइसीसी भी चाहता है कि राजनीति को इससे दूर रखा जाये और खेल भावना के सामान्य नियमों का पालन किया जाये. मामले की जानकारी रखने वाले बीसीसीआइ के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि लड़कों को कुछ नहीं कहा गया है, लेकिन जाहिर है कि बीसीसीआइ ने अपने मैनेजर आनंद दातार को स्पष्ट निर्देश दिये हैं. अब अगर भारतीय लड़के पाकिस्तान टीम से हाथ नहीं मिलाते हैं, तो मैच रेफरी को पहले से सूचित करना होगा. उन्होंने कहा कि हमें पता है कि आइसीसी जूनियर क्रिकेट के मामले में राजनीति को आगे नहीं आने देना चाहता इसलिए यह खराब छवि और जनता की भावना दोनों का मामला है.

## कारोबार की खबरें

### फेड रिजर्व ने ब्याज दरों में की चौथाई अंक की कटौती

**वॉशिंगटन.** फेडरल रिजर्व ने अपनी प्रमुख ब्याज दर में लगातार तीसरी बार बुधवार को एक चौथाई अंक की कटौती की लेकिन संकेत दिया कि वह आने वाले महीनों में दरों को यथावत रख सकता है. इस कटौती के बाद ब्याज दर घटकर करीब 3.6 प्रतिशत हो गयी, जो पिछले लगभग तीन वर्ष में सबसे कम है.

### रुपया 38 पैसे टूट कर रिकॉर्ड निचले स्तर 90.32 पर पहुंचा

**मुंबई.** रुपया गुरुवार को 38 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 90.32 प्रति डॉलर पर बंद हुआ. भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच स्थानीय मुद्रा दबाव में रही. कारोबारियों ने कहा कि रुपये में गिरावट जारी रहने की आशंका है क्योंकि भारत एवं अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में देरी से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो रहा है.

## निवेश. म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम बढ़ कर ₹80.80 लाख करोड़ हुआ

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश नवंबर में 21% बढ़ कर ₹29,911 करोड़ पहुंचा

**नयी दिल्ली. म्यूचुअल** फंड में निवेश को लेकर लोगों का भरोसा बना हुआ है. यही वजह है कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेशकों ने नवंबर में भी जमकर निवेश किया है. इक्विटी म्यूचुअल फंड में नवंबर में निवेश मासिक आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 29,911 करोड़ रुपये दर्ज किया गया. उद्योग निकाय एम्फी ने गुरुवार को इस संबंध में आंकड़े जारी किये. निवेश में यह वृद्धि लगातार तीन महीनों की गिरावट के बाद आयी, जो निवेशकों के सकारात्मक दृष्टिकोण का संकेत देती है. एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) अक्तूबर के 79.87 लाख करोड़ रुपये से नवंबर में बढ़ कर 80.80 लाख करोड़ रुपये हो गयी. लार्जकैप फंड्स में निवेश अक्तूबर के 972 करोड़ रुपये से 69 प्रतिशत बढ़कर 1,640 करोड़ रुपये रहा है.

### फ्लेक्सी कैप फंड रहा सबसे पसंदीदा विकल्प

फ्लेक्सी-कैप फंड में सबसे अधिक 8,135 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया. हालांकि यह अक्तूबर के 8,929 करोड़ रुपये से नौ प्रतिशत कम था. सेक्टोरल व थीमेटिक फंड्स में 36.5% ज्यादा 1,864 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो कि पिछली बार 1,366 करोड़ था.

### डेट फंड्स से बढ़ी निकासी

डेट म्यूचुअल फंड में 25,692 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गयी, जबकि पिछले महीने इसमें 1.6 लाख करोड़ रुपये का भारी निवेश हुआ था. लिक्विड फंड्स से 14,050 करोड़ की निकासी दर्ज हुई, जो अक्तूबर में हुए भारी 89,375 करोड़ रुपये की निकासी की तुलना में काफी कम थी.

### चांदी ₹2,400 उछलकर ₹1.94 लाख के नये रिकॉर्ड स्तर पर

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में गुरुवार को चांदी की कीमत 2,400 रुपये बढ़कर 1,94,400 रुपये प्रति किलोग्राम के नयी ऊंचाई पर पहुंच गयी. वहीं स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90 रुपये बढ़कर 1,32,490 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया. रुपये में कमजोर रुख और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के साथ चांदी में तेजी आयी. अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को चांदी 11,500 रुपये बढ़कर 1,92,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर रही थी. इस वर्ष की शुरुआत से, चांदी 1,04,700 रुपये यानी 116.72 प्रतिशत चढ़ी है.

## माइक्रोसॉफ्ट ने कॉग्निजेंट, इंफोसिस टीसीएस और विप्रो से की साझेदारी

एजेंसियां, बेंगलुरु

**अमेरिकी** कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन व सीइओ सत्य नडेला ने गुरुवार को कहा कि कंपनी भारत के कृत्रिम मेधा (एआइ) परिवेश को लेकर प्रतिबद्ध है और बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश कर रही है. माइक्रोसॉफ्ट, 'क्लाउड' क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के साथ एआइ-संचालित भविष्य के लिए लाखों भारतीयों को कुशल बनाने पर



ध्यान केंद्रित कर रही है. माइक्रोसॉफ्ट ने चार प्रमुख आइटी कंपनियों कॉग्निजेंट, इंफोसिस, टीसीएस और विप्रो के साथ रणनीतिक साझेदारी की भी घोषणा की. ये कंपनियां 'एजेंटिक' एआई को अपनाने में तेजी लाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर काम करेंगी. 'माइक्रोसॉफ्ट' के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में नडेला ने कहा, हम भारत में निवेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं ताकि हम यहां सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का बुनियादी ढांचा ला सकें. उन्होंने कहा, हम 'एज्यूर' को विश्व के कंप्यूटर के रूप में विकसित कर रहे हैं और हमारे पास दुनिया भर में 70 से अधिक डेटा सेंटर क्षेत्र हैं. भारत में हमारी उपस्थिति लगातार बढ़ रही है.

### इटली की कंपनी प्राडा ने कोल्हापुरी सैंडल बनाने का समझौता किया

**नयी दिल्ली.** इटली के मशहूर लक्जरी फैशन ब्रांड प्राडा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुशल कारीगरों के साथ मिलकर कोल्हापुरी चप्पलों से प्रेरित सैंडल बनाने के लिए दो सरकारी संगठनों लिडकॉम और लिडकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं.

## जमीन घोटाला में विनय सिंह की पत्नी की तलाश बेटे से हुई पूछताछ

**रांची.** हजारीबाग जमीन घोटाला केस में एसीबी की नजर में फरार स्निग्धा सिंह की तलाश में एसीबी की टीम ने दिल्ली के बसंत बिहार में गुरुवार की सुबह चार बजे छापेमारी की. स्निग्धा सिंह नेक्सजेन के संचालक विनय सिंह की पत्नी है. छापेमारी भारत सरकार के एक संयुक्त सचिव (भारतीय डाक सेवा) के अधिकारी के आवास में भी हुई. स्निग्धा सिंह छापेमारी के दौरान वहां नहीं मिली. वह एसीबी की टीम के पहुंचने से पहले वहां से निकल चुकी थी. लेकिन घर में स्निग्धा सिंह के पुत्र सनत सिंह मिले. एसीबी की टीम ने उससे घंटों पूछताछ की.पूछताछ के दौरान सनत सिंह ने एसीबी के सामने कई चौंकानेवाले खुलासे किये हैं. उसने एसीबी को विनय चौबे और विनय सिंह की साठगांठ के अलावा बेनामी संपत्ति और मनी ट्रेल के संबंध में भी जानकारी दी है.

पूछताछ के दौरान स्निग्धा सिंह के ठिकाने, विनय चौबे, विनय सिंह और स्निग्धा सिंह के बारे में भी जानकारी मिली है. छापेमारी के दौरान कुछ डिजिटल उपकरण भी मिले हैं, जिसे एसीबी ने जांच के लिए जब्त कर लिया है. एसीबी के अधिकारियों के अनुसार, एसीबी की तकनीकी सेल स्निग्धा सिंह की गतिविधियों पर पिछले कई दिनों से निगरानी रख रही थी. ट्रैकिंग के क्रम में ही उनके दिल्ली स्थित ठिकाने की जानकारी मिली, जिसके आधार पर वहां छापेमारी की गयी.एसीबी के अधिकारियों के अनुसार, सनत सिंह को गिरफ्तार नहीं किया गया है. उसे पूछताछ के लिए रखा गया है. वह जांच और पूछताछ में सहयोग कर रहा है.

### मढ़ौरा, सासामुसा और मोतीपुर में नयी मिलों की प्लानिंग आगे बढ़ी

# 25 नयी चीनी मिलें लगाने की तैयारी, बियाडा भी देगी जमीन

**गन्ना उद्योग विभाग ने जमीन प्रबंधन पर तेज किया काम**

**संवाददाता, पटना**

**बिहार** को फिर से चीनी उत्पादन का बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में काम तेज हो गया है. राज्य सरकार 25 नयी चीनी मिलें खोलने की योजना पर तेज से आगे बढ़ रही है. इसके लिए सबसे जरूरी जमीन प्रबंधन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी है. गन्ना उद्योग विभाग बियाडा से जमीन लेने का प्रस्ताव तैयार कर रहा है. इसके साथ ही जहां-जहां कानूनी विवाद हैं, उन्हें सुलझाने की कोशिश भी चल रही है. इस पूरे विषय पर जल्द ही सरकार के स्तर पर एक बड़ी बैठक होने वाली है. मढ़ौरा चीनी मिल, जहां कभी मॉर्टन टॉफी और चॉकलेट बनती थी, वह बिहार की ऐतिहासिक मिल रही है. अब इसी जगह नयी चीनी मिल लगाने की तैयारी चल रही है. इसके साथ ही गोपालगंज के सासामुसा और मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में भी नयी मिल स्थापित करने की योजना पर काम हो रहा है.

**मॉर्टन टॉफी बनाने वाली मढ़ौरा मिल की जगह नयी यूनिट लगाने की योजना**

### पुरानी नहीं, पूरी तरह नयी मिलें

सरकार का फोकस यह है कि बंद पड़ी पुरानी मिलों को चलाने की बजाय वहां बिल्कुल नयी यूनिटें लगायी जाएं. चनपटिया, बाराचकिया और मढ़ौरा की पुरानी मिलों की जमीन बीआइसी (ब्रिटिश इंडिया कॉरपोरेशन) के अधीन है और कोर्ट केस में फंसी हुई है. गन्ना उद्योग विभाग इन कानूनी उलझनों को दूर करने के लिए कोर्ट में राहत लेने की तैयारी कर रहा है. विभाग लगभग 15 अन्य स्थानों पर भी नयी मिलें स्थापित करने की संभावनाएं देख रहा है. कुल मिलाकर 25 नयी चीनी मिलें खोलने का लक्ष्य है. जमीन उपलब्ध होते ही सरकार प्राइवेट निवेशकों को बुलाने की योजना बना रही है. निवेश बढ़ाने के लिए विशेष ऑफर देने पर भी विचार किया जा रहा है.



सासामुसा चीनी मिल का फाइल फोटो

### एनसीएलटी के जरिये ली जायेगी जमीन

जहां पुरानी चीनी मिलों की जमीन पर स्वामित्व को लेकर अड़चनें हैं, वहां जमीन हासिल करने के लिए एनसीएलटी (नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) की प्रक्रिया अपनायी जायेगी. एनसीएलटी में नीलामी के जरिये जमीन और संपत्ति अर्जित की जा सकती है. विभाग इस दिशा में तैयारी कर चुका है.

### 1904 में मढ़ौरा में खुली थी पहली आधुनिक चीनी मिल

बिहार की पहली आधुनिक चीनी मिल 1904 में सारण के मढ़ौरा में लगी थी. यह वैक्यूम-पैन प्रोसेस वाली देश की पहली चीनी मिल थी. बाद में यहीं पर मॉर्टन टॉफी की फैक्ट्री लगायी गयी.

### कभी देश का 40% चीनी का उत्पादन होता था बिहार में

एक समय बिहार देश की कुल चीनी उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा देता था. आज यह हिस्सा पांच प्रतिशत से भी कम रह गया है. स्वाधीनता तक बिहार में 33 चीनी मिलें थीं, लेकिन आज केवल 10 निजी चीनी मिलें चल रही हैं. बिहार सरकार ने 1977 से 1985 तक कुछ चीनी मिलों का स्वामित्व संभाला, लेकिन 1997-98 के आसपास एक-एक करके मिलें बंद होती गयीं. 1980-90 के दशक में राज्य का चीनी उद्योग लगातार गिरावट में चला गया.

## केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर में पर्यटकों की सुविधाओं का रखें ख्याल : सीएम

- सीएम ने केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**संवाददाता, पटना**

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने गुरुवार को पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया में निर्माणाधीन टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री ने यहां बन रहे ऑडिटोरियम, पर्यटकीय सुविधा आदि के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने कहा कि इस टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर का निर्माण कार्य जल्द-से-जल्द पूरा करें. केसरिया बौद्ध स्तूप को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं. सेंटर बनने से पर्यटकों को सहूलियत होगी और बौद्ध धर्म के विभिन्न आयामों तथा बिहार के गौरवशाली गाथा को वे जान सकेंगे. मुख्यमंत्री ने केसरिया बौद्ध स्तूप परिसर का भ्रमण कर वहां के पर्यटकीय सुविधाओं की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि हमलोगों ने केसरिया बौद्ध स्तूप को सुरक्षित रखने और विकसित करने के लिए अनेक काम कराये हैं. इस परिसर को सुरक्षित रखें, इसका रख-रखाव और विकास के लिए कार्य करें. साथ ही पर्यटकीय सुविधाओं का भी ख्याल रखने को कहा. कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार आदि मौजूद थे.



केसरिया स्तूप का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार.

### ग्रामीण महिलाओं के साथ किया संवाद

इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ग्राम ताजपुर स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निरीक्षण किया. उन्होंने वहां की चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली. साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के विभिन्न भागों की साफ-सफाई, मेडिकल सुविधा और दवा की उपलब्धता, नि:शुल्क टीकाकरण आदि के बारे में वहां के चिकित्सक से बातचीत की. मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद लाभुकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया. ग्रामीण महिलाओं, जीविका दीदी, रसोइया, आंगनबाड़ी सेविका, ममता कार्यकर्ता, विकास मित्र, तालिमी मरकज और टोला सेवकों से बातचीत की.

### टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में यह होगी सुविधा

- सेंटर में 5डी थियेटर बन रहा है, जहां 48 व्यक्तियों के बैठने की सुविधा होगी. यहां बौद्ध शिक्षाओं से संबंधित फ्रेम प्रदर्शित किये जायेंगे.
- बिहार पेवेलियन बनेगा, जहां बिहार के ऐतिहासिक विरासत से जुड़े फ्रेम प्रदर्शित किये जायेंगे. राज्य की सांस्कृतिक महत्ता को दर्शानेवाले शैक्षणिक डिस्प्ले बनेंगे.
- 90 से अधिक मूर्तियों को विशेष बॉक्सनुमा संरचनाओं में स्थापित होंगे. खुले क्षेत्रों में कलात्मक मूर्तियों को प्रदर्शित किया जायेगा.
- बिहार के विभिन्न ऐतिहासिक बौद्ध स्मारकों की आठ प्रतिकृतियां भी रखी जायेंगी. इन्हें परिसर के चारों कोनों में स्थापित किया जायेगा.

## ओडिशा विस्फोटक लूट के मामले में एनआइए ने 11 नक्सलियों के खिलाफ किया चार्जशीट

**वरीय संवाददाता, रांची**

नेशनल इंवेस्टीगेशन एजेंसी (एनआइए) ने 400 किलोग्राम विस्फोटक लूट के केस में चाईबासा इलाके के सक्रिय शीर्ष नक्सली कमांडर सहित 11 नक्सलियों के खिलाफ चार्जशीट किया है. चार्जशीट यूएपी एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में किया गया है. जिन नक्सलियों पर चार्जशीट किया गया है, उसमें जरजा मुंडा उर्फ कुलू मुंडा, अनमोल उर्फ सुशांत उर्फ लालचंद हेम्ब्रोम, रमेश उर्फ प्रीतम मांझी उर्फ अनल दा, पिंटू लोहरा उर्फ टाइगर, लालजीत उर्फ लालू, शिवा बोदरा उर्फ शिबू, अमित मुंडा उर्फ सुखलाल मुंडा, रवि उर्फ बीरेन सिंह, राजेश उर्फ मानसिद, सोहन उर्फ रंगा पूनेम और अप्टन उर्फ चंद्रमोहन हांसदा का नाम शामिल है. जानकारी के अनुसार कुछ माह पहले नक्सलियों ने ओड़िशा से राऊरकेला जिला में एक पत्थर खदान में ले जाये जा रहे लगभग 4000 किलोग्राम विस्फोट लूट लिया था.

## एटीएम को काटकर ₹16 लाख की चोरी

**प्रतिनिधि, छपरा**

**सोनपुर** थाना क्षेत्र के गोविंदचक के पास बुधवार की देर रात करीब दो बजे एसबीआइ की एटीएम को चोरों ने क्षतिग्रस्त कर 16 लाख कैश चुरा लिये. इस घटना के बाद गुरुवार की अहले सुबह एसबीआइ मुख्यालय ने तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. इसके बाद एसएसपी डॉ कुमार आशीष भी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी ली. जानकारी के अनुसार, एटीएम से चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गयी है. इस मामले में स्थानीय एसबीआइ ब्रांच की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. बताया जा रहा है कि इस घटना में दो से तीन चोर संलिप्त थे, जिन्होंने शातिर ढंग से इस घटना को अंजाम दिया है. घटना के बाद तकनीकी जांच के लिए फिंगरप्रिंट ब्यूरो तथा फोटो ब्यूरो की टीमों को बुलाया गया, जिसने कई साक्ष्य जुटाये हैं. साथ ही, डीआइयू टीम भी सीसीटीवी फुटेज व अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर सभी संभावित पहलुओं की जांच कर रही है. एसएसपी ने बताया कि इस अपराध में संलिप्त सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी.

## युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**धनबाद.** प्यार में धोखा मिलने के बाद एक युवक ने फंदे से झूल कर आत्महत्या का प्रयास किया. परिजनों ने उसे गंभीर हालत में एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया है. 22 वर्षीय कारू भंडारी नारायणपुर का रहने वाला है. उसके परिजनों के अनुसार कारू का स्थानीय युवती के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था. इस दौरान उसे पता चला कि उक्त युवती का किसी दूसरे युवक के साथ चक्कर भी चल रहा है. इसके बाद से ही वह तनाव में था. कुछ दिनों से परिजनों व दोस्तों से कम बातचीत कर रहा था. गुरुवार की दोपहर उसने घर में खाना खाया और अपने कमरे में चला गया. कुछ देर के बाद परिजन कमरे में गये, तो देखा कि कारू फंदे से लटक रहा है. परिजनों ने तत्काल उसे फंदे से उतारा और स्थानीय अस्पताल ले गये. वहां उसकी स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने एसएनएमएमसीएच रेफर कर दिया. कारू की हालत गंभीर बनी हुई है. एसआइसीयू में उसका इलाज चल रहा है.




20 YEARS CELEBRATORY OFFER | STARTS @ ₹1.12 L** | 0%^ PROCESSING FEE | CASHBACK ₹7 500# | EXCHANGE BONUS @ ₹4 000^

SCAN TO KNOW MORE

www.tvsmotor.com/tvs-apache | tvsapacheseries | TVS Apache

**Ex showroom price of Apache RTR 160 Black Edition. May vary depending upon variant & location | ^Finance at the sole discretion of the financier | #Instant cashback on EMI transactions

TVS CREDIT | L&T Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | TATA CAPITAL | SHRIRAM Finance | Muthoot Finance

**FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com Authorized Main Dealers: Kolkata:** Chowringee Road, Shree TVS: 919749266418, Branch: 917428006514 Vip Road, Shaw Wheels: 919749251867. Park Street, Seven Point Motors Pvt Ltd.: 919641853318, Universal TVS, Anwar Shah, Kolkata: 918860901869. Krishna Motors: Canning: 9821570493, Sarathi TVS, Diamond Harbour: 9932746205, 9932729205, Bengal TVS, Baruipur: 9831979111. Gajraj TVS, Kolkata (Sector V, Saltlake City): 8981941444. Maa Santoshi Motors Pvt Ltd.: 9147768210, 9147768213. Celica Autotech Pvt Ltd.: EM Bypass: 8336062073. **Basirhat:** New Am Auto Centre: 8637082229 **Howrah:** Baltikuri (T.N.TVS): 919641251867, Andul, Shubh TVS: 919832653318, Shaw Motors Pvt Ltd, Howrah: 9147368808, 9147368809. **Hooghly:** Bandel, Shaw TVS: 917679961251. Dankuni, A T TVS: 918391866418. Arambagh Drishti Powertech LLP: 917428006515 **North 24 Pgs:** Titagarh, Shaw TVS: 917679661251, Naihati Branch: 917428006521, 7428006521. Madhyamgram: Shaw Auto: 918927053318. **Berhampore:** Berhampore TVS: 8509554382, 9732036136, 9434315170. Raghunathganj: Raghunathganj Motors Pvt Ltd.: 9734306841 9434001813. **Krishnanagar:** The BI Wheelers: 918391066418. Ranaghat: Perfect Auto: 918860821646. Krishnanagar: Rahul Motors: Krishnanagar: 84363 60420 **Midnapore:** Ishwar TVS: 918170015734, 918170015733. **Kharagpur:** Om Automotive LLP: 918860780965. East Midnapur **Tamluk:** Tamralipta Ghosh Motors (India) LLP: 917679566418. Contai: Pioneermotors: 918509653318. Birbhum: Suri, Tripti TVS: 919749866418. **Malda:** Amritpath Suppliers Pvt Ltd. 919046240092, 9046240093. Cedar Commotrade Pvt Ltd, Malda: 7001993351, 6297090980. Cedar TVS, Balurghat: 7866944212, 9883091942 **Raigunj:** Raiganj Vishal Auto Private Limited: 919749253318. **Siliguri:** (Sevok Road) Maannapurna Automobiles LLP: 8145338564, 9832875577. Siliguri (Burdwan Road) Rs Automotives: 919732015960. Siliguri (Near Vega Circle Sevoke Road) Arisha Motors Private Limited: 917428006524 Denzong Automotive Sales & Service: 9800895706 **Alipurduar**: Modi TVS: 919832953318. Coochbihar: Maa Santhosh Automobiles Pvt Ltd.: 9907961209, 7063076690 **Asansol:** Ps Jivraj Automobiles LLP TVS: 917428006516 **Burdwan:** Brighttvs: 9832753318. Bright TVS, Memari: 9821570426 **Durgapur:** Jeet TVS: 919832353318 **Purulia:** Ashok TVS: 7063156461, 8918112767. **Bankura:** Bankura Wheels: 7797571200, 9641314785. **Bishnupur:** Triilachon Udyog Private Limited: 918448494608, Uma Auto Xpert LLP, Raniganj: 9800882037, 9800882039.

**वर्ष** : 26, **अंक** : 338 **रजिस्ट्रेशन** : WBHIN/2000/2711, **अखबार के स्वामी** न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि. के लिए **मुद्रक एवं प्रकाशक** आशुतोष चौबे द्वारा प्रकाशित तथा न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि.,अवकाश इंडस्ट्रीयल एस्टेट , जी एल न. 73, खतियान न. 1350, मौजा - शेरपुर, थाना - भागोड़, जिला - 24 परगना (दक्षिण), प. बं., पिन - 743502. से मुद्रित और न्यूट्रल पब्लिशिंग हाउस लि. हनुमान एस्टेट (द्वितीय तल), 19, आरएन मुखर्जी रोड, कोलकाता-700001 से प्रकाशित. **प्रधान संपादक** : आशुतोष चतुर्वेदी, **प्रबंध संपादक** : अंकित शुक्ला, **संपादक** : कौशल किशोर त्रिवेदी* **फोन** : 9264427612, 9264427613, **फैक्स** 033-22100178, **ई-मेल** : **kolkata@prabhatkhabar.in**, * पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी.